


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 235 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.1, 2079 बुधवार, 9 नवंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## फिर कोर्ट जाने की तैयारी में स्टालिन सरकार

चेन्नई, 8 नवंबर (एजेंसियां)। ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों ने भले ही सामान्य वर्ग के लिए आर्थिक आरक्षण को वैध करार दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया हो, लेकिन तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने इसका तीखा विरोध किया है। डीएमके सरकार ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका डालेंगे। इसके लिए वह अपने वकीलों से राय ले रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, इससे सदियों से चली आ रही सामाजिक न्याय की लड़ाई को धक्का लगा है।

# 'आतंकी हमले की फिराक में दाऊद'

## एनआईए का दावा : हवाला के जरिए भेजे 13 करोड़ रुपये

मुंबई, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने टेरर फंडिंग मामले को लेकर अपनी चार्जशीट में बड़ा खुलासा किया है। एनआईए ने बताया है कि दाऊद और उसके सहयोगी छोटा शकील एक बार फिर से भारत पर आतंकी हमले करवाने की फिराक में लगे हैं।



एनआईए के अनुसार दाऊद ने इसके लिए हवाला के जरिए पाकिस्तान से दुबई के रास्ते सूरत और फिर मुंबई 25 लाख रुपये भेजे हैं। ये रुपये आरिफ शेख और शब्बीर शेख को भेजे गए हैं। इस तरह से दोनों ने पिछले चार साल में हवाला के जरिए 12 से 13 करोड़ रुपये भेजे हैं। गवाह सूरत का एक हवाला ऑपरेटर है जिसकी पहचान सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखा गया है। बयान में कहा गया है कि जांच के दौरान यह पता चला है कि राशिद मरफानी उर्फ राशिद भाई दुबई में वांछित गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील के पैसे को भारत भेजने के लिए हवाला मनी ट्रांसफर का काम स्वीकार करता था। चार्जशीट में दाऊद, शकील, उसके साले सलीम फ्रूट, आरिफ शेख और शब्बीर शेख को नामजद किया गया है। अंतिम तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनआईए ने अपने आरोपपत्र में बताया कि कैसे 25 लाख रुपये पाकिस्तान से आतंकवादी गतिविधियों के लिए भारत भेजे गए। एनआईए ने दावा किया कि शब्बीर ने 5 लाख रुपये रखे थे और बाकी आरिफ को एक गवाह के सामने दिए थे। एनआईए ने कहा कि यह ध्यान रखना उचित है कि 9 मई, 2022 को उनके घर की तलाशी के दौरान शब्बीर से 5 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

**डी-कंपनी के निशाने पर कई शहर, दंगा कराने के लिए भेजे थे रुपये**

डी-कंपनी के खिलाफ दायर एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के निशाने पर देश के बड़े राजनेता और कई बड़ी हस्तियां भी उसके निशाने पर हैं। इतना ही नहीं दाऊद ने डी-कंपनी भारत के अलग-अलग शहरों में दंगा कराने के लिए मोटी रकम भी भेजी थी। इनमें भारत की राजधानी नई दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई सबसे टॉप लिस्ट में थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा शिक्षा कोई बिजनेस नहीं

**आंध्र प्रदेश में मेडिकल कॉलेज पर 5 लाख का जुर्माना**

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा लाभ कमाने का कोई व्यवसाय नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज की ट्यूशन फीस बढ़ाने वाले आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर रोक लगा दी।

कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने कहा कि इसे छह सप्ताह के भीतर जमा करने का आदेश सुनाया। कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पहले तय की गई फीस को बढ़ाकर सात गुना अधिक करना उचित नहीं है। दरअसल, आंध्र प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस बढ़ाकर 24 लाख रुपये महीने कर दी थी। >14

# पगड़ी पहन गुरुद्वारा पहुंचे राहुल

## बोले यात्रा नहीं रोक सकती कोई ताकत

नांदेड़ , 8 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने से पहले गुरुद्वारा पहुंचे। गुरु नानक जयंती पर वह नांदेड़ जिले के गुरुद्वारा यादगार बाबा जोरावर सिंह फतेज सिंह जी पहुंचे और प्रार्थना की। इस दौरान राहुल गांधी ने केसरिया पगड़ी भी पहनी। कांग्रेस पार्टी की ओर से ट्वीट किया गया कि गुरुद्वारे में राहुल गांधी ने सद्भाव व समानता के लिए प्रार्थना की।



बता दें, राहुल गांधी सोमवार को तेलंगाना से महाराष्ट्र पहुंचे थे। यहां पहुंचने के कुछ देर बाद ही वह गुरुद्वारा पहुंच गए। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत गुरुद्वारे से हुई। इसके बाद यह यात्रा बिलोली जिले के अटकली में रुकेगी। शाम चार बजे यात्रा फिर से शुरू होगी, जो सात बजे भोपाला में रुकेगी। वहीं यात्रा का रात्रि प्रवास बिलोली के गोदावरी मनार शुगर फैक्ट्री मैदान में होगा। बता दें, इससे पहले सोमवार को राहुल गांधी ने मशाल के साथ महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश किया था। उन्होंने कहा था कि अगले 15 दिनों के महाराष्ट्र प्रवास के दौरान वह राज्य के लोगों से मिलेंगे और उनके दर्द को सुनेंगे। उन्होंने कहा, कोई भी ताकत उनकी यात्रा को रोक नहीं सकती है।

## नवनीत राणा और उनके पिता को गैर-जमानती वारंट

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई कोर्ट ने लोकसभा सांसद नवनीत राणा और उनके पिता के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले में नया गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई की तारीख 28 नवंबर दी गई है। मामला सोमवार को जब सुनवाई के लिए आया तो पुलिस ने राणा और उनके पिता के खिलाफ वारंट के निष्पादन के लिए और समय मांगा।

हालांकि कोर्ट ने पुलिस के अनुरोध को खारिज कर दिया और उन्हें तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे पहले कोर्ट ने सितंबर में राणा और उनके पिता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिस पर अमल नहीं किया गया था।

## लालकृष्ण आडवाणी का 95वां जन्मदिन : मोदी ने घर जाकर बधाई दी, दोनों करीब 40 मिनट साथ रहे, केक काटा



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार 95 साल के हो गए। नरेंद्र मोदी ने उन्हें घर जाकर बधाई दी। पीएम करीब 40 मिनट उनके साथ रहे और केक काटा। मोदी के अलावा राजनाथ सिंह भी आडवाणी के घर पहुंचे। राजनाथ सिंह ने आडवाणी के साथ फोटो ट्वीट किया, मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की कामना करता हूं।

**आडवाणी का जन्म कराची में हुआ था :**

आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप-प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री रहे। वे भाजपा के फाउंडर मेंबर्स में शामिल हैं। 2015 में उन्हें पद्म विभूषण मिला था। आडवाणी के हर जन्मदिन पर पीएम मोदी उनके घर जाकर बधाई दी हैं। भाजपा के नेताओं के साथ मिलकर पीएम केक भी कटा हैं। पिछले जन्मदिन पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह सुबह अलग-अलग आडवाणी के घर पहुंचे थे। दोनों ने उनके साथ करीब आधा घंटा गुजारा था। इस दौरान पीएम ने पुराने दिनों के दो-तीन किस्से सुनाए। याद किया कि संगठन के विस्तार के लिए कैसे वो और आडवाणीजी मिलकर काम करते थे। प्रधानमंत्री की किस्सागोई के दौरान आडवाणी चुप थे।

## पी. चिदंबरम : गुजरात में दिल्ली से चलती है सरकार

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, मोरबी ब्रिज गिरने की घटना ने गुजरात के नाम को शर्मसार कर दिया है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि पुल हादसे के लिए सरकार की ओर से अभी तक किसी ने माफी तक नहीं मांगी है और न किसी ने इसकी जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दिया है। बता दें, कुछ दिन पहले हुए पुल हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। पी. चिदंबरम प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, गुजरात की सरकार वहां के मुख्यमंत्री के द्वारा नहीं चलाई जाती, बल्कि यह दिल्ली से संभाली जाती है।

# देशभर में अर्बन नक्सलियों की कमर तोड़ने का अभियान

## केंद्र ने सुरक्षा बलों को दिए निर्देश, रडार पर कई एनजीओ-सिविल राइट्स संस्थाएं

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। माओवादियों के शहरी नेटवर्क की कमर तोड़ने की तैयारी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों को माओवादी रणनीतिकारों और उनके समर्थकों के शहरी नेटवर्क की पहचान करने और उन पर नकेल कसने के लिए कहा है। सुरक्षा प्रतिष्ठानों के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि कुछ गैर सरकारी संगठन और नागरिक अधिकार संगठन भी रडार पर हैं, वे भी जांच के दायरे में आ सकते हैं।



केंद्रीय गृह मंत्रालय से जुड़े एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि नवीनतम खुफिया रिपोर्ट से पता चलता है कि कई शहरी माओवादी और उनके समर्थक विभिन्न शहरों में सक्रिय हैं और भूमिगत विद्रोहियों को समर्थन प्रदान कर रहे हैं।

रिपोर्ट में विभिन्न शहरों के कई शहरी माओवादियों की उपस्थिति पर प्रकाश डाला गया है जो अंडरग्राउंड नक्सलियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। हालिया रिपोर्ट को देखेत हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा बलों से ऐसे अर्बन नक्सल और उनके समर्थकों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करने को कहा है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने खुफिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे कुछ शहरों में माओवादियों के फ्रंट संगठन काम कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि इस तरह के फ्रंटल संगठन गैर सरकारी संगठनों और नागरिक अधिकार संगठनों की आड़ में काम करते हैं और माओवादियों को समर्थन प्रदान करते हैं। वे शिक्षित युवाओं को आंदोलन के समर्थकों के रूप में भर्ती करते हैं और विचारकों की भूमिका निभाते हैं। एक अन्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा, सुरक्षा एजेंसियों को राज्य पुलिस बलों की मदद से माओवादी रणनीतिकारों और समर्थकों के खिलाफ समन्वित अभियान शुरू करने के लिए कहा गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अक्टूबर को नक्सलवाद के सभी रूपों को जड़ से खत्म करने पर बल दिया था। वह राज्यों के गृह मंत्रियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा था, एक साथ आना और स्थिति को संभालना समय की मांग है।





E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership. | Maruti Suzuki vehicles are now available under CSD & CPC* | For bulk order, mail at: nishant.vijayvergia@maruti.co.in.

AUTHORISED DEALERS: TELANGANA STATE: VARUN: (NIZAMBAD) CALL: 8462236236, (KARIMNAGAR) CALL: 0878- 2950555. HYDERABAD: ADARSHA: (ATTAPUR) CALL: 8897973366, (KARMANGHAT) CALL: 8297576633. KALYANI MOTORS: (NACHARAM) CALL: 9100102157, (LB NAGAR) CALL: 9100102157. GEM MOTORS: (KONDAPUR) CALL: 9272506060. ACER: (TIRUMALGIRI) CALL: 9154073240. AUTOFIN: (BOWENPALLY) CALL: 040-67292222. JAYABHERI: (GACHIBOWLI) CALL: 8100823456. PAVAN: (SECUNDERABAD) CALL: 7093711199. VARUN: (BEGUMPET) CALL: 040-44607676, (BANJARA HILLS) CALL: 040-44887676, (KUKATPALLY) CALL: 040-44587676, (VANASTHALIPURAM) CALL: 040-24029979, (GACHIBOWLI) CALL: 040-49497676. RKS: (SOMAJIGUDA) CALL: 9848898488, (MALAKPET) CALL: 9848898488, (SECUNDERABAD) CALL: 9848898488, (KUSHAIGUDA) CALL: 9848898488. MITHRA: (HIMAYATHNAGAR) CALL: 040-27634444, (MEHDIPATNAM) CALL: 7799884949. SAI SERVICE: (ERRAGADDA) CALL: 7331168888, (MIYAPUR) CALL: 7331168888. E-OUTLETS: SAI SERVICE: (SANGAREDDY) CALL: 7331168888. ADARSHA: (SIDDIPET) CALL: 9581656633. VARUN: (MEDAK) CALL: 9703656111. AUTOFIN: (MEDCHAL) CALL: 8885040034. PAVAN: (IBRAHIMPATNAM) CALL: 7093711199.

**Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, and ISL/ Corporate offer (wherever applicable) on S-Presso (Petrol- all variants). **Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. #As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. (CMVR is an Acronym for Central Motor Vehicles rules, 1989). Mileage Mentioned is for VXI(O) AGS & VXI+(O) AGS. *For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. Creative Visualization. The black glass is the vehicle is due to the lightning effect. Images used are for illustration purposes only. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 30th November 2022.



## मुश्किल में पड़े उद्धव गुट के पूर्व मंत्री अनिल परब

### अब धोखाधड़ी का मामला दर्ज, जांच जारी

मुंबई, 8 नवंबर (एजेंसियां)। दापोली रिसॉर्ट धोखाधड़ी मामले में उद्धव गुट के नेता और राज्य के पूर्व मंत्री अनिल परब के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। दापोली पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने

## गुरु नानक जयंती पर दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरू नानक देव जी के जन्मदिवस पर मंगलवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके विचारों को अपनाकर हम समाज में शांति, समानता और समृद्धि ला सकते हैं. राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, ''गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर देश तथा विदेश में रह रहे सभी देशवासियों और विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं.''

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने 'एक ओंकार' के संदेश में कहा कि ईश्वर एक है और सर्वव्यापक है. राष्ट्रपति ने कहा,'' गुरूनानक देव जी ने हमें समाज में प्रेम, एकता और भाइचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी . '' उन्होंने कहा कि जपजी साहब में प्रेम, आस्था, सत्य, त्याग और नैतिक आचरण जैसे शाश्वत मूल्य विद्यमान हैं जिनसे हमें जीवन में सीख लेनी चाहिए .

उन्होंने कहा कि 'किरत करो, वंड छको' जैसे उपदेशों से उन्होंने (गुरूनानक देव जी) हमें ईमानदारी से जीने और मिल बांटकर सभी संसाधनों का उपभोग करने के लिये प्रेरित किया. राष्ट्रपति ने कहा, '' गुरू नानक देव जी ने यह भी संदेश दिया कि मनुष्य को विनम्र रहकर सेवाभाव से जीवन व्यतीत करना चाहिए और उनके विचारों को अपनाकर हम समाज में शांति, समानता और समृद्धि ला सकते हैं.''

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने 'एक ओंकार' के संदेश में कहा कि ईश्वर एक है और सर्वव्यापक है. राष्ट्रपति ने कहा,'' गुरूनानक देव जी ने हमें समाज में प्रेम, एकता और भाइचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी**

राष्ट्रपति ने देशवासियों से गुरूनानक देव जी की शिक्षाओं को अपनाकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने और समाज कल्याण की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया. साथ ही पीएम मोदी ने भी गुरु नानक देव की जयंती पर लोगों को बधाई दी. पीएम ने कहा, ''एक न्यायपूर्ण और करुणामय समाज के निर्माण के हमारे प्रयास में उनकी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहें.'' पीएम ने सिख गुरु की 553वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को आयोजित एक समारोह को संबोधित किया था. उन्होंने कहा था कि गुरु के विचारों से प्रेरित होकर देश 130 करोड़ भारतीयों के कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है.

## गुजरात चुनाव के बाद बदल सकती है बोम्मई की कैबिनेट, सीएम ने खुद दिए संकेत



बेंगलुरू, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर है। जानकारी के मुताबिक, गुजरात चुनाव के बाद कर्नाटक की कैबिनेट में बदलाव हो सकता है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस बात के संकेत भी दिए हैं। बोम्मई ने कहा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इन दिनों हिमाचल व गुजरात चुनाव में व्यस्त है। ऐसे में जैसे ही ये चुनाव खत्म होंगे, कैबिनेट विस्तार पर चर्चा को लेकर मुझे बुलाया जाएगा। इससे पहले बोम्मई ने कहा था कि 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वह दिल्ली की यात्रा करेंगे और कैबिनेट विस्तार को लेकर शीर्ष नेतृत्व पर चर्चा करेंगे। बता दें, राज्य में अगले साल होने वाले चुनाव से पहले नए चेहरों के लिए जगह बनाने के लिए बोम्मई पर मंत्रिमंडल में फेरबदल का दबाव है। इस बीच पार्टी के नेताओं में चर्चा है कि शीर्ष नेतृत्व कर्नाटक में भी गुजरात जैसा प्रयोग कर पूरी कैबिनेट को ही बदल सकता है, वहीं कुछ नेताओं का कहना है कि चुनाव सिर पर हैं, ऐसे में शीर्ष नेतृत्व इतना बड़ा फेरबदल नहीं करेगा।

## राहुल गांधी को पत्र लिखेंगे नरोत्तम मिश्रा

### एमपी के गृहमंत्री बोले- वे स्पष्ट करें किस हिन्दुत्व के साथ



भोपाल, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर मप्र के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने एक बार फिर तंज कसा है। भोपाल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए गृहमंत्री ने कहा- मेरी समझ में नहीं आ रहा, राहुल जी कैसा भारत जोड़ने निकले हैं, जिस तरीके के बयानबाजी आ रही है। 2019 में बयानबाजी शुरू की थी, राजस्थान की रैली में हिन्दू और हिन्दुत्व को परिभाषित किया था। उसके बाद उनके पाटिल जी को गीता में जिहाद दिखाई दिया। सलमान खुर्शीद ने आतंकी संगठन से इनकी तुलना कर दी, जिस तरीके से हिन्दू शब्द से इनको चिढ़ है। कर्नाटक के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि हिन्दुत्व शब्द गंदा है, इसके लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस तरीके से सनातन पर उंगली उठाई थी, उसकी सीरीज यहां कर्नाटक के नाटक तक पहुंची है। इसके लिए मैं खुद राहुल गांधी को पत्र लिखूंगा। वे स्पष्ट करें कि कांग्रेस किस हिन्दुत्व की तरफ है। जब चुनाव आता है तो वे टीका लगा लेते हैं, हिन्दू बन जाते हैं।

## असम में नाबालिग से छेड़छाड़, सात युवक गिरफ्तार

हैलाकांडी, 8 नवंबर (एजेंसियां)। असम के हैलाकांडी में एक स्कूल की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में सात युवकों को गिरफ्तार किया है। हैलाकांडी के लाला पुलिस थाने में स्कूल के प्रधान अध्यापक ने इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी ए. बसुमतारी ने बताया कि आरोपी युवकों के खिलाफ पोक्सो के तहत केस दायर किया गया है।

# सुप्रिया सुले पर टिप्पणी का मामला

## आदित्य ठाकरे बोले- फडणवीस इसकी जिम्मेदारी लें महिला आयोग सख्त कार्रवाई करे



मुंबई, 8 नवंबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता सुप्रिया सुले के खिलाफ कथित टिप्पणियों को लेकर शिवसेना नेता (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को एक बार फिर से कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जिम्मेदारी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेनी चाहिए। इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग इस मामले में कार्रवाई करे। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार के मंत्री अब्दुल सत्तार ने सुप्रिया सुले के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी जिसके बाद बवाल मच गया।

**अब्दुल सत्तार ने कई बार अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया: आदित्य ठाकरे**

आदित्य ठाकरे ने कहा अगर कोई व्यक्ति किसी महिला के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है और वह माफी मांगता है, तो इसे 'शिष्टाचार' कहा जाता है। लेकिन मंत्री (अब्दुल सत्तार) ने कई बार इस भाषा का इस्तेमाल किया है। उपमुख्यमंत्री फडणवीस को बयान की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथ ही सत्तार को उनके पद से हटा देना चाहिए।

**सत्तार के आवास पर किए गए पथराव, सुले समर्थकों को हिरासत में लिया गया**

विवादित टिप्पणी के बाद बड़ी संख्या में सुप्रिया सुले के समर्थकों और एनसीपी कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने मंत्री अब्दुल सत्तार के घर के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने कहा कि औरंगाबाद शहर और मुंबई में सत्तार के आवासों पर पथराव किया गया, जबकि उनके गृह नगर सिल्लोड, पुणे, ठाणे, औरंगाबाद, जालना, नागपुर और पंढरपुर में उनके खिलाफ प्रदर्शन किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दोपहर में राकांपा के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण मुंबई में सत्तार के आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

**सत्तार ने रैली में मांगी माफी**

आलोचना का सामना कर रहे सत्तार ने रात में सिल्लोड में एक रैली में कहा कि उन्होंने अपने द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द के लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने राकांपा प्रमुख शरद पवार की बेटी सुले के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली 'बालासाहेबची शिवसेना' से ताल्लुक रखने वाले सत्तार ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की।

## दिल्ली में सिर तन से जुदा की धमकी

### कल रात से गायब सेवानिवृत्त जवान, पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मामला

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में सेना से सेवानिवृत्त जवान के परिवार वालों के मोबाइल पर सिर तन से जुदा करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त जवान सोमवार से अपने घर से लापता है। धमकी में लिखा है कि अजमेर टू पाकिस्तान। धमकी देने वाले ने खुद को पीएफआई से जुड़ा बताया है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# शराब पियो, गुटखा खाओ

## जल संरक्षण पर बीजेपी सांसद का अजीब सुझाव



रीवा, 8 नवंबर (एजेंसियां)। रीवा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद (सांसद) जनार्दन मिश्रा ने रीवा में जल संरक्षण को लेकर अजीबोगरीब बयान दिया है. जल संरक्षण पर वर्कशॉप के दौरान जनार्दन मिश्रा ने कहा, भूमि सूख रही है, इसे बचाना होगा, या तो गुटखा खाओ, शराब का सेवन करो, थिनर सूंघो, सुल्सन (एक प्रकार का चिपकने वाला), या आयोडेक्स खाओ, लेकिन पानी के महत्व को समझो.

इस वर्कशॉप का आयोजन रविवार को जिले के रीवा के कृष्णराज कपूर सभागार में किया गया. अब इसी वर्कशॉप एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो गया है. वायरल वीडियो के मुताबिक उन्होंने आगे कहा, 'अगर कोई सरकार वाटर टैक्स माफ करने की घोषणा करती है तो उन्हें बताएं कि हम वाटर टैक्स देंगे और आप बिजली बिल समेत बाकी टैक्स माफ कर सकते हैं.आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब मिश्रा सुर्खियों में आए हैं, इससे पहले भी वो अपने अजीबोगरीब बयानों की वजह से सुर्खियां बटोर चुके हैं. हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह अपने नंगे हाथों से शौचालय की सफाई करते नजर आ रहे थे.

## कुपवाड़ा में बस पलटी, 20 से ज्यादा लोग घायल, अस्पताल ले जाया गया

कुपवाड़ा, 8 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा में मंगलवार को एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बताया जा रहा है कि कुपवाड़ा जिले के



हंदवाड़ा में एक बस हादसे का शिकार हो गई है। इसमें 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है।

# पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे

## रेलगाड़ियों की आवाजाही पर पड़ा असर, यात्री परेशान



मालगाड़ी के पटरी से उतरने पर रेलवे अधिकारी और आरपीएफ मौके पर पहुंच गया।



झांसी, 8 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झांसी में रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। मंगलवार सुबह डिब्बों के उतरने के बाद इस रेल लाइन की सेवाओं पर असर पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि वह रेल यातायात को जल्द से जल्द सुचारू रूप से बहाल करने पर जोर दे रहे हैं। झांसी में ये घटना मंगलवार की सुबह 5:42 बजे हुई। एक मालगाड़ी के 4 डिब्बे पटरी से उतर गए इससे कई सवारी गाड़ियों का आवागमन प्रभावित हो गया। डिब्बों को वापस पटरी पर लाने का काम किया जा रहा है। अभी रेल यातायात प्रभावित बना हुआ है। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जमा है। रेल प्रशासन द्वारा डिब्बों को वापस पटरी पर लाने का काम तेजी से किया जा रहा है। रेल अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

## पुंछः दूर-दराज गांव लोरन सिब में आग लगने से तीन मंजिला घर जला

पुंछ, 8 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला पुंछ की तहसील मंडी में मंगलवार को एक आग लगने की घटना सामने आई है। मंडी तहसील के दूर-दराज गांव लोरन सिब में तीन मंजिला घर आग की चपेट में आ गया। इस घर जलकर राख में बदल गया। जानकारी के अनुसार, बशीर अहमद डार पुत्र रहमान डारके टीन और लकड़ी से बने एक तीन मंजिला घर में अचानक आग लग गई। क्षेत्र के लोगों ने कड़े प्रयासों से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी ज्यादा फैल चुकी थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना में किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

## उमा भारती ने उठाई प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन की मांग

# ईडब्ल्यूएस को मिले 10 फीसदी आरक्षण का किया स्वागत



भोपाल, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण के पक्ष में हुए निर्णय के बाद टिप्पणी दी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। इसके अलावा उमा भारती ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही आरक्षण की व्यवस्था निजी क्षेत्र में भी लागू करने की मांग की है।

दरअसल उमा भारती ने ट्वीट पर लिखा कि यह फैसला अभिनंदनीय है। सब गरीबों की एक ही जात है कि वह गरीब है। यह आरक्षण राष्ट्र में एकात्मता लाएगा। उन्होंने लिखा कि मेरी अपील है कि दुनिया के सभी अभावग्रस्त लोग एक बेहतर जिंदगी के लिए एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ें।

उन्होंने ओबीसी आरक्षण से जुड़ी याचिका अदालतों में लंबित होने पर लिखा कि मध्य प्रदेश में हम सशक्त तरीके से पक्ष रखें तो जीत हमारी होगी। आरक्षण की इस प्रणाली को प्राइवेट सेक्टर में भी लागू कर देना चाहिए।

जानकारी के अनुसार ईडब्ल्यूएस आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दी हैं। बताया जा रहा है कि सुनवाई के दौरान 5 में से 3 जज आरक्षण के पक्ष में थे। ये फैसला आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए लिया है, जिसमें शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का आरक्षण मिलता है।

वहीं मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 फीसदी किए जाने पर सरकार के फैसले पर अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने रोक लगा रखी है। और इसी के चलते पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भी कई अवरोध आए और आखिरी में 14 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही चुनाव कराने पड़े।

## कर्नाटक में पूर्व खुफिया अधिकारी को कथित रूप से कुचलकर मार डालने के मामले में दो गिरफ़्तार

मैसूर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में पूर्व खुफिया अधिकारी को कथित रूप से कुचलकर मार डालने के मामले में दो लोगों को गिरफ़्तार किया गया है.

दरअसल मैसूर में इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व ऑफिसर की शुक्रवार को कार से धक्का लगने के कारण मौत हो गई. पुलिस की मानें तो ये घटना सड़क हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या है.

# फिल्म हर हर महादेव को लेकर हंगामा

## एनसीपी नेता ने चलता शो करवाया बंद, दर्शक की हुई पिटाई



ठाणे, 8 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे और ठाणे में इतिहास से छेड़छाड़ के आरोप में सोमवार को मराठी फिल्म 'हर हर महादेव' के खिलाफ प्रदर्शन हुए, जिसके बाद फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया गया. पुणे शहर में, मराठा संगठन के सदस्यों ने फिल्म के शो में व्यवधान पैदा किया जबकि ठाणे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता व पूर्व मंत्री जितेंद्र अव्हाड के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक सिनेमाघर में फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दी.

सिनेमा बंद करवाते समय एक दर्शक ने अपनी टिकट के पैसे मांगे तो एनसीपी कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई की. दर्शक की पिटाई के बाद ठाणे के वर्तक नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने राष्ट्रवादी के तकरीबन 100 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मामले में जितेंद्र आव्हाड को भी आरोपी बनाया गया है.खास बात है कि जितेंद्र आव्हाड के जाने के बाद ठाणे के एमएनएस नेता अविनाश जाधव ने जाकर शो फिर से शुरू करवाया और फिल्म देखी. हर-हर महादेव फिल्म के लेकर अब ठाणे में एनसीपी और एमएनएस के बीच राजनीति शुरू हो गई है.

एक दिन पहले, पूर्व राज्यसभा सदस्य और कोल्हापुर शाही परिवार के वंशज संभाजी छत्रपति ने चेतावनी दी थी कि यदि महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित किसी भी आगामी फिल्म में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है,

## 74 साल के हैवान ने बच्ची का किया था यौन शोषण, 6 साल की जेल

पलक्कड़, 8 नवंबर (एजेंसियां)। केरल की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में 6 साल की सजा सुनाई है. घटना में पलक्कड़ जिले के पोत्तास्सेरी गांव में एक नाबालिग दलित लड़की का उसके आवास पर यौन उत्पीड़न किया गया था. आरोपी 74 वर्षीय एक व्यक्ति था. अब इस फैसले के बाद वह छह साल की जेल की सजा काटेगा. वहीं इस मामले में विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) निशा विजयकुमार ने बताया कि पट्टांबी त्वरित अदालत के न्यायाधीश सतीश कुमार ने दोषी पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है. इसके साथ ही कोर्ट ने यह राशि पीड़िता को दिए जाने का निर्देश भी दिया. अभियोजक ने बताया कि यह मामला 2019 का है.

व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को बहाने से अपने घर बुलाकर उसका यौन उत्पीड़न किया. वहीं पिछले महीने अक्टूबर में एक 48 साल के शख्स को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न का दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 20 साल की सजा सुनाई थी. यह मामला भी पलक्कड़ जिले का था. यह घटना साल 2020 की थी. आरोपी ने अपने घर पर नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न किया था.

# पीएम मोदी ओपीएस पर बोलें तो देंगे वोट

## पेंशन के मुद्दे से हिमाचल में बैकफुट पर भाजपा; कांग्रेस को उम्मीद



शिमला, 8 नवंबर (एजेंसियां)। धर्मशाला पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अब तक कमजोर मानी जा रही थी, लेकिन पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) के दांव ने उसे मुकाबले में खड़ा कर दिया है। 12 नवंबर को मतदान होना है और उससे पहले ओपीएस के मुद्दे पर गली-गली में चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि हिमाचल चुनाव में पुरानी पेंशन स्कीम का मुद्दा निर्णायक हो सकता है। एक रिटायर्ड कर्मचारी ने नई पेंशन स्कीम को गलत बताते हुए कहा, 'मैं रिटायर हूं और पुरानी पेंशन स्कीम के तहत हर महीने रकम मिलती है। लेकिन नई पीढ़ी की सुरक्षा भी जरूरी है। इसलिए पुरानी पेंशन स्कीम एक मुद्दा है।' वह कहते हैं कि हमने बीते चुनाव में भाजपा को ही वोट किया था। इस बार हम चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी इस मसले पर कुछ वादा करें। तभी मतदान पर फैसला होगा। हम उनके इंतजार में हैं। शिमला के वरिष्ठ पत्रकार सुनील शुक्ला कहते हैं, 'एनपीएस के कर्मचारी चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं। उनकी संख्या करीब सवा लाख है। यदि उनके परिवारों को भी जोड़ लिया जाए तो हर विधानसभा में उनके लगभग 3,000 वोट हैं।' ऐसे में नई पेंशन स्कीम वाले कर्मचारी यदि कांग्रेस की ओर से झुकते हैं तो फिर वह मुकाबले में आ सकती है।

**नए वोटर्स के जरिए ओपीएस की काट कर पाएगी भाजपा?**

हालांकि वह नए मतदाताओं के बीच भाजपा की मजबूत पैठ मानते हैं। वहते हैं कि नए मतदाता भाजपा की ओर जा सकते हैं। युवाओं में मोदी का क्रेज दिख रहा है। इनकी संख्या 3 लाख के करीब है और यह देखने वाली बात होगी कि युवाओं के भरोसे भाजपा कैसे ओपीएस की काट कर पाएगी। धर्मशाला में रहने वाले एक सरकारी कर्मचारी ने कहा, 'हम नई पेंशन स्कीम के तहत आते हैं। परिवार की सुरक्षा के लिए पुरानी स्कीम बेहतर थी। जो भी पार्टी हमें पुरानी स्कीम लागू करने का वादा करेगी। हम उसके लिए वोट डालने पर विचार करेंगे।' पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का वादा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किया है। इसके अलावा राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे अपनी सत्ता वाले राज्यों में कांग्रेस ने ओपीएस स्कीम को लागू भी किया है। ऐसे में वह लगातार दोहरा रही है कि हम सत्ता में आते ही राज्य में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू कर देंगे। अब इसे लेकर भाजपा पर दबाव है कि वह भी बड़ा वादा करे। सीएम जयराम ठाकुर ने कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने की बात कही है, लेकिन पुरानी स्कीम लागू करने का स्पष्ट ऐलान अब तक नहीं किया गया है।

## शराब के नशे में कार से स्टंट, 3 लोगों को कुचला; एक की मौत

गुरुग्राम, 8 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम में एक कार ने तीन लोगों को कुचल दिया। इसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दो लोग जख्मी हो गए। इनकी हालत गंभीर है। यह वारदात सीसीटीवी में कैद होने से मामले का खुलासा हुआ। घटना रविवार देर रात 2 बजे की है। गुरुग्राम के हाईप्रोफाइल इलाके उद्योग विहार में एक वाइन शॉप के सामने 2 आर्टिगा गाड़ी में 8 लोग पहुंचे। सभी ने शराब पी हुई थी। आरोपियों ने पहले वहां पर खड़े कुछ लोगों के साथ झगड़ा किया और फिर सड़क पर स्टंटबाजी शुरू कर दी और तीन लोगों को कुचल दिया।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

बुधवार, 9 नवंबर, 2022 3

सुविचार: भीख माँगने में हाँडी तो भर जाती है, लेकिन मनुष्य का गौरव घट जाता है।

## गुरुबाणी कीर्तन के साथ 553वें प्रकाश उत्सव आयोजित



हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रसिद्ध रागी जत्थों (प्रचारकों) द्वारा गुरुबनी कीर्तन और उपदेशों का पाठ, सिख धर्म के पहले गुरु और संस्थापक, श्री गुरु नानक देवजी के 553वें प्रकाश उत्सव (जन्मदिन समारोह) आयोजित किया गया। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण प्रबंधक समितियों, गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद के तत्वावधान में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था, जहां 25,000 से अधिक सिख भक्तों और अन्य सामुदायिक आस्थाओं ने प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली में विशाल दीवान में भाग लिया।


प्रबंधक समिति, जीएसएस, अध्यक्ष एस. बलदेव सिंह बग्गा, जीएसजीएसएस अध्यक्ष, एस कुलदीप सिंह महासचिव, एस जगमोहन सिंह, सचिव, एस हरप्रीत सिंह गुलाटी (जीएसएस) और अन्य ने कहा कि सामूहिक सभा आज सुबह 11 बजे शुरू हुई और जारी रही।

शाम 4 बजे तक और गुरुबनी कीर्तन और कथा के पाठ द्वारा चिह्नित किया गया।

प्रसिद्ध प्रचारक और रागी जत्थे, भाई सतनाम सिंह सिंहजी (श्री दरबार साहिब, स्वर्ण मंदिर अमृतसर), पटना, बिहार के भाई सरबजीत सिंहजी, हजूरी रागी जत्थे, भाई हरि सिंहजी, भाई चरणजीत सिंहजी, भाई जगदेव सिंहजी और अन्य को विशेष रूप से विभिन्न देशों से आमंत्रित किया गया था।

## चंद्रग्रहण का प्रभाव : अपने आप खड़ी हो गई मूसल





निर्मल, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भले ही कोई माने या न माने, लेकिन मंगलवार को चेन्नूर शहर की कुम्मारी बोगुडा कॉलोनी में गुरुत्व को धता बताते हुए चंद्र ग्रहण के प्रभाव से चट्टानी गारे में एक मूसल अपने आप खड़ी हो गई। इसी बीच मंचेरियल कस्बे के रेड्डी कॉलोनी में पानी से भरे बर्तन में मूसल खड़ा हो गया। दोनों घटनाएं शहर में चर्चा का विषय बनीं। ऐसा माना जाता है कि पूरे ग्रहण के दौरान मूसल बरकरार रहता है और ग्रहण के बाद गिर जाता है। चंद्र ग्रहण के प्रभाव का आकलन करने के लिए लोग मूसल को मोर्टार या पानी से भरे बर्तन में खड़ा करने की कोशिश करते हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि पेस्टल को एक सपाट मंच पर खड़ा किया जा सकता है और इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ग्रहण के बाद छड़ी गिर जाएगी।

## रायफल से अचानक गोली चलने से कांस्टेबल की मौत

### रजनी कुमार की एसआई बनने की थी ख्वाहिश

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद जिले में एक चौंकाने वाली घटना में, तेलंगाना पुलिस का एक कांस्टेबल रायफल से अचानक गोली चलने से गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसे जल्द ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह आसिफाबाद जिले के कौटाला थाने की है। जानकारी के अनुसार कॉन्स्टेबल की पहचान सुरा रजनी कुमार के रूप में हुई है। वह मनचेरियल जिले के बटवानपल्ली गांव का रहने वाला था और घटना के वक्त कौटाला थाने में संतरी ड्यूटी पर था। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि उसने खुद को गोली मार ली या गलती से मिसफायर हो गया। गोली की आवाज सुनकर थाने के पुलिसकर्मी दौड़े और रजनी कुमार को खून से लथपथ पाया। उन्होंने तुरंत उसे कागजनगर के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया



और बाद में उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे करीमनगर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

उधर, कॉन्स्टेबल सुरा रजनी कुमार, जिनकी बंदूक की गोली से गोली लगने से मौत हो गई, को पुलिस सब-इंस्पेक्टर बनने की ख्वाहिश थी, उन्होंने प्रारंभिक परीक्षा भी पास कर ली थी, जिसके परिणाम पिछले महीने घोषित किए गए थे। टीएसएसपी 13वीं बटालियन के कमांडेंट एम. रामकृष्ण ने बताया कि रजनी कुमार जल्द ही होने वाली शारीरिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में बैठने की तैयारी कर रहे थे। वह आसानी से चयनित हो जाता क्योंकि वह एक ईमानदार और दृढ़निश्चयी सिपाही था। वह साथी पुलिसकर्मियों के साथ खुशमिजाज और मिलनसार हुआ करते थे। घटना की जानकारी होने पर रामकृष्ण करीमनगर के एक निजी अस्पताल में पहुंचे जहां इलाज के दौरान रजनी कुमार ने अंतिम सांस ली। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से आरक्षक के माता-पिता को सभी लाभ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रजनी कुमार के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीच, माता-पिता सुरा कोमुरैया और लक्ष्मी ने कहा कि उनके इकलौते बेटे की मौत के बाद उनके सपने चकनाचूर हो गए।

## नाबालिग लड़की से तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मीरपेट में एक नाबालिग लड़की से तीन युवकों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे एक अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ बलात्कार किया। मीरपेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भरोसा केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस मौके से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

## नशे में धुत लोगों ने सड़क पर किया हंगामा

विजयवाड़ा, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शराब के नशे में कुछ लोगों ने सत्तेनापल्ली रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया और सड़क पर लोगों को परेशान किया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने शराब के नशे में पलनाडु जिले के सत्तेनप्पली रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति का जन्मदिन मनाया। बाद में उन्होंने वाहनों को रोका और गाली-गलौज की। कुछ लोगों ने घटना को रिकॉर्ड कर पुलिस को सूचना दी। अब ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग शराब के नशे में उपद्रव कर रहे हैं और पुलिस से उनके खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं।

## उच्चन्यायालय ने ओएमसी मामले में आईएएस श्रीलक्ष्मी को दी क्लीन चिट



विजयवाड़ा, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ओबुलापुरम खनन मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी को क्लीन चिट दे दी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदालत ने उन्हें ओबुलापुरम खनन अनियमितताओं के मामले से बरी करने का आदेश दिया था। यह ज्ञात है कि सीबीआई ने उन पर ओबुलापुरम खनन कंपनी से रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए मामले दर्ज किए थे। कोर्ट ने आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी द्वारा दायर रद्द याचिका पर सुनवाई की और फैसला सुनाया। उन पर 80 लाख रुपये की रिश्वत लेने और गाली जनार्दन रेड्डी की ओबुलापुरम खनन कंपनी को अनुमति देने का आरोप लगाया गया है, जब वह आंध्र प्रदेश में खनन प्रमुख सचिव के रूप में काम कर रही थीं। वह एक साल जेल में भी रही और जमानत पर रिहा हो गई।

## येलंदू नगर परिषद उपाध्यक्ष के आवास पर बदमाशों का हमला

कोठागुडेम, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। येलंदू नगर परिषद के उपाध्यक्ष जानी पाशा के आवास पर बदमाशों ने पथराव कर दिया है। मंगलवार की तड़के हुए हमले में हमलावरों ने उनके घर के सामने स्ट्रीट लाइट बंद कर दी, पथराव किया और घर की खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उन्होंने घर के सामने के गेट को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पाशा की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने इलाके का मुआयना किया।

उन्हें सम्मय्या, राजू और रामलाल व्यक्तियों की भूमिका पर संदेह है, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि वे जहां भी जा रहे थे, वहां रेकी कर रहे थे। उपाध्यक्ष ने दावा किया कि उन्हें अपने शुभचिंतकों के माध्यम से पता चला कि उन्हें उपरोक्त व्यक्तियों से अपने जीवन के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि वह राज्य का आंदोलन शुरू होने के बाद से एक तेलंगाना कार्यकर्ता रहे हैं और 130 पुलिस मामलों में शामिल थे।

## हार्वेस्टर से कुचलकर महिला किसान की मौत

नलगोंडा, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कट्टंगूर मंडल के ईदुलुर गांव में मंगलवार सुबह हार्वेस्टर वाहन की चपेट में आने से एक महिला किसान की मौके पर ही मौत हो गयी। पीड़ित की पहचान ईदुलुर गांव के वेलुगु रेवती (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब गांव में उसके खेत में हार्वेस्टर वाहन से धान की फसल की कटाई की जा रही थी। हार्वेस्टर वाहन के पहियों के नीचे कुचल कर उसकी मौत हो गई, जब ड्राइव ने रेवती को देखे बिना वाहन को उलट दिया, जो धान काटकर उसका पीछा कर रही थी। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए नकरेकल के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। कट्टंगूर पुलिस ने घटना पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दमरे महाप्रबंधक ने रामगुंडम सेक्शन का निरीक्षण किया





हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने मंगलवार को सिकंदराबाद मंडल के सिकंदराबाद-रामगुंडम सेक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक ए. के गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अरुण कुमार जैन ने सिकंदराबाद से रामगुंडम खंड तक निरीक्षण शुरू किया और ट्रैक के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने ट्रैक की गति क्षमता और गति प्रतिबंधों की समीक्षा की। बाद में, महाप्रबंधक ने रामागुंडम रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने उपलब्ध यात्री सुविधाओं की समीक्षा की और अधिकारियों के साथ आगे के विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने स्टेशन मास्टर कार्यालय में ट्रेन संचालन की जांच की और रामागुंडम रेलवे स्टेशन पर बाजरा और प्रसंस्कृत भोजन की बिक्री के लिए स्थापित एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया का भी दौरा किया और स्टेशन पर स्टाफ सदस्यों के साथ बातचीत की। इसके अलावा, महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) कार्यालय का दौरा किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में, महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों के साथ माल यातायात को मजबूत करने के लिए आगे की विकास योजनाओं पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी), रामागुंडम और अन्य साइडिंग में रेलवे लाइन कार्यों का निरीक्षण किया।

## विधायक खरीद मामला : हाईकोर्ट ने जांच से रोक हटाई

हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को टीआरएस विधायकों के खरीद प्रकरण की जांच पर रोक हटा दी और पुलिस को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर को पायलट रोहित रेड्डी के फार्म हाउस पर टीआरएस के चार विधायकों को बड़ी रकम की पेशकश के साथ कथित तौर पर लुभाने के प्रयास के संबंध में मोइनाबाद पुलिस द्वारा दर्ज मामले में जांच टालते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत भाजपा की राज्य इकाई द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रही थी, जिसमें एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। अदालत द्वारा जांच पर रोक हटाने के साथ, पुलिस मामले की आगे की जांच के लिए आरोपी की हिरासत की मांग करने वाली याचिका दायर कर सकती है।

## व्यक्ति ने पत्नी व बच्चे को किया आग के हवाले

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला, उसके प्रेमी और उसका बच्चा सोमवार की रात अपने पति द्वारा पेट्रोल डालने और उन्हें आग लगाने के बाद कथित रूप से जल गए। पुलिस के मुताबिक, महिला एस. आरती की शादी आठ साल पहले नगुला साईं से हुई थी और दंपति का एक बेटा है। हालांकि दोनों के बीच लगातार झगड़ों के चलते दोनों अलग रह रहे थे। आखिरकार, आरती नागराजू से परिचित हो गई और दोनों एक साथ रहने लगे। रिश्ते से उनका दस महीने का एक बेटा है। इस वजह से नगुला साईं, अक्सर नागराजू से झगड़ते थे। सोमवार को रात करीब आठ बजे जब दंपति और उनका बच्चा नारायणगुडा में अपनी मां की फूल दुकान पर थे, तब नगुला साईं वहां आ गया और बहस करने लगा। फिर उसने उन पर पेट्रोल डाला, जिसे वह अपने साथ मग में लेकर आया और आग लगा दी।

आरती की मां की शिकायत के आधार पर नारायणगुडा पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया और जांच कर रही है। घायलों को गांधी अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज किया गया। नगुला साई को हिरासत में लिया गया है।

## फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र बेचने वाले पर पीडी एक्ट

हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश एम. भागवत ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र बेचने वाले पर पीडी एक्ट पीडी अधिनियम लागू किया है। आरोपी फिलहाल सेंट्रल जेल, चेर्लापल्ली में बंद है। हैदराबाद के रहने वाला आरोपी मुख्तार अहमद अपने साथियों कलीमुद्दीन, मोहम्मद फिरोज के साथ मिलकर फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार कर बड़ी रकम मिलने पर जरूरतमंद लोगों को बेचने की योजना बेच रहा था। पहाड़ीशरीफ पुलिस ने बीती 26 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के कई फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रबर स्टैंप, लैपटॉप, प्रिंटर आदि जब्त किए। जिनका इस्तेमाल फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने में किया गया था। इस प्रकार, उन्हें ऐसी गतिविधियों में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस आयुक्त, राचकोंडा ने मुख्तार अहमद के खिलाफ पीडी अधिनियम लागू किया।

## प्रेमिका के साथ लाइव वीडियो कॉल पर युवक ने फांसी लगा ली

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक युवक की उस लड़की के साथ लाइव वीडियो कॉल के दौरान आत्महत्या करने से मौत हो गई, जिससे वह प्यार करता था और उसके परिजनों ने उससे शादी करने के उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। मोहम्मद तबरेज अली (26) पिछले एक साल से कालापत्थर में इसी मोहल्ले की एक महिला से प्यार करता था। पुलिस के मुताबिक, तबरेज ने पहले दोनों पक्षों के बुजुर्गों को अपने अफेयर की जानकारी दी थी और उन्होंने इसे मंजूरी दे दी थी। हालांकि, हाल ही में कुछ मतभेदों के चलते दोनों परिवार शादी करने के अपने फैसले से मुकर गए। तबरेज़ के बार-बार अनुरोध के बाद भी, वे कथित तौर पर अपना निर्णय बदलने के लिए अनिच्छुक थे। इस बात से कथित तौर पर परेशान तबरेज अली ने अपने घर के बेडरूम से लड़की को वीडियो कॉल किया और पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली. उसके परिवार के सदस्यों ने उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की, लेकिन व्यर्थ हो गया। कालापत्थर पुलिस जांच कर रही है।

## भारत जोड़ो यात्रा तेलंगाना में सफल रही : महेश

हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने आज कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ी पदयात्रा तेलंगाना राज्य में एक बड़ी हिट साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने राज्य में राहुल गांधी की पदयात्रा का तहे दिल से स्वागत किया है। महेश कुमार गौड़ ने कहा कि टीपीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क, सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी और पार्टी के विधायकों और एमएलसी ने पदयात्रा के सफल आयोजन के लिए पार्टी के राज्य प्रभारी मनिकम टैगोर की देखरेख में बहुत मेहनत की थी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी द्वारा गठित 16 पार्टी समितियों ने भी काम किया है।

## निजी साहूकारों, अवैध फाइनेंसरों को लेकर सम्मेलन आयोजित




हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इंडियन नेशनलिस्ट मूवमेंट और एल्डर्स क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आज यहां 'तेलुगु राज्यों में ब्याज के भूखे साहूकारों की अधिकता' के मुद्दे पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन के अध्यक्ष डॉ मोतूरी कृष्ण प्रसाद ने की। केंद्र सरकार की उपभोक्ता मामलों की समिति के अध्यक्ष मंडाडी कृष्ण रेड्डी, एल्डर्स क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ अवुलप्पा, सिटी साइबर क्राइम एसीपी केवीएम प्रसाद, उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ता और अधिवक्ता गौरी शंकर और तेलंगाना राज्य सर्वोदय मंडली के अध्यक्ष आर. शंकर ने सम्मेलन में बात की। इस अवसर पर बोलते हुए, कृष्णा रेड्डी ने कहा कि मजबूत कानूनों की अनुपस्थिति और मौजूदा कानूनों के सख्त कार्यान्वयन में सरकारों की विफलता के कारण कई लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निजी फाइनेंसरों के शिकार हो रहे थे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पीड़ित आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साहूकारों से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साहूकार सरकारों से कोई अनुमति लिए बिना अपने अवैध धन उधार व्यवसाय को अंजाम दे रहे थे और कहा कि वे अपने पीड़ितों को उच्च ब्याज दरों पर ऋण देने के बाद परेशान कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न राज्यों की सरकारों को तमिलनाडु सरकार जैसे साहूकारों पर अपना चाबुक चलाना चाहिए। उन्होंने सरकारों से बांग्लादेश की तरह अपना बैंक स्थापित करने का भी आग्रह किया। अवुलप्पा ने कहा कि निजी फाइनेंसरों के पीड़ितों को नैतिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और पार्टियों के बीच मध्यस्थता करने के लिए मध्यस्थता समिति गठित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वे पीड़ितों की समस्याओं को राज्य सरकारों के संज्ञान में लेने का प्रयास करेंगे और उनके समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

डॉ वेंचुरी प्रसाद ने कहा कि निजी साहूकार और निजी वित्त संगठन अपने पीड़ितों को उनके ऋण की वापसी की मांग कर रहे थे और कहा कि पीड़ित समाज में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आत्महत्या कर रहे थे जिससे उनके परिवार के सदस्यों को दुख हुआ।

एसीपी केसीएम प्रसाद ने कहा कि लोगों को उन संदेशों से सावधान रहना चाहिए जो उन्हें अपने फोन पर ऋण की पेशकश करते हैं। उन्होंने कहा कि निजी वित्तपोषण फर्म उपहार ऋण के रूप में ऋण देकर अपने ग्राहकों को लूट रही हैं। सम्मेलन ने बाद में दो समितियों का गठन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।

## अपर सीपी ने कारखाना थाने का दौरा किया



हैदराबाद , 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी अपर सीपी हैदराबाद विक्रम सिंह मान ने कारखाना थाने का दौरा किया। अपर डीसीपी नॉर्थ जोन योगेश गौतम और एसीपी महाकाली बी रमेश ने भी अपर सीपी के साथ कारखाना पीएस का दौरा किया। उन्होंने कारखाना पीएस स्टाफ के साथ बातचीत की और वर्टिकल, पीएस मेनटेनेंस, पीएस रिकॉर्ड्स और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के कामकाज की जांच की।

## केटीआर ने निजाम कॉलेज के छात्रों के विरोध का दिया जवाब

### शिक्षा मंत्री से मुद्दों का समाधान करने का आग्रह किया

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी मंत्री केटी रामाराव ने मंगलवार को निजाम कॉलेज परिसर में छात्रावास के आवंटन को लेकर कॉलेज के स्नातक छात्रों के विरोध के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शिक्षा मंत्री पी. सबिता इंद्रा रेड्डी से हस्तक्षेप करने और इस मुद्दे का समाधान करने को कहा। आईटी मंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि छात्राओं के अनुरोध पर गर्ल्स हॉस्टल बनाया गया और कॉलेज को सौंप दिया गया. स्थिति अनुचित लगती है। निजाम कॉलेज के छात्र स्नातक छात्रों को परिसर में छात्रावास आवंटित किए जाने का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, छात्रों के अनुसार, कॉलेज प्रबंधन पीजी छात्रों को छात्रावास की सुविधा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के अनुरोध पर बालिका छात्रावास का निर्माण कर महाविद्यालय को सौंप दिया गया है।

**भारतीय रेल**

**रेल विद्युतीकरण**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

**प्रपत्र 10-01**

PUB/0978

एतद्द्वारा दक्षिण मध्य रेलवे के निम्न विवरित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचना दी जाती है कि,: 25000 वोल्ट्स, 50 एचजेड, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन के वायर्स को तत्संबंधित सेक्शन की निर्दिष्ट तिथि को या इसके बाद उर्जित(एनर्जाइज) किया जायेगा। अत: संबध्द निर्दिष्ट तिथि या उसी तिथि से ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन को निरंतर सक्रिय लाइव माना जायेगा तथा कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उपरोक्त ओवर हेड लाइन के निकट न पहुंच सकेगा न कार्य ही कर सकेगा।

| सेक्शन | तिथि | जोन |
|---|---|---|
| गदवाल-कर्नूल सेक्शन | 15.12.2022 | दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद |

**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का प्रारंभ**

**प्रपत्र 10-02**

**सडक उपयोगकर्ताओं को चेतावनी**

एतद्वारा आम जनता को, दक्षिण मध्य रेलवे के गदवाल कर्नूल-कर्नूल सेक्शन के 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के प्रारंभ के बारे में अधिसूचित किया जाता है कि, अत्यधिक ऊंचाई के भार के संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर (संपर्क बिजली तार) की खतरनाक निकटता से बचने के लिए, लेवल क्रासिंग्स पर सड़क के उपरी स्तर पर स्पष्टतम 4.78 एम युक्त अधिकतम ऊंचाई के साथ हाइट गेजेस लगाए गए हैं, जो **(कांटाक्ट वायर) लेवल क्रासिंग्स पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 एम की ऊंचाई पर हैं, ताकि सभी को इस खतरे के संपर्क में आने से रोका जा सके।**

आम जनता को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि, लदान करने वाले वाहनों के प्रति ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और इसका पूरा ध्यान रखें कि, किसी भी परिस्थिति में सड़क वाहनों में लदान किए गए भार, तत्संबंधित हाइट गेज का उल्लंघन कतई नहीं करते हो।

**अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार है:-**

1. हाइट गेज के लिए खतरा और सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन के लिए रुकावट
2. मटेरियल या उपकरण या तत्संबंधित वाहन के लिए खतरा
3.कंडक्टर्स के संपर्क में आने या संबध्द खतरनाक निकटतावश आग का खतरा व जिंदगी का जोखिम ।

ए 1305 मुख्य परियोजना निदेशक, रेल विद्युतीकरण, सिकंदराबाद

# ज्ञानवापी में शिवलिंग की पूजा की मांग के आवेदन पर सुनवाई टली

## अगली तारीख 14 नवंबर




वाराणसी, 8 नवंबर (एजेंसियां)। ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी मामले से संबंधित एक प्रकरण में आज सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में कोर्ट का आदेश आना था। ज्ञानवापी परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने, पूरा परिसर हिंदुओं को सौंपने और वहां मिले आदि विश्वेश्वर महादेव के कथित शिवलिंग की पूजा-अर्चना की मांग पर सुनवाई टल गई। इस मामले में दाखिल प्रार्थना पत्र पर सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में सुनवाई होनी थी। न्यायिक अधिकारी आज फास्ट ट्रैक कोर्ट में नहीं बैठे इस कारण सुनवाई की अगली तिथि 14 नवंबर निर्धारित की गई है। मामले में ऑर्डर 7 रूल 11 पर पोषणीयता के बिंदु पर आदेश होना है। कोर्ट के आदेश से यह साफ होगा कि यह वाद सुनवाई योग्य है या नहीं।

**एक नजर में पूरा मामला और कोर्ट में दिए गए तर्क**

विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह ने यह वाद दाखिल किया है। जिसमें ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने, पूरा ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने और वहां मिले आदि विश्वेश्वर महादेव के कथित शिवलिंग की पूजा-अर्चना की मांग को लेकर दाखिल प्रार्थना पत्र सुनवाई पूरी हो चुकी है।

**'जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर'**

वादिनी के अधिवक्ता मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठाई गई है वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर।

दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा था कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था। यह भी दलील दी थी कि विशेष धर्म स्थल स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर, जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है।

कहा था कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अंजुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है। साथ ही राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिए यह वाद दाखिल किया गया है। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया है।

**मुस्लिम पक्ष की दलील**

वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है। वहीं दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं।

यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है वही लिखा जाएगा। साथ ही कानूनी नजीरे दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाए।

**अखिलेश-ओवैसी मामले में भी आज आ सकता है आदेश**

ज्ञानवापी प्रकरण में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी सहित कई अन्य पर भड़काऊ बयान देने का आरोप लगा है।

धार्मिक भावनाएं आहत करने के इस मामले में सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए दाखिल प्रार्थना पत्र पर आज कोर्ट का आदेश आ सकता है।

# ओला स्कूटी चार्जिंग के दौरान जबरदस्त ब्लास्ट

**स्कूटी के साथ ही क्वार्टर में रखा सामान जलकर हुआ राख, धमाके से उड़ी छत**

बेगूसराय, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में रविवार की रात अगलगी हो गई। जानकारी के अनुसार रिफाइनरी कर्मी संजय कुमार के क्वार्टर नंबर एफ 3-33 में आग लग गई। आग रात 11 बजे के करीब तब लगी जब उन्होंने अपनी हाल ही में खरीदी ओला स्कूटी को चार्ज में लगाया था। चार्ज में लगाते ही चार्जिंग प्वाइंट में जोरदार धमाका हुआ और फिर वहां से आग ने पहले ओला स्कूटी और फिर पूरे क्वार्टर को अपनी चपेट में ले लिया। इस अगलगी में क्वार्टर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं जोरदार धमाके के साथ लगी आग के बाद कुछ देर के लिए आसपास अफरातफरी मची गई। जानकारी मिलते ही मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचे और उन्होंने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना को सामने से देखने वालों के अनुसार आग ने तुरंत ही विकराल रूप ले लिया। लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन यह प्रयास नाकाम रहा। फिर बाद में किसी तरह इसकी सूचना दमकल कर्मी को दी। मौके पर दमकल कर्मी की टीम पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग पर काबू पाने के दौरान एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से झुलस भी गए।

# ओवैसी के साथ मुकेश सहनी भी बढ़ाएंगे तेजस्वी यादव की टेंशन

## कुढ़नी उपचुनाव लड़ेगी वीआईपी





मुजफ्फरपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार की कुढ़नी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में असदुद्दीन ओवैसी के साथ मुकेश सहनी भी डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ाने वाले हैं।

मुकेश सहनी ने मुजफ्फरपुर जिले की कुढ़नी सीट पर अपनी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी कुढ़नी में अपना प्रत्याशी उतारने जा रही है। ये दोनों पार्टियां महागठबंधन के वोटबैंक में सेंध लगाएंगी। कुढ़नी उपचुनाव में महागठबंधन की ओर से आरजेडी का उम्मीदवार उतारे जाने की पूरी संभावना है।

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने हाल ही में कहा कि 16 नवंबर को उनकी पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन होगा। उम्मीदवार के नाम की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। सहनी ने मोकामा विधानसभा उपचुनाव में आरजेडी प्रत्याशी की जीत पर भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि सही अर्थों में गोपालगंज उपचुनाव में भी भाजपा को लोगों ने नकार दिया है। भाजपा के प्रत्याशी को हराना उनका मुख्य मकसद है। दूसरी ओर, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी कुढ़नी में उपचुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सर्वे कराया जा रहा है। जल्द ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उनकी भी मुख्य लड़ाई बीजेपी उम्मीदवार से होगी।

कुढ़नी विधानसभा सीट पर मुकेश सहनी और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टियां महागठबंधन के वोट बैंक में सेंध लगाने वाली हैं। हाल ही में गोपालगंज सीट पर भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला था। गोपालगंज में आरजेडी और बीजेपी के अलावा एआईएमआईएम और बसपा उम्मीदवार ने 21 हजार वोट बटोरे। इस कारण आरजेडी प्रत्याशी मोहन प्रसाद गुप्ता को बीजेपी से दो हजार से भी कम वोटों के अंतर से हाल झेलनी पड़ी। पिछले दिनों डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने एआईएमआईएम को बीजेपी की बी टीम भी करार दिया था। कुढ़नी से विधायक रहे आरजेडी नेता अनिल सहनी को पिछले दिनों एलटीसी घोटाले में सजा होने पर उनकी विधायकी खत्म कर दी गई।

इसके बाद रिक्त हुई सीट पर चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा की। कुढ़नी में 5 दिसंबर को वोटिंग होगी और 8 दिसंबर को रिजल्ट आएगा।

नामांकन की प्रक्रिया 10 नवंबर से शुरू होगी। पिछली बार ये सीट आरजेडी के पास ही थी, इसलिए यहां से इस बार भी महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव की पार्टी का उम्मीदवार उतारे जाने की संभावना है।

# गंगा-गंडक के संगम स्थल पर अंधविश्वास का खेल देखिए

## हाजीपुर के कोनहारा घाट पर भूतखेली करते दिखे दर्जनों लोग, भूत-प्रेत भगाते दिखे ओझा-गुणी



हाजीपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के मौके पर हाजीपुर में गंगा और गंडक नदी के संगम स्थल कोनहारा घाट पर आधी रात से ही खुलेआम ओझा गुणियों के अंधविश्वास का खेल चलता रहा। दर्जनों ओझा-गुणी अजीबोगरीब हरकत करते नजर आए। ढ़ोल, मानर की धुन पर ओझा गुणियों ने नदी किनारे और नदी में हाथों में छड़ी लेकर भूत प्रेत भगाते दिखे।

इतना ही नहीं अंधविश्वास के चंगुल में फंसे भोले-भाले लोग भी इन ओझा गुणियों के इशारे पर अजीबोगरीब हरकत करते नजर आए। इस अंधविश्वास में महिला, पुरुष ढोल,मानर की धुन पर झूमते नजर आए लेकिन इसे रोकने और टोकने वाला कोई नहीं दिखा। लोगों का कहना है कि अभी भी लोगों के बीच जागरूकता का अभाव है जिसके चलते लोग आज भी भूत-प्रेत में विश्वास करते हैं जिसका फायदा ओझा गुणी उठा रहे हैं।

वहीं हाजीपुर के ऐतिहासिक गंगा- गंडक संगम कोनहारा घाट पर हजारों लोगों ने नदी में पवित्र स्नान किया। मेघालय से गंगा स्नान करने पहुंची इंदु देवी ने कहा कि कोनहारा घाट पर स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु के मुताबिक, चंद्रग्रहण को लेकर रात में ही गंगा स्नान और पूजा अर्चना कर लिया। वहीं चंद्रग्रहण के कारण मंदिर का पट बंद हो जाएगा। सदर एसडीओ अरुण कुमार के मुताबिक, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोनहारा गंडक घाट समेत विभिन्न घाटों पर बैरिकेडिंग, नियंत्रण कक्ष, चेंजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरा, वॉच टॉवर, एसडीआरएफ की टीम, स्थानीय गोताखोर, पुलिस बल तैनात की गई है। घाट को रंगबिरंगी रोशनी, मधुबनी पेंटिंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के साथ पूजा अर्चना, बच्चों का मुंडन संस्कार कराया वही विभिन्न मठ, मंदिरों में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पवित्र स्नान को लेकर कोनहारा घाट, कौशल्या घाट, कदम घाट,पूल घाट, बालादास घाट, क्लब घाट, बुटन दास घाट समेत विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# नीतीश कुमार की नरेंद्र मोदी को घर में घेरने की तैयारी

## पुराने साथी से हाथ मिलाया





पटना, 8 नवंबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री पद की ओर नजर गढ़ाए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी को उनके घर में घेरने की तैयारी कर ली है। पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में जेडीयू भी मैदान में कूद गई है। खास बात ये है कि गुजरात में बीजेपी के विजयी रथ को रोकने के लिए जेडीयू ने भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) से हाथ मिलाने का फैसला लिया है। नीतीश कुमार की यहां चुनावी रैली भी कराने पर विचार किया जा रहा है। जेडीयू की ओर से कहा गया है कि गुजरात चुनाव में गठबंधन के लिए उनकी बीटीपी से बात चल रही है। बीटीपी के मुखिया छोटूभाई वसाव ने भी कहा कि उनकी पार्टी ने चुनाव से पहले जेडीयू के साथ गठबंधन का फैसला लिया है। सीएम नीतीश कुमार गुजरात में प्रचार के लिए भी आएंगे। सीटों के बंटवारे के बारे में बातचीत कर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि बीटीपी चीफ छोटूभाई वसावा बड़े आदिवासी नेता हैं और वे पहले जेडीयू में ही थे। वसावा जेडीयू की गुजरात यूनिट के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 2017 में जब नीतीश कुमार ने बिहार में महागठबंधन छोड़कर वापस बीजेपी से हाथ मिलाया तो वसावा नाराज हो गए। उन्होंने जेडीयू छोड़ दी। पिछले गुजरात चुनाव से ठीक पहले उन्होंने बीटीपी का गठन किया और दो सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया। अगस्त 2022 में जब नीतीश कुमार ने बीजेपी का साथ छोड़ा और वापस महागठबंधन में चले गए तो वसावा से उनके रिश्ते भी बेहतर होने लगे। इसलिए जेडीयू और बीटीपी एक साथ आ गई हैं। छोटूभाई वसावा ने हाल ही में कहा कि बीटीपी और जेडीयू पुराने दोस्त हैं। गुजरात चुनाव में दोनों पार्टियां एक-दूसरे की मदद करेंगी। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए 1 और 5 दिसंबर को वोटिंग होनी है।

गुजरात पीएम मोदी का गृह राज्य है और वे लंबे समय तक इसके सीएम भी रहे, इसलिए पूरे देश की इस इलेक्शन पर नजर है। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव 2024 से पहले देशभर में विपक्ष को एकजुट करने में जुटे हैं। बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद अब वे नरेंद्र मोदी और अमित शाह को घेरने की तैयारी कर रहे हैं।

# आयुष कॉलेजों में हेराफेरी से एडमिशन पाने वाले सभी छात्र निलंबित, दस्तावेज सील

लखनऊ, 8 नवंबर (एजेंसियां)। आयुष कॉलेजों में हेराफेरी से हुए एडमिशन के मामले में संदिग्ध पाए गए सभी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। इन्हें हॉस्टल छोड़ने का आदेश दिया गया है लेकिन इनके दस्तावेज सील कर दिए गए हैं।

प्रदेश के आयुर्वेदिक एवं यूनानी व होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में तमाम छात्रों ने हेराफेरी कर दाखिला ले लिया था। आयुष विभाग की जांच में 891 छात्र संदिग्ध चिन्हित किए गए हैं।

सभी सरकारी कॉलेजों के प्रधानाचार्य ने छात्रों को निलंबित कर दिया है। जबकि निजी कॉलेजों के छात्रों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई चल रही है। करीब 10 निजी कॉलेजों ने छात्रों को निलंबित करने की सूचना आयुष विभाग में भेज दी है जबकि अन्य की रिपोर्ट अभी तक कार्यालय नहीं पहुंची है। देर शाम तक यह रिपोर्ट विभाग में पहुंचने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि अभी छात्रों के खिलाफ किसी तरह की तरह की कार्रवाई नहीं होगी। जांच पड़ताल के बाद ही इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सवर्ण आरक्षण पर आरजेडी बोली- देश में जाति जनगणना हो

## जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी

पटना, 8 नवंबर (एजेंसियां)। गरीबों के लिए आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी ने देश में जाति आधारित जनगणना की मांग की है। ईडब्ल्यूएस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि देश में तुरंत जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए। जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व के सिद्धांत पर जोर देते हुए राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि जाति आधारित जनगणना देश में सकारात्मक कार्रवाई का सही आधार बनेगी। मनोज झा ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जरूरी है कि सरकार तत्काल जाति आधारित जनगणना करे। केंद्र की बीजेपी सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को दस फीसदी आरक्षण देने के पक्ष में है लेकिन जाति आधारित जनगणना के लिए तैयार नहीं है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये दो बाते एक दूसरे की विरोधाभासी है। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल संविधान की मूल भावना का सम्मान करता है वो इस बात को मानेगा कि योजना और जमीनी स्तर पर किसी तरह का बदलाव लाने के लिए जाति आधारित जनगणना बहुत जरूरी है। मनोज झा ने कहा कि आज हम सब जानते हैं कि कैसे फर्जी इनकम सर्टिफिकेट बनाए जाते हैं और कैसे कागजों में घपला होता है। हम चाहते हैं कि ऊंची जाति के भी गरीब और पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ मिले लेकिन उसके लिए जरूरी है कि सही जनगणना हो ताकि पता चले कि कौन सा परिवार किस हाशिये पर है।

# तेल डिपो में आग एक-एक कर 3 ब्लास्ट

## 2 किमी दूर तक सुनाई दी आवाज, 10 गाड़ियों ने 5 घंटे में पाया काबू




पटना, 8 नवंबर (एजेंसियां)। पटना के बाइपास क्षेत्र के सिपारा स्थित तेल डिपो में सोमवार रात आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। डिपो में लगी आग से एक-एक कर 3 ब्लास्ट हुए। इसकी गूंज आसपास के 2 किमी तक सुनाई दी। लगभग 40 फीट ऊंचाई तक आग की लपटों को देख कर आसपास के लोग दहशत में आ गए। पूरा इलाका धुएं के गुबार से भर गया।

स्थानीय लोगों ने फौरन फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। आग लगने के ढाई घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लोगों ने बताया कि हम लोग अपने घर में थे। रात करीब 9 बजे अचानक तेल डिपो से आग की लपटें निकलने लगी। जब तक हमलोग कुछ समझ पाते ब्लास्ट होने लगा। इसके बाद हमलोग सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर आ गए। धुएं के गुबार से पूरा इलाका भर गया। इसके बाद पुलिस और फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी गई। लेकिन दमकल की गाड़ियों को आने में 2:30 घंटे लग गए। तब तक आग पूरे तरीके से फैल गई थी। तेल डिपो में आग लग जाने से लाखों के नुकसान की बात सामने आ रही है।

आसपास के लोगों का कहना है कि जिस जगह पर आग लगी वहां पर लोग अवैध रूप से तेल का भंडारण करते थे। हालांकि पुलिस इस मामले में छानबीन करने की बात कह रही है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लगभग 30 से 40 फीट ऊपर तक उसकी लपट उठती देखी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बेउर थाने की पुलिस ने आसपास के घरों को जल्द से जल्द खाली करने का निर्देश भी लोगों को दिया। सूचना मिलते ही आसपास के घरों के सैकड़ों लोग घर छोड़कर बाहर निकल आए।

आग पर काबू पाने के लिए दमकल गाड़ी की लगभग एक दर्जन गाड़ी को वहां बुलाना पड़ा, कई गाड़ियों के पानी भी खत्म हो गए। बताया जा रहा है कि सूचना पाकर दमकल गाड़ी लगभग 2 घंटे लेट से पहुंची। उसका कारण यह बताया जा रहा है कि पहले लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो पुलिस के माध्यम से अग्निशमन दस्ते को सूचना दी गई और उसके बाद लगभग 2 घंटे के बाद अग्निशमन दस्ते की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचकर 4 से 5 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया।

पटना सिटी के खाजेकला थाना अंतर्गत नवाब बहादुर रोड पश्चिम दरवाजा के पास एक प्लास्टिक फैक्ट्री में सोमवार की देर शाम अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस बात की जानकारी अग्निशमन दस्ते को दी।

# शराब तस्करी के मामले में फायरिंग

## नीतीश ने अधिकारियों से शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये


पटना, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में शराब तस्करी से जुड़ी एक घटना में एक शराब कारोबारी की मौत हो गई। घटना बेतिया की बताई जा रही है। बेतिया एसपी कुमार आशीष ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से शराब की एक बड़ी खेप आने वाली है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर निगरानी शुरू की। उन्होंने बताया कि रात के करीब 2 बजे सामान के उतारने के दौरान रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। करीब 2 घंटे फायरिंग हुई। इसमें शराब कारोबारी की मृत्यु हो गई। मृतक का सात मामलो में अपराधिक इतिहास सामने आया है। इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी को सख्ती से लागू करने का निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को शराब की आपूर्ति पर रोक लगाने पर ध्यान देने को कहा है। अपने कार्यालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुमार ने उनसे अन्य राज्यों से शराब की तस्करी में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। बिहार में 5 अप्रैल 2016 से शराब पर प्रतिबंध है। मुख्य सचिव अमीर सुभानी ने कहा कि सीएम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस, शराबबंदी और आबकारी विभागों के अधिकारियों का ध्यान राज्य भर में सभी शराब आपूर्ति और वितरण श्रृंखलाओं को तोड़ने पर होना चाहिए।

# मुख्तार अंसारी की संपत्तियों का खुलासा करेंगे मामा-भांजा?

प्रयागराज, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्तार अंसारी के परिवार पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। पहले विधायक बेटे अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया गया और अब गाजीपुर से साले आतिफ को। बताया जा रहा है कि प्रयागराज स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में ईडी विधायक अब्बास और आतिफ रजा का आमना-सामना करा सकती है। ईडी अब अब्बास की तरह आतिफ को भी कस्टडी रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। इसके बाद मामा-भांजे को साथ बैठाकर माफिया की काली कमाई की कुंडली खंगालेगी। मुख्तार के खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग के केस में पूरे परिवार को ईडी ने बयान के लिए बुलाया था। अब्बास को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की गई। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से ही फर्जीवाड़ा करके करोड़ों का खेल हुआ है। इस कंपनी के अलावा अब्बास के निजी खातों में मामा और नाना की कंपनी से लाखों रुपये जमा किए गए हैं।

# मेरा नाम ईशु है, पापा का नाम सोनू

## मुजफ्फरपुर में तीन साल का बच्चा भटक गया है



मुजफ्फरपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक 3 साल का मासूम बच्चा भटक गया है। 2 दिनों से वह मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अपनों की तलाश में इधर उधर भटक रहा है। बच्चा सोमवार को यात्रियों की भारी भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ गया। जंक्शन पर वह रोते हुए इधर-उधर काफी देर तक भटकता रहा। बच्चा अभी जीआरपी और चाइल्डलाइन की देखरेख में सुरक्षित है। जानकारी के मुताबिक एक यात्री ने उसे भटकता देखा तो रेल थाना पुलिस के पास पहुंचा दिया। बच्चा अपना नाम यीशु और अपने पिता का नाम सोनू बता रहा है। रेल थाना अध्यक्ष ने बताया कि बच्चे के परिजन अभी तक उसे खोजने नहीं आए हैं। इधर चाइल्डलाइन के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया है कि बच्चे की देखरेख की जा रही है। बच्चे की स्वास्थ्य जांच कराई गई है। भटके हुए बच्चे के परिजन की तलाश की जा रही है।

# खतौली में भी 5 दिसम्बर को उपचुनाव

लखनऊ, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बीजेपी विधायक विक्रम सैनी की विधायकी जाने से खाली हुई यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की खतौली विधानसभा सीट पर भी 5 दिसम्बर को ही उपचुनाव होगा। इसी दिन सपा संस्थापक मुलायम सिंह के निधन से खाली हुई मैनपुरी संसदीय और हेट स्पीच मामले में आजम खां के सजा पाने से खाली हुई रामपुर विधानसभा सीट पर भी वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने मैनपुरी और रामपुर का चुनाव कार्यक्रम पहले ही घोषित कर चुका है। खतौली सीट को भी 11 अक्टूबर से खाली मानते हुए सोमवार को अधिसूचना जारी की गई गई थी। अब नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना की तारीखों का ऐलान हुआ है।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार खतौली उपचुनाव की मतगणना भी आठ अक्टूबर को कराई जाएगी। 18 वीं विधानसभा में अब तो दो विधायकों की सदस्यता खत्म हो चुकी है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने विधिक राय मिल जाने के बाद खतौली सीट रिक्त घोषित करने का निर्णय लिया और सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसमें कहा गया है कि एमपी एमएलए कोर्ट ने विक्रम सैनी को दो साल की सजा और 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अतः चुनाव आयोग के पत्र द्वारा दी सूचना के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में विक्रम सैनी 11 अक्तूबर 2022 से अयोग्य माने जाएंगे और उनकी सीट रिक्त घोषित हो गई है।

बता दें कि मुजफ्फरनगर के दंगों के मामले में विक्रम सैनी को दो साल की सजा सुनाई गई। इससे पहले आजम खां की रामपुर सीट से सदस्यता भी जा चुकी है। इस सीट पर अब उपचुनाव होने जा रहा है। रामपुर में उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# '25 साल में पीएम मोदी से 5 बार बात हुई'

## मैं खुलेआम कहता हूं-बीजेपी बस चीटिंग करती है'- बोले शंकर सिंह वाघेला



सूरत, 8 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज है. सभी पार्टियां यहां जीत हासिल करने के लिए जमकर जोर लगा रही हैं. चुनाव से पहले पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के सुर एक बार फिर कांग्रेस के समर्थन में दिखाई पड़ रहे हैं. उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान यह दावा किया कि इस बार चुनाव में बीजेपी का हारना तय है क्योंकि 27 सालों तक एक ही पार्टी का सत्ता में रहना मुश्किल है. उन्होंने बीजेपी पर धर्म की राजनीति करने और हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने का भी आरोप लगाया. इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी को घेरते हुए गोधरा कांड, पुलवामा, स्ट्राइक को हिंदू धर्म को खुश करने की राजनीति बताया. बीजेपी जीतने के लिए हिंदू कार्ड खेलती रही है लेकिन, अब जनता को उनकी असलियत के बारे में पता लग गया है कि इन्हें धर्म से कोई मतलब नहीं है अपना उल्लू सीधा करने के लिए और पार्टी को वोट मिले इसलिए यह सब किया जाता है. उन्होंने कहा कि आज लोग देश के हालातों से परेशान हो गए हैं. चाहे अर्थव्यवस्था हो, कानून व्यवस्था हो, बेरोजगारी हो या गरीबी हो. इसके बाद लोग बीजेपी को वोट कहां तक देंगे.

**'बीजेपी से त्रस्त है गुजरात की जनता'**

वाघेला ने कहा कि आज आम जनता परेशान है. इसलिए अब बीजेपी का हारना तय है. यही कारण है कि वह गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत नहीं देखते हैं. चाहे बीजेपी के अलावा कोई भी पार्टी हो लेकिन गुजरात की जनता ने तय किया है कि इस बार बीजेपी नहीं. बीजेपी के वादे और बातें सुनकर लोग त्रस्त हो चुके हैं. इनकी बातों में सच्चाई नहीं है. लीडर की लोकप्रियता मायने नहीं रखती. पार्टी की लोकप्रियता मायने रखती है.

**'अगली पीढ़ी के भले के लिए बीजेपी को निकालना जरूरी'**

वाघेला ने यहां तक कहा कि वह चाहे कांग्रेस में हो या न हों लेकिन, बीजेपी को रोकने की जरूरत है. कांग्रेस या उनके लिए नहीं बल्कि गुजरात की अगली पीढ़ी के लिए. गुजरात की जनता को आने वाली पीढ़ी के लिए कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य को बचाना है तो इसका यही रास्ता है कि बीजेपी को निकालना पड़ेगा. कोई भी ऐसा गुजराती नहीं है जो इस वक्त परेशान न हो. कोरोना में सरकार की बेवकूफी के कारण हजारों-लाखों लोगों की मौत हो गई.

**'पीएम मोदी से 25 साल में पांच बार हुई बात'**

जब वाघेला से पूछा गया कि उनकी प्रधानमंत्री से कितनी बार बात हुई तो उन्होंने कहा कि 1995 से 27 साल हो गए. 25 साल में पांच बार बात हुई है. इसमें भी केवल हमारी सेहत को लेकर बातचीत हुई है. राजनीतिक बातचीत नहीं हुई. हमें पता है कि ये देश के साथ धोखा है. झूठ, झूठ, झूठ बिना झूठ कुछ नहीं चीटिंग चीटिंग चीटिंग और गप्प, गप्प, गप्प. इसके अलावा कुछ है ही नहीं. उन्होंने जनता से अपील की है कि बीजेपी को इस बार नहीं जीतने दीजिए. उन्होंने कहा कि यहां केवल दो दलों की बीच चुनाव है. एक कांग्रेस और एक बीजेपी. उन्होंने त्रिकोणीय मुकाबले को भी पूरी तरह से नकार दिया.

## अजीत अंजुम व आरफा खानम को मिलेगा कुलदीप नैयर पत्रकारिता सम्मान

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। गांधी शांति प्रतिष्ठान की ओर से 2021 व 2022 के कुलदीप नैयर पत्रकारिता सम्मान की घोषणा कर दी गई है। वर्ष 2021 का यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार व यूट्यूबर अजीत अंजुम को दिया जाएगा तो वहीं 2022 के लिए आरफा खानम शेरवानी के नाम की घोषणा की गई है। दोनों के नामों की घोषणा सोमवार को दिल्ली प्रेस क्लब स्थित एक समारोह में की गई। संस्था के मंत्री अशोक कुमार ने बताया, 12 नवंबर को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित राजेंद्र भवन में होने वाले एक समारोह में दोनों पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# किरण चौधरी के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट हैक

## साइबर सेल में दर्ज कराई शिकायत



भिवानी (हरियाणा), 8 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के तोशाम से कांग्रेस विधायक किरण चौधरी का मंगलवार सुबह फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने का मामला सामने आया है। आरोपी हैकर ने विधायक के फेसबुक पेज पर एक पोस्ट भी डाली है, जिसके कॉमेंट बॉक्स में किरण चौधरी की सोशल मीडिया टीम के कर्मचारी को भी टैग किया है। इस संबंध में विधायक ने मामले की शिकायत दिल्ली साइबर सेल और फेसबुक को दी है। वहीं, विधायक ने ट्विटर पर भी ट्वीट कर मामले की जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह विधायक की ओर से सोशल मीडिया पर श्री गुरु नानक देव की जयंती पर पोस्ट डाली गई थी। इसके बाद जब टीम ने दोबारा से पेज ओपन किया तो पेज हैक मिला। इसके बाद जब टीम ने अपने पेज और अकाउंट संभाले तो वे भी हैक मिले। विधायक किरण चौधरी के सोशल मीडिया प्रमुख वासु शर्मा ने बताया कि विधायक के फेसबुक पेज पर एक पोस्ट डाली गई है। साथ ही उनकी टीम के एक कर्मचारी की आईडी को भी टैग किया है।

फिलहाल पेज ओपन नहीं हो रहा है। इंस्टाग्राम पर भी अब तक कोई पोस्ट नहीं डाली है। वासु शर्मा ने बताया कि किरण चौधरी के सोशल मीडिया अकाउंट के सभी एडमिन को हटा दिया गया है। उनकी टीम लगातार सोशल मीडिया अकाउंड को रिकवर करने में जुटी है। वहीं, मामले की शिकायत साइबर सेल और फेसबुक में दी है।

मेरे फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट पूरी तरह हैक हो चुके है। मैंने साइबर सेल और फेसबुक में कार्यवाही हेतु शिकायत दर्ज करवा दी है। इस बीच अगर मेरे अकाउंट से कोई मैसेज या पोस्ट आता है तो उसे मेरी ओर से ना माना जाए। अकाउंट सुरक्षित होने की सूचना में पोस्ट के माध्यम से आपको दूंगी।

# 'अपने लिए ताबूत तैयार रखो,'

## आरएसएस नेता श्रीनिवासन मर्डर केस की जांच कर रहे अधिकारी को धमकी



तिरुवनंतपुरम, 8 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के पलक्कड़ में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में जांच अधिकारी एम अनिल कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें फोन करने वाले शख्स ने शनिवार रात धमकी दी कि 'प्लीज, ताबूत तैयार रखो।' इसे लेकर पलक्कड़-टाउन साउथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। अब तक इस मामले में 34 पीएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पलक्कड़ जिले में अप्रैल में दो राजनीतिक हत्याएं हुईं थीं। इसमें पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के एक नेता एम सुबैर हैं, जिनकी 15 अप्रैल को आरएसएस कार्यकर्ताओं की एक कथित टीम ने हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन आरएसएस नेता श्रीनिवासन का मर्डर कर दिया गया। बताया गया कि पी ए फ आ ई / ए स डी पी आ ई कार्यकर्ताओं की ओर से यह एक स्पष्ट जवाबी हमला था। श्रीनिवासन की उनकी दुकान में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

**पीएफआई की साजिश मामले में तीन जगहों पर तलाशी**

एनआईए ने पीएफआई की ओर से देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए रची गई आपराधिक साजिश से जुड़े मामले में सोमवार को केरल में तीन स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के मलप्पुरम जिले में संदिग्ध आरोपी के परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें डिजिटल उपकरण और दस्तावेज सहित संदिग्ध सामग्री बरामद की गई।

प्रवक्ता ने बताया, 'यह मामला पीएफआई के पदाधिकारियों, सदस्यों और कैडर की ओर से अन्य के साथ मिल कर रची गई आपराधिक साजिश से जुड़ी है। वे लोग भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकी कृत्यों के लिए बैंकिंग माध्यम, हवाला और चंदा के जरिए भारत व विदेशों से धन एकत्र करने में संलिप्त रहे हैं। आरोपी देश में कई स्थानों पर आतंकी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण शिविर संचालित कर रहे थे।'

## एमपी शासन की बड़ी तैयारी, बाल संरक्षण गृह में अब नहीं दिया जाएगा मांसाहारी

भोपाल, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार के महिला और बाल विकास विभाग द्वारा आहार सूची से मांसाहारी आहार हटा दिया है। बताया जा रहा है कि बच्चों को अब अंडा और चिकन नहीं दिया जाएगा। क्योंकि बाल संरक्षण गृह में अंडा और चिकन खिलाए जाने को लेकर विवाद बढ़ गया था। जिसके बाद महिला और बाल विकास विभाग ने नियम में संशोधन किया है। दरअसल नियम के हिसाब से बच्चे के बीमार होने, वजन बढ़ाने और अन्य स्वास्थ्य कारण पर डॉक्टर की सलाह के बाद ही अंडा और चिकन अतिरिक्त आहार के रूप में बच्चों को उपलब्ध कराए जा सकेगा। इससे पहले पोषण सप्ताह में एक बार बच्चों को चिकन अथवा खाने की आदत के अनुसार सप्ताह में चार अंडे दिया जाना सुनिश्चित किया गया था। वहीं आहार सूची में कई अन्य परिवर्तन भी किए गए हैं। गुड़ और मूंगफली या पनीर प्रत्येक छात्रों को सप्ताह में एक बार देना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा गैर शाकाहारी दिवस पर शाकाहारी बालकों को 60 ग्राम गुड़ और 60 ग्राम मूंगफली सहित 100 ग्राम पनीर देने का प्रावधान था। इसके अलावा नए संशोधन के तहत किशोर बालिकाओं में आयरन की कमी का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

# काले हीरे के बाद सिंगरौली की धरती ने उगला सोना

**नीलामी की प्रक्रिया हुई शुरू**

सिंगरौली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में खनिजों के भंडार हैं। पूरे देश में हीरा भी इसी राज्य में मिलता है। अब मध्यप्रदेश के सिंगरौली में खनिज विभाग के विशेषज्ञों ने गुरहर पहाड़ी पर सोने की खदान खोजी है। विशेषज्ञों का दावा है कि जल्द ही मध्यप्रदेश पन्ना के हीरे ही नहीं बल्कि सिंगरौली के सोने की वजह से भी पहचाना जाएगा। जीएसआई की रिपोर्ट ने सिंगरौली में सोने की खदानों की पुष्टि की है। सामान्य तौर इस पथरीले इलाके में बीते दो वर्षों से सोना खोजा जा रहा है। इसमें भारत सरकार के भू-विज्ञानियों की मदद भी ली गई।



**एक टन पत्थर में मिलेगा इतना सोना**

सिंगरौली जिले में जमीन के अंदर 7.29 मिलियन टन सोने के अयस्क मौजूद है। विशेषज्ञों के मुताबिक सिंगरौली की गुरहर पहाड़ी पर मिली सोने की खदान से एक टन पत्थर निकालने पर उसमें 1.03 ग्राम सोना मिलेगा। यह खदान कुल 149.30 हैक्टेयर में फेली है। भू विशेषज्ञों से मिली हरी झंडी के बाद अब प्रदेश सरकार इसकी नीलामी के कार्य में जुट गई है। खनिज विभाग के अफसर इसकी तैयारी कर रहे हैं।

**20 साल से चल रही है सोने की खोज**

मध्यप्रदेश में सोने की खोज 20 साल से यानी 2002 से चल रही है। जीएसआई ने सोने की संभावनाओं का सर्वे करते हुए सिंगरौली में सोने की खदानों की पुष्टि की है। सिंगरौली के अलावा मध्यप्रदेश के कटनी, बालाघाट, सिवनी, बैतूल, जबलपुर, शहडोल, छिंदवाड़ा और उमरिया में भी सोने की खोज की जा रही है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | में |
| चंद्र- | मेष | में |
| मंगल | मिथुन | में |
| बुध- | तुला | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | तुला | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| कन्या... | 02-39 | बजे |
| तुला- | 04-45 | बजे |
| वृश्चिक | 06-55 | बजे |
| धनु--- | 09-08 | बजे |
| मकर- | 11-14 | बजे |
| कुंभ- | 13-05 | बजे |
| मीन... | 14-43 | बजे |
| मेष-- | 16-19 | बजे |
| वृष-- | 18-04 | बजे |
| मिथुन.. | 20-05 | बजे |
| कर्क... | 22-16 | बजे |
| सिंह... | 00-29 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा - **17-18** तक उपरान्त, द्वितीया
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष , बुधवार **09 Nov**
नक्षत्र - कृत्तिका - **03 -09** - राततक उपरान्त, रोहिणी
योग - वरियान - **21 - 44** - तक उप- परिघ
करण- कौलव - **21 - 17** -तक,उप-
विशेष:-
व्रत -त्योहार - पदमक योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:59 से 13:25 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:21 - 07:44 | शुभ | उत्पात | 17:41 - 19:15 | अशुभ |
| अमृत | 07:44 - 09:09 | शुभ | शुभ | 19:15 - 20:50 | शुभ |
| काल | 09:09 - 10:35 | अशुभ | अमृत | 20:50 - 22:25 | शुभ |
| शुभ. | 10:35 - 11:59 | शुभ | चंचल | 22:25 - 00:00 | शुभ |
| रोग. | 11:59 - 13:25 | अशुभ | रोग | 00:00 - 01:35 | अशुभ |
| उत्पात | 13:25 - 14:50 | अशुभ | काल | 01:35 - 03:10 | अशुभ |
| चंचल | 14:50 - 16:15 | शुभ | लाभ | 03:10 - 04:45 | शुभ |
| लाभ | 16:15 - 17:38 | शुभ | उत्पात | 04:45 - 30:22 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — अपने आस-पास फैली निराशा को भी दूर करने में सफल रहेंगे तथा स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। घर-परिवार में सुख-सुविधा की वस्तु खरीद सकते हैं।दावत में जाने के कई मौके प्राप्त होंगे।संतान के लिये दिन ठीक नहीं,वह अपनी जिम्मेदारियों से हटने का प्रयास करेंगे,जिससे आपका मन अशांत रहेगा।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — लगातार कार्य करने के घंटे बढ़ाने पड़ेंगे।कार्यक्षेत्र में आप पर सवाल उठ सकते हैं।आप धैर्य का परिचय देंगे तथा आप जिस कार्य को कर रहे हैं उसे पूर्ण भी करेंगे। शाम होते-होते कई पुराने लोगों से मुलाकात हो सकती है।आप अपने स्वयं के लिये कुछ समय निकालेंगे। यात्रा उत्तम रहेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — वाहन आदि सावधानी से चलाये।पैरों का दर्द बढ़ सकता है।आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें।किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं।कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज की गई यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी।अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है।अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बौद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें,इससे आपको औरों पर बढ़त हासिल होगी।हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — साझेदारी के मामलों में सहयोगियों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकता है।आज आप बदली हुई भूमिका में हैंआप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं,अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं।अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — पिता के लिये समय ठीक है। माता के लिये दिन ठीक नहीं। आज का दिन भावनात्मक रहेगा।आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है आप को इससे थोडा सा डर रहेगा क्योंकि आपने इससे पहले ऐसा कभी नही किया है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज की गई यात्रा बड़ा नुकसान दे सकती है।यह समय मजे और स्वतन्त्रता दोनों में से किसी एक को चुनने का है। अगर आप जिम्मेदार हैं तो आपको स्वतंत्रता भी मिल ही जायेगी।हालाँकि अत्यधिक परिश्रम के बाद भी आप अपनी मंजिल पर तो नही पहुंच पायेंगे

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — पुश्तैनी कार्यों से जुड़े लोगों के लिये कार्यों में कोई समस्या उत्पन्न हो सकती है।शाम होते होते आलस्य आप पर हावी रहेगा।आज आप एक बहुत बड़ी साझेदारी को अंतिम रूप देने वाले हैं लेकिन आपको अपने पार्टनर को अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट बता देना चाहिए।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — पिता के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे तथा पिता से अपनी बात मनवाने में सफल भी रहेंगे। संतान के लिये दिन उत्तम रहेगा।दिन घटनाओं से भरा रहेगा और आपको किसी अप्रत्याशित घटना के लिए तैयार रहना है।आपको कई दिशायों में सक्रिय रहना पड़ेगा लेकिन सकारात्मक बने रहेंगे।आप नयी उर्जा एवं वास्तविकता से परिपूर्ण सार्थक योजनायें पेश करेंगे।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — संतान के किसी कार्य से मन प्रसन्न रहेगा।बालों के झड़ने तथा दांतों से संबंधी समस्या परेशान कर सकती है।लचीला रुख अपनाना चाहिए,लेकिन आज आप ना तो कोई अच्छी सलाह और ना ही अपने मन की आवाज सुनना चाहते हैं। आपका यह अड़ियल रवैया आपके लिये घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह पर आपके लिए नुक्सान का कारण बनेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — जीवनसाथी के साथ भी कोई अनबन हो सकती है। यात्रा के लिये दिन ठीक है।एक ऐसा व्यक्ति जो काफी लम्बे समय से आपके आस पास है लेकिन उस पर आप अधिक ध्यान नही दे रहे थे,आज से आप उसके बारे में गंभीरता से सोचना शुरू करेंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा किये गये कार्यों की प्रसन्नता होगी। दैनिक इन्कम में भी बढ़ोत्तरी हो सकती है।भाग्य आज साथ है।आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुंचेगी।वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यवसायिक जिंदगी में क्या चल रहा है। आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# कांग्रेस नेता सतीश जरकीहोली से पार्टी ने किया किनारा

## हिंदू शब्द को लेकर दिया था विवादित बयान



बेंगलुरु, 8 नवंबर (एजेंसियां)। हिंदू शब्द को लेकर कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी राज्य अध्यक्ष सतीश जरकीहोली के बयान से पार्टी ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने सतीश के बयानों को उनका निजी बयान बताया है। डी. के. शिवकुमार ने कहा, "सतीश जरकीहोली का बयान उनकी निजी राय है न कि कांग्रेस पार्टी की राय है। हम इस पर उनसे स्पष्टीकरण मांगेंगे। कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों का समर्थन करती है और उनके बयान से सहमत नहीं है।"

**बीजेपी ने साधा निशाना**

वहीं सतीश जरकीहोली के बयान पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, "कांग्रेस और आप के नेताओं को हिंदुओं को नीचा दिखाने, अपशब्द बोलने की आदत है। चुनाव के समय इनको जनेऊ और भगवान याद आते हैं, बाकी समय कांग्रेस और आप पार्टी के लोग देवी देवताओं को गालियां निकालते है।"

**सभी को साबित करने दें कि मैं गलत हूं: जारकीहोली**

बयान पर काफी विवाद होने के बाद सतीश जारकीहोली का बयान आया है। उन्होंने कहा है, "सभी को साबित करने दें कि मैं गलत हूं। अगर मैं गलत हूं तो मैं अपने बयान के लिए माफी मांगूंगा साथ ही विधायक पद से इस्तीफा भी दूंगा।"

**हिंदू शब्द को लेकर कही थी ये बात**

कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी राज्य अध्यक्ष सतीश जरकीहोली ने सोमवार को हिंदू शब्द को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था, "हिंदू शब्द कहां से आया? यह फ़ारसी है। भारत का क्या संबंध है? यह आपका कैसे हो गया हिंदू? इस पर चर्चा होनी चाहिए। यह शब्द आपका नहीं है। अगर आपको इसका मतलब समझ में आएगा तो आपको शर्म आ जाएगी।"

# रणबीर-आलिया से लेकर शाहरुख-सलमान तक की लगी बोली



उज्जैन, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में इन दिनों गधों का अनूठा मेला लगा है। हर साल उज्जैन में शिप्रा नदी के किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक गधों का मेला लगता है। सात दिन तक चलने वाले इस मेले में गधे के मालिक अपने गधों को लेकर आते हैं और बेचते हैं। इस साल भी मेले में अब तक कई गधों और खच्चरों की बोली लग चुकी है। इस मेले की खास बात ये है कि यहां आने वाले हर गधे और खच्चर का एक नाम होता है। गधा मालिक इनकी कद काठी, रंग-रूप और व्यवहार के आधार पर इनके नाम रखते हैं। इस साल गधों के मेले में शाहरुख सलमान से लेकर आलिया रणबीर कर की जोड़ी नजर आ रही है। तो वहीं राजा-रानी नाम के गधे भी मेले का खास आकर्षण हैं। खरीदार गधों का मुआयना कर रंग-रूप और कद काठी के आधार पर मोल-भाव करते हैं और मनचाहे गधे को खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं।

हर साल बड़ी संख्या में प्रदेश के पशुपालक अपने-अपने गधे बिक्री के लिए लेकर यहां पहुंचे हैं। इस बार पशु मालिकों का कहना है कि दो साल बाद एक बार फिर गधों का मेला लगा है क्योंकि दो साल कोरोना की मार झेल रहे थे, लेकिन इस बार मेले में जबरदस्त उत्साह के साथ व्यापार व्यवसाय हो रहा है। पूरे प्रदेश से इस मेले में गधे लाए बेचने के लिए लाए जाते हैं। एमपी के अलावा राजस्थान से भी खरीदने और बेचने वाले उज्जैन में आते हैं।

# तांत्रिक ने 11वीं कक्षा के छात्र से किया कुकर्म फिर एमएमएस बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल; ऐसे खुला राज

इंदौर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर में 11वीं क्लास में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ तांत्रिक द्वारा कथित तौर पर कुकर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। छात्र के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोप है कि महू थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा के छात्र ने इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को तांत्रिक मानने से इनकार कर दिया था, जिस पर तांत्रिक गुस्सा हो गया और एक दिन 17 वर्षीय छात्र को एक सुनसान कमरे में ले जाकर उससे कुकर्म किया। इसके बाद उसने लड़के का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। वह उसे वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल कर रहा था, जिसके बाद छात्र घर से चीजें चुराकर तांत्रिक को दिया करता था। छात्र के परिवार को जब यह बात पता लगी तो उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने तांत्रिक को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी महिंद्र भदोरिया ने बताया कि महू के रहने वाले 17 वर्षीय छात्र के परिवार द्वारा थाने पर यह रिपोर्ट लिखवाई गई थी कि इलाके में रहने वाले एक अर्पित कैथवास और उसके साथी तुषार कैथवास नामक आरोपियों द्वारा छात्र के उसके साथ कुर्म किया गया और उसे पीटा गया।

परिवार को इस बात की जानकारी उस वक्त लगी जब छात्र घर से रुपये चुरा रहा था। जैसे ही छात्र के माता-पिता ने उससे रुपये चुराते हुए देखा और पूरी बात की जानकारी ली। पीड़ित छात्र ने बताया कि इलाके में रहने वाला अर्पित नाम के एक तांत्रिक ने उसे सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया और उसका वीडियो बना लिया था। वह वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार रुपये मांग रहा था। छात्र पहले भी उसे 20000 रुपये दे चुका था, लेकिन और रुपये मांगने पर वह घर से रुपये चोरी कर ही रहा था कि उसके परिवार को इसकी जानकारी हो गई। इसके बाद माता-पिता के साथ जाकर नाबालिग छात्र ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 9 नवंबर, 2022

# पाकिस्तान में राजनीतिक संकट

सत्ता हाथ से जाने के बाद इमरान खान पिछले कई महीनों से सत्तारूढ़ दल और सेना के खिलाफ हमलावर रहे हैं तथा रैलियों और जलसों में शहबाज शरीफ की सरकार को खरीद-फरोख्त की सरकार बताते रहे हैं। उन्हें अभूतपूर्व जनसमर्थन भी मिल रहा है, लेकिन सेना और आइएसआइ इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता से आशंकित हैं। पाकिस्तान एक राष्ट्र के तौर पर लोकतंत्र की मूल मान्यताओं से बहुत दूर नजर आता है। लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक यात्राओं को सत्ता प्राप्ति का साधन माना जाता है, लेकिन वहां ऐसा बिल्कुल नहीं है। पाकिस्तान में सत्ता के विरोध में जनता को लामबंद करने के लिए 'लांग मार्च' की परंपरा बहुत पुरानी है, हालांकि यह लोकतंत्र की मजबूती का कारण कभी नहीं बन पाई। वहां चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों को बर्खास्त करने के लिए सेना ने विपक्षी दलों से मिल कर कई बार इन्हीं 'लांग मार्च' को मजबूत किया। देश में अशांति का माहौल बनाने में मदद की और फिर सुरक्षा के नाम पर प्रधानमंत्री को अपदस्थ करके सैन्य सरकार की स्थापना कर दी।

एक बार फिर पाकिस्तान उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान के नेतृत्व में 'लांग मार्च' का कारवां पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में समाप्त होता, उसके ठीक पहले उन पर हमला हो गया। यह लोकतंत्र को खत्म करने की सुनियोजित कोशिश का हिस्सा दिखाई देता है। इमरान खान को 'लांग मार्च' में जिस प्रकार अभूतपूर्व समर्थन मिला है, वह न तो पाकिस्तान की सेना के लिए सुखद संकेत माना गया और न ही सत्तारूढ़ पार्टी के लिए। इमरान खान देश में तुरंत आम चुनाव चाहते हैं और यह स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को स्वीकार नहीं है।इमरान खान जिस सेना की शह पर 2018 में प्रधानमंत्री बने थे, वही सेना उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन गई है। क्रिकेट के मैदान में आक्रामक तेवर के लिए मशहूर रहे इमरान खान राजनीतिक मैदान को आक्रामकता से जीत लेना चाहते हैं, पर उनकी यह कोशिश कामयाब होती दिख नहीं रही है। वे अपने भाषणों में देश की विदेश और गृह नीति की स्वतंत्रता की बात कह रहे हैं, लेकिन सेना के प्रभाव वाले इस इस्लामी देश में यह न तो सिद्धांत रूप में संभव है और न ही व्यवहार में। इस साल रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की शुरुआत में बतौर प्रधानमंत्री इमरान खान की रूस यात्रा और पुतिन से मुलाकात पाकिस्तान की सैन्य रणनीति के उलट मानी गई। अमेरिकी प्रभाव वाले इस देश में इमरान खान की रूस के करीबी दिखने की कोशिश को सेना ने चुनौती की तरह लिया और उसने विपक्षी दलों से हाथ मिलाकर उनको प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

पाकिस्तान में हर सरकार अमेरिका से बेहतर संबंध बनाए रखती है। पाकिस्तानी सेना के पास अधिकांश अत्याधुनिक हथियार अमेरिका के ही हैं। 1979 में अफगानिस्तान में तत्कालीन सोवियत संघ के सैन्य हस्तक्षेप के बीच पाकिस्तान और अमेरिका के सैन्य और कूटनीतिक संबंधों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई थी। बाद में इसके व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़े। अफगानिस्तान में मुजाहिदीन की सेना, तालिबान का जन्म और सोवियत संघ का विभाजन इन्हीं स्थितियों का परिणाम माना जाता है। अमेरिका की शह पर पाकिस्तान ने आतंकी केंद्र बनाए और अफगानिस्तान से सोवियत संघ की सेना को बाहर निकालने के लिए जिहाद को राजनीतिक



हथियार बनाया।

इमरान खान का रूस को समर्थन, उनकी अपरिपक्वता और पाकिस्तानी सैन्य हितों के विपरीत माना गया। इसके बाद पाकिस्तान की राजनीति में भारी उथल-पुथल हुई और सत्ता उनके हाथ से जाती रही। देश के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो बने। सत्ता हाथ से जाने के बाद इमरान खान पिछले कई महीनों से सत्तारूढ़ दल और सेना के खिलाफ हमलावर रहे हैं तथा रैलियों और जलसों में शहबाज शरीफ की सरकार को खरीद-फरोख्त की सरकार बताते रहे हैं। उन्हें अभूतपूर्व जनसमर्थन भी मिल रहा है, लेकिन सेना और आइएसआइ इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता से आशंकित हैं। लगभग डेढ़ दशक पहले पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो ने भी कुछ ऐसा ही साहस दिखाने की कोशिश की थी, जिसका परिणाम उनकी हत्या के रूप में सामने आया। इस घटना के दस साल बाद यानी 2017 में पाकिस्तान की 'एंटी टेररिज्म कोर्ट' ने बेनजीर भुट्टो हत्याकांड में पूर्व राष्ट्रपति और तानाशाह परवेज मुशर्रफ की संलिप्तता पर मुहर लगाते हुए उन्हें भगोड़ा करार दिया और उनकी संपत्ति जब्त करने के आदेश दिए थे।

पाकिस्तान में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बीच नेताओं को देश निकाला या चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिया जाना व्यवहार में रहा है। बेनजीर भुट्टो को भी यही झेलना पड़ा था। 2007 में जब उन्होंने पाकिस्तान की सरजमीं पर कदम रखा तो लगभग तीस लाख लोगों की भीड़ उनके स्वागत में उमड़ पड़ी। इस बात से पाकिस्तान का सैन्य शासन बेहद डरा हुआ था। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। इससे यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान की सेना देश में अपनी बादशाहत बरकरार रखने के लिए सर्वोच्च स्तर के लोकतांत्रिक नेताओं का कत्लेआम करने से भी गुरेज नहीं करती।

गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना ने इस मुल्क के अस्तित्व में आने के बाद आधे से ज्यादा समय तक तानाशाही के जरिए सीधा राज किया है और वह किसी भी कीमत पर देश की सत्ता को अपने शिकंजे में रखती है। उसे देश में लोकतंत्र के प्रति बिल्कुल दिलचस्पी नहीं है। यही कारण है कि पाकिस्तान में कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। जब भी किसी प्रधानमंत्री ने अपने लोक लुभावन कामों से जनता का दिल जीतने की कोशिश की, वह सेना को कभी रास नहीं आया। इस प्रकार पाकिस्तान में लोकतंत्र को खत्म करने के लिए सेना न्यायपालिका के साथ मिलकर साजिशों को अंजाम देती है।

पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और सेना के प्रभाव को अमेरिका का समर्थन मिलता रहा है। अमेरिका ने पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही को प्रश्रय देते हुए अय्यूब खान, जनरल याह्या खान, जनरल जिया-उल-हक और जनरल परवेज मुशर्रफ को भरपूर समर्थन दिया। सेना ने अमेरिका की आर्थिक मदद को देश के विकास से ज्यादा सैन्य सुविधाओं के लिए खर्च किए। पाकिस्तान के विभिन्न व्यवसायों में सैन्य अधिकारियों की बड़ी भागीदारी और निजी हित रहे हैं। वहां की आम जनता महंगाई से भले त्रस्त हो, लेकिन सैनिकों की सुविधाओं से कभी समझौता नहीं किया गया। सरकारें सेना के दबाव में ही देश का आर्थिक बजट तय करती हैं। वहां सेना और आइएसआइ की आलोचना को अपराध माना जाता है। इमरान खान इस स्थिति को जानते हैं, फिर भी सत्ता में लौटने के लिए विरोध को अपना हथियार बना रहे हैं। पाकिस्तान का लोकतंत्र, सेना और धार्मिक समूहों के संगठित हितों के जाल में इस कदर उलझा हुआ है कि उनका उन्मुक्त होकर काम करना नामुमकिन है।

इमरान खान देश में व्यवस्थागत परिवर्तन चाहते हैं, जिसमें देश की आंतरिक और विदेश नीति पर सरकार का नियंत्रण हो। वे पूर्व सरकारों के शीर्ष नेताओं की अकूत संपत्ति को लेकर भी हमलावर रहे हैं। पाकिस्तान को अमेरिका का सैन्य अड्डा बने रहने का खुला विरोध करते रहे हैं। मगर वे यह सोचते हैं कि जन समर्थन के बूते वे देश में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में कामयाब हो जाएंगे तो सेना के प्रभाव के चलते यह मुमकिन नहीं दिखाई देता।

विद्रोही तेवर के चलते ही उन पर कई प्रतिबंध लाद दिए गए हैं, जिससे वे देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सके। इमरान खान की छवि अमेरिका विरोधी होने से उनका सत्ता के शीर्ष पर पहुंचना खासा मुश्किल है और सेना इसे पसंद भी नहीं करेगी। इमरान खान पर जानलेवा हमले के बाद पाकिस्तान में आंतरिक सुरक्षा का संकट फिर गहरा गया है। ऐसे समय का ही इंतजार सेना को होता है। पाकिस्तान की यह राजनीतिक अस्थिरता सैन्य शासन का एक और अवसर लेकर आई है।

## आरक्षण के रास्ते तरक्की

आर्थिक रूप से कमजोर यानी ईडब्ल्यूएस वर्गों के लिए दस फीसद आरक्षण का रास्ता सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है। इससे शिक्षा और नौकरी में गरीब सवर्णों को भी इतना लाभ मिल सकेगा कि अब वे आगे आसानी से बढ़ सकें। सोमवार को पांच सदस्यों वाले संविधान पीठ ने तीन-दो के बहुमत से एक सौ तीन वें संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रखते हुए यह फैसला दिया गया। प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट ने इस संविधान संशोधन को वैध नहीं माना, जबकि तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया। सर्वोच्च अदालत के यह फैसला स्वागतयोग्य इसलिए भी है कि संविधान पीठ ने इस मुद्दे की मूल भावना को केंद्र में रखते हुए उसे प्रमुखता दी। अब सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर तबके को ऊपर लाने और इस दिशा में सरकार के प्रयासों को भी गति मिल सकेगी। बता दें कि देश में आरक्षण हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। इससे जुड़े मुद्दों को लेकर हमेशा विवाद उठते रहे हैं। अब इस पर भी सहमति-असहमति के स्वर उठें तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में 103वां संविधान संशोधन लागू कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया था। तब इस संशोधन को संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन बताते हुए इसकी वैधता को चुनौती दी गई थी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण सुनिश्चित करने वाले एक सौ तीन वें संविधान संशोधन के विरोध के पीछे बड़ा कारण यह बताया गया कि इससे संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन होता है। प्रधान न्यायाधीश ने भी अपने फैसले में इस को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि संविधान सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ की इजाजत नहीं देता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण देना संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है। लेकिन संविधान पीठ के जिन जजों ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया, वे सभी इस बात पर सहमत थे कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दस फीसद का आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का कहीं से उल्लंघन नहीं करता है। इसमें भी सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि न्यायमूर्ति पारदीवाला ने साफ कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण अनिश्चितकाल के लिए नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। संविधान पीठ के बहुमत वाले सदस्यों ने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण इसलिए भी जरूरी है ताकि समतावादी समाज के लक्ष्य की ओर एक सर्व समावेशी तरीके से आगे बढ़ना सुनिश्चित किया जा सके। सर्वोच्च अदालत के इस फैसले के बाद सरकार के लिए अब बड़ी चुनौती इस फैसले को अमल में लाने की है। इसके अलावा इस फैसले को उस तबके तक पहुंचाना भी सबसे महत्वपूर्ण होगा जिसके हित में यह कदम उठाया गया है। देखना होगा कि सरकार कैसे ईमानदारी के साथ इसे लागू करवाती है। आरक्षण को लेकर एक बड़ा सवाल अब तक यही उठता रहा है कि सामाजिक रूप से जिन पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें ऊपर लाना चाहिए था, उसमें सरकारें सफल नहीं हो पाईं। जो लोग आरक्षण का लाभ लेकर हर तरह से संपन्न बन चुके हैं वे लोग भी इसका लाभ अभी तक उठा रहे हैं। इसलिए आरक्षण को लेकर एक सही नीति बनाने की मांग भी लंबे समय से चलती आ रही है।आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण देने के पीछे भी मूल भावना यही है कि सिर्फ आर्थिक अभाव की वजह से कहीं कोई अवसरों में न पिछड़े। अगर सरकार और राजनीतिक दल वाकई देश के कमजोर तबकों को ऊपर उठाना चाहते हैं तो इसे सिर्फ चुनावी फायदे के रूप में देखने की प्रवृत्ति से ऊपर उठना होगा। तभी सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछडेÞ वर्गों का भला हो पाएगा, जिससे देश खुशहाली के रास्ते पर सरपट दौड सकेगा।

## तीन तिगाड़े काम बिगाडे जग के सारे



रेखा शाह

एक बाबा फेकू दास कहते हैं कि तीन तिगाड़े काम बिगाडे बाबा फेकू दास खुद भी बड़े ज्ञानी ध्यानी विद्वान है उनके बारे में सुना गया है कि पहले वह भी गृहस्थ आदमी थे, लेकिन बुरा हो इन तीन तिगाड़े ने इनकी जिंदगी बिगाड़ी फेसबुक- इंस्ट्रा - ट्विटर, इन तीनों पर बाबा फेकू दास इतना रास रचाए की सुंदरियों का डिजिटल दुनिया से निकलकर रियल दुनिया में आगमन हो गया और उनका इसी के साथ घर से पलायन, दोनों कांड एक साथ अंजाम को पाए थे। बाबा फेकू दास फिर भी जिंदगी के मोर्चे पर डटे हुए थे, उनका जीवन के प्रति मोह अभी भी नहीं छूटा था।। अतः वो करतल भिक्षा तरु तल वासऱ करते हुए सुंदरियों के द्वारे द्वारे भिक्षा मांगते फिर रहे थे अतः इनसे आम गृहस्थ जनों को आशीर्वाद लेने की परम आवश्यकता है, आखिरकार जीवन की सभी विधाओं पर पर बाबा फेकू दास शोध किए हुए छात्र हैं फुल वारंटी देते हैं ज्ञान की गारंटी के साथ।

लेकिन बाबा फेकू दास के जीवन में इतने ही तीन तिगाड़े नहीं थे, इतने होते तो भी वह बेचारे जी लेते ।लेकिन इनके तो कुंडली में शनि राहु केतु कुंडली मारकर बैठे हुए थे ।अतः उनका अगला सामना अबकी तीन तिगाड़े पुलिस - वकील -डॉक्टर से हुआ ,अब जनता को तो यह भली-भांति पता है कोई भी शरीफ बंदा पुलिस स्टेशन के तरफ मुंह करके सांस लेना भी नहीं चाहता ना जाने कब किस पुलिसवाले का मूड घूम जाए और उसके माथे पर सनक सवार हो जाए और वह आपको बलि का बकरा बना दे पुलिस वालों पर यह शेर एकदम फिट बैठता है -- मियां शरीफों को क्या परेशान करते हो! तुम्हारी बिरादरी कहीं और है खैर बाबा फेकू दास ने जीवनभर बहुत सारे पाप किए कुछ भी नहीं हुआ लेकिन एक दिन किसी की मदद करते हुए पुलिस के हत्थे चढ़ गए ,बेचारे दे दिला कर कुछ छूटने की कवायद मे वकील के पास गए।

वकील के मदद से दुनिया में मोक्ष प्राप्त करना चाहते थे लेकिन दुनिया में एक वकील ही ऐसी प्रजाति है जो दूसरों के घर में जब आग लगती है तभी उसके घर का चूल्हा जलता है अतः उस वकील ने भी उनसे जो बची कुची हुई जमा पूंजी थी निचोड़ लिया, सो सदमे में बाबा फेकू दास गंभीर बीमार पड़ गए और पहुंच गए डॉक्टर के पास दो दिन अस्पताल में गुजारने के बाद कुछ स्वास्थ्य बहाल हुआ तो छुट्टी का समय हुआ डॉक्टर ने जो लंबा चौड़ा बिल दिखाया ,अब डॉक्टर भी भला क्या डॉक्टर है जिसका दिल देखकर दिल ना हिल जाए और बाबा का कोमल हृदय बिल के द्वारा हिले हुए दिल का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाये और वह दुनिया से पलायन कर गए।

इस तरह तीन तिगाड़े काम बिगाडे इस जग के सारे यह मुहावरा बाबा फेकू दास पर पूर्णत लागू हो गया।। आप भी अपनी जिंदगी में खुशी और चैन से जीना चाहते हैं तो इन सभी तीन तिगाडो से दूर रहिए।

## धमाका न होता तो कराची में ही रह जाते आडवाणी

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वह 95 साल के हो गए हैं। भाजपा के संस्थापक सदस्य आडवाणी भारत में हिंदुत्व पॉलिटिक्स के बड़े चेहरे रहे हैं। राम मंदिर आंदोलन से लेकर डेप्युटी प्राइम मिनिस्टर बनने तक आडवाणी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। शायद कम लोगों को पता होगा कि आडवाणी के दिल में कराची बसता है। ना, इसे पाकिस्तान सोचकर मत देखिए। कराची उनकी जन्मस्थली है और 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक के तहत उन्हें भी कराची से विशेष लगाव रहा है। आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। एंड्र्यू वाइटहेड को 1997 में दिए एक इंटरव्यू में आडवाणी ने कराची के अपने दिनों को याद करते हुए कई दिलचस्प बातें बताई थीं।

**मैं तब 19 साल का था...**

इंटरव्यू में पहला ही सवाल यही था कि क्या आपके दिल में कराची के लिए विशेष लगाव है? आडवाणी ने कहा, 'बहुत ज्यादा। आखिर मेरा जन्म कराची में हुआ है। मैंने वहीं पर स्कूली पढ़ाई पूरी की। कुछ साल कॉलेज भी गया था। जब मैंने कराची छोड़ा था तब मैं 19 साल का था।' आडवाणी उस इंटरव्यू में बताते हैं कि सिंध प्रॉविंस हुआ करता था, तब उसकी आबादी भी ज्यादा नहीं थी। कुल 43 लाख आबादी में से वहां 13 लाख हिंदू थे। शायद 30 लाख मुस्लिम थे, लेकिन हिंदू आबादी ज्यादातर शहरों और कस्बों में थी। उस समय कराची की आबादी 3 से 4 लाख हुआ करती थी। आज के हिसाब से तब यह एक छोटा सा शहर था। आडवाणी के ज्यादातर दोस्त हिंदू थे, कुछ ईसाई, पारसी और यहूदी भी थे। उनके स्कूल का नाम सेंट पैट्रिक हाई स्कूल था, उसमें बहुत कम मुस्लिम पढ़ते थे।

**आडवाणी का दर्द**

एक सवाल के जवाब में आडवाणी कहते हैं कि आज (1997 के इंटरव्यू के दौरान) हालात बिल्कुल अलग हैं। यह देखकर मुझे तकलीफ होती है। कुछ साल पहले एक सर्वे में पता चला था कि कराची दुनिया के 10 सबसे गंदे शहरों में से एक है। मैं चौंक गया था। 1978 में मुझे कुछ दिनों के लिए कराची जाने का मौका मिला था, उस समय मैं मोरारजी भाई की सरकार में शामिल था। उस समय जहां भी मैं गया था, उतनी गंदगी नहीं थी। खास बात यह है कि मेरे बचपन के दिनों में कराची सबसे साफ शहरों में हुआ करता था।बंटवारे के समय के हालात का जिक्र करते हुए आडवाणी इस इंटरव्यू में कहते हैं कि 1947 के शुरुआती महीनों में चीजें तेजी से बदल रही थीं। अप्रैल-मई में पिक्चर साफ हो गई। यह जानकर हमें बहुत बुरा लगा था कि सिंध पाकिस्तान में रहने वाला है।

आडवाणी और संघ

क्या उस समय भी आडवाणी आरएसएस के ऐक्टिव मेंबर थे? जवाब में वह कहते हैं कि हां, मैं 14 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गया था।

क्या उस समय कराची में आरएसएस और मुस्लिम लीग के बीच कोई शत्रुता जैसा माहौल था? आडवाणी बताते हैं, 'नहीं, वहां मुस्लिम लीग मजबूत नहीं थी। शायद वहां जनता की राय ली जाती तो कराची के मुस्लिम भी बंटवारे के समर्थन में न होते। बंटवारे को समर्थन ज्यादातर पाकिस्तान के बाहर के इलाकों से ज्यादा देखा गया था। सिंध, पंजाब, पूर्वी पाकिस्तान, ईस्ट बंगाल जहां से भी हिंदुओं को पलायन करना पड़ा, वे यहां आकर अच्छी तरह से बस गए जबकि यूपी, बिहार से पाकिस्तान जाने वाले लोग आज भी मुहाजिर कहे जाते हैं। वे अच्छी तरह से बस भी नहीं पाए हैं।'

**क्या कराची में रहने वाले थे आडवाणी?**

क्या 1947 में आडवाणी को एक बार भी लगा था कि उन्हें कराची में ही रहना चाहिए? भाजपा नेता ने इंटरव्यू में कहा था कि अगर मैं पीछे जाकर देखूं तो उस समय काफी अनिश्चितता की स्थिति थी। हमारा फैसला वहीं रहने का था क्योंकि पंजाब से बिल्कुल अलग स्थितियां वहां थीं। बंटवारे से पहले कोई दंगा नहीं हुआ था। बंटवारे के बाद भी स्थितियां उतनी खराब नहीं हुई थीं। हत्याएं शुरू हो गईं, ट्रेनों और सड़कों पर खून बहने लगा। पंजाब, नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविंस, बंगाल में भारी हिंसा भड़की हुई थी। लेकिन कराची में ऐसा कुछ नहीं था। ऐसे में जब बंटवारा हो रहा था तो हमें लग रहा था कि हम क्यों जाएं? हम यहीं रहेंगे, ऐसी भावना मन में थी।

**फिर क्यों छोड़ा कराची?**

ऐसा क्या हुआ कि कराची छोड़ने का फैसला लेना पड़ा। आडवाणी बताते हैं कि कराची में सितंबर के महीने में एक भीषण धमाके के बाद मेरी ही नहीं, वहां रहने वाली पूरी हिंदू आबादी का नजरिया बदल गया। आरोप आरएसएस के लोगों पर लगे। उसी समय दिल्ली में गांधी जी ने आरएसएस की एक मीटिंग को संबोधित किया था। आडवाणी ने बताया, 'मुझे 11 या 12 सितंबर 1947 का डॉन अखबार का अंक अच्छी तरह से याद है। एक तरफ आरएसएस रैली में गांधी के संबोधन का जिक्र था जिसमें उन्होंने कश्मीर में कबायलियों को भेजने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान इसी तरह का रवैया रखता है तो कौन जानता है कि भारत और पाकिस्तान में जंग छिड़ जाए। और यह नहीं होना चाहिए।' अखबार के दूसरे पन्ने पर पाकिस्तान में आरएसएस की साजिश का आरोप लगाते हुए बम धमाके की हेडलाइन छपी थी।

आडवाणी ने उस दौर को याद करते हुए कहा था कि 19 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़े होने के कारण वह बिल्कुल भी भयभीत नहीं हुए थे। आखिर में 12 सितंबर 1947 को उन्होंने कराची छोड़ दिया। वह अकेले थे और उन्होंने पहली बार प्लेन का सफर किया था। आरएसएस से जुड़ा होने के कारण लोगों ने सलाह दी थी कि अकेले ही अभी निकल जाइए। करीब एक महीने के बाद परिवार ने कराची छोड़ा। सिंध से अक्टूबर में तेजी से पलायन शुरू हो चुका था। जनवरी 1948 आते-आते वहां भी दंगे भड़क गए।

पाकिस्तान बनने के बाद आडवाणी करीब एक महीने तक वहां रहे थे। पाकिस्तान के इंडिपेंडेंस डे के दिन भी उन्हें कोई खुशी नहीं हुई थी। बंटवारे के दर्द से आहत स्कूल में कई बच्चे मिठाई भी नहीं खाए थे। वह बताते हैं कि हमें आजादी जैसी कोई फीलिंग नहीं हो रही थी।

## दुश्मन की मिसाइलों से कैसे बचेंगे हमारे शहर

भारत ने दुश्मन की हमलावर बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव की स्वदेशी क्षमता हासिल करने का एलान कुछ दिनों पहले किया। एडी-1 नाम की इस स्वदेशी इंटरसेप्टर मिसाइल यानी मिसाइल-नाशक-मिसाइल का ओडिशा के अब्दुल कलाम परीक्षण स्थल से सफल परीक्षण करने के बाद भारत को विदेशी प्रणालियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। दो दशक के प्रयास के बाद मिली इस कामयाबी से भारत अब अमेरिका (पैट्रियट और थाड प्रणाली), रूस (एस-400), इस्राइल (ऐरो-3) जैसे चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा हो गया है।एडी-1 के साथ देश ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है।

पांच हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करने वाली अग्नि जैसी मिसाइल भारत के पास थी, लेकिन कोई मिसाइल डिफेंस सिस्टम उसके पास नहीं था।

इसलिए भारत को रूस से एस-400 नाम की पांच एंटी मिसाइल प्रणालियों का आयात करीब पांच अरब डॉलर के खर्च पर करना पड़ा।

भारत का पड़ोसी चीन बड़ी मिसाइल ताकत है। उसने पाकिस्तान को भी आधुनिक मिसाइलों की सप्लाई की है। इसे देखते हुए भारत ने रूसी एंटी मिसाइल एस-400 की तैनाती भी शुरू कर दी है। चीन भी एस-400 की बदौलत अपनी राजधानी की रक्षा करता है और उसने लद्दाख की सीमाओं पर भी इसे तैनात किया है।

कब शुरू हुई पहल

भारत ने स्वदेशी एंटी मिसाइल प्रणाली हासिल करने का फैसला करगिल युद्ध के बाद साल 2000 में ही कर लिया था। तब पाकिस्तान की ओर से बार-बार मिसाइलें दागने की धमकियां दी जा रही थीं।

इसके बाद भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला डिफेंस रिसर्च लैबोरेटरी (डीआरएल) ने एंटी मिसाइल प्रणाली के विकास पर काम शुरू किया।

करीब डेढ़ दशक के भीतर एंटी मिसाइल प्रणाली के पहले चरण का विकास कार्य पूरा कर लिया। पहले चरण की दो स्तरों (टू टियर) वाली मिसाइल दुश्मन की हमलावर मिसाइल को न्यूनतम 15 से 25 किलोमीटर और अधिकतम 80 से सौ किलोमीटर दूरी तक मार गिरा सकती है।

चूंकि यह पांच हजार से अधिक किलोमीटर मार करने वाली मिसाइलों को आसमान में ध्वस्त नहीं कर सकती थी, इसलिए दूसरे चरण में एडवांस्ड प्रणालियों का विकास किया गया, जिसे एडी -1 नाम दिया गया।

बैलिस्टिक मिसाइलें आवाज से दो-तीन गुना अधिक गति से हमला करती हैं, जिससे इन्हें दुश्मन के इलाके में गिरने में पांच-दस मिनट का ही वक्त लगता है। एंटी मिसाइल प्रणालियों की मारक गति इससे अधिक (आवाज से चार-पांच गुना ज्यादा) होती है, ताकि एंटी मिसाइल हमलावर मिसाइल की तुलना में अधिक गति से उड़ते हुए आसमान में टकरा जाए।

दुश्मन के इलाके से लॉन्च की गई बैलिस्टिक मिसाइलों के छूटते ही एंटी मिसाइल प्रणाली को अपने रेडार या उपग्रहों से चेतावनी मिल जाती है।

एंटी मिसाइल प्रणाली के रेडार इसे देख कर अपनी यूनिट को चौकस कर देते हैं और उसी क्षण इंटरसेप्टर मिसाइल दुश्मन की हमलावर मिसाइल को मार गिराने के लिए स्वतः सक्रिय हो जाती है। इस तरह की मिसाइल प्रणालियों को उपग्रहों से भी लक्ष्य खोजने में मदद मिलती है।

एडी-1 लंबी दूरी की इंटरसेप्टर मिसाइल है, जिसे दुश्मन की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ-साथ लड़ाकू विमानों को भी लो-एक्सोएटमोस्फेरिक और एंडो-एटमोस्फेरिक यानी वायुमंडल से कुछ बाहर और वायुमंडल के अंदर ही ध्वस्त कर देने के इरादे से विकसित किया गया है।

चीन, पाक से खतरा

आज केवल हमलावर बैलिस्टिक मिसाइल हासिल करना ही काफी नहीं कहा जा सकता। जब तक इन मिसाइलों को उड़ान के दौरान आसमान में ही गिरा देने की क्षमता हासिल नहीं की जाती, तब तक कोई देश सही मायने में मिसाइल ताकत नहीं कहा जा सकता। भारत की मिसाइल ताकत में यह बड़ी खाई महसूस की जा रही थी। अमेरिका ने थाड प्रणाली की तैनाती अपनी सीमाओं पर और वॉशिंग्टन जैसे बड़े शहरों की रक्षा के लिए तो की ही है, दक्षिण कोरिया में भी ऐसी मिसाइल रक्षा प्रणाली को तैनात किया है ताकि उत्तर कोरिया की बंदरघुड़कियों का मुकाबला किया जा सके। भारत की स्थिति भी ज्यादा अलग नहीं है। भारत के पड़ोस तिब्बत में चीन द्वारा भारी संख्या में भारत के बड़े शहरों की ओर निशाना लगाकर बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की गई हैं।

## लाभार्थी पॉलिटिक्स पर बीजेपी का जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार और पार्टी दोनों ने पिछले आठ वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं और इसके लाभार्थियों के इर्द-गिर्द अपनी राजनीति को एक प्रमुख मुद्दा बनाया है। 103वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर और उच्च जातियों में सबसे गरीब लोगों के लिए 10 प्रतिशत कोटा की अनुमति, दोनों ही इस मुद्दे को और मजबूत करते हैं।

मोदी सरकार ने 103वें संशोधन के माध्यम से गरीबों के बीच कल्याणवाद को आगे बढ़ाकर और मंडल के दायरे से हटकर गरीबों को आरक्षण दिया है। मोदी सरकार पर आरोप लगता है कि पब्लिक अफेयर्स में अल्पसंख्यकों की कमी है वहीं सरकार का तर्क है कि इसकी सभी योजनाएं सभी के लिए हैं, किसी विशेष जाति-धर्म के लिए नहीं।

इस साल 1 अप्रैल तक 9 करोड़ ग्राहकों वाली उज्ज्वला योजना हो या 26 अक्टूबर तक 47.28 करोड़ खाताधारकों वाली पीएम जन धन योजना, महामारी के मद्देनजर 80 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति माह 5 किलो मुफ्त राशन वाली योजना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण दोनों) के तहत स्वीकृत 3.35 करोड़ घर, बीजेपी की नजर में ये योजनाएं जाती और धर्म के विपरीत इसके जरुरतमंदों के लिए है।

हालांकि यह नया नहीं है। मंडल आयोग के समय से ही बीजेपी सवर्णों को आरक्षण की वकालत करती रही है। जून 1993 में बैंगलोर में अपनी राष्ट्रीय परिषद में, पार्टी ने एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का समर्थन करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया और मांग की कि सामान्य श्रेणी के गरीबों को भी 10% आरक्षण दिया जाना चाहिए।

अक्टूबर 2017 में दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी रोहिणी की अध्यक्षता में ओबीसी के उप-वर्गीकरण के लिए एक आयोग का गठन किया गया था इसके साथ ही राष्ट्रीय ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया था। रोहिणी आयोग ने पाया है कि सभी नौकरियों और शैक्षणिक सीटों में से 97% ओबीसी के रूप में वर्गीकृत सभी उप-जातियों में से सिर्फ 25% ओबीसी के पास है। वहीं 983 ओबीसी समुदायों में कुल 37% का नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में शून्य प्रतिनिधित्व है।

पिछले यूपी चुनावों में ओबीसी में सबसे पिछड़े समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले छोटे दलों के नेताओं को विधानसभा चुनावों में प्राथमिकता दी गई थी। इसलिए नए जरूरतमंदों को कल्याणकारी लाभ देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, न कि उन लोगों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो पहले से ही क्रीमी लेयर के साथ कट-ऑफ के रूप में आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं।

# मार्गशीर्ष मास

## श्रीकृष्ण से ही पड़ा इस महीने का नाम, सतयुग में इसी से होती थी साल की शुरुआत



9 नवंबर से अगहन महीना शुरू हो रहा है। कार्तिक के बाद ये दूसरा पवित्र महीना है। श्रीमद्भागवत के मुताबिक ये श्रीकृष्ण का पसंदीदा महीना है। इस महीने में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की विशेष पूजा होती है। साथ ही इस महीने में तीर्थ स्नान करने से पुण्य मिलता है और हर तरह के रोग, शोक और दोष दूर होते हैं। ये हिंदी महीना 8 दिसंबर तक रहेगा। इसलिए अगहन को कहते हैं मार्गशीर्ष मास

अगहन मास को मार्गशीर्ष कहने के पीछे कई वजह हैं। इनमें पहली भगवान कृष्ण से जुड़ी है। श्रीकृष्ण की पूजा कई नामों से होती है। इन्हीं में एक मार्गशीर्ष भी श्रीकृष्ण का ही नाम है। इस महीने को मगसर, अगहन या अग्रहायण भी कहा जाता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार, श्रीकृष्ण ने कहा है मासानां मार्गशीर्षो हम अर्थात सभी महिनों में मार्गशीर्ष श्रीकृष्ण का ही स्वरूप है। मार्गशीर्ष मास में श्रद्धा और भक्ति से प्राप्त पुण्य के बल पर हमें सभी सुखों की प्राप्ति होती है।

**ज्योतिषीय नजरिया**

इस महीने का संबंध मृगशिरा नक्षत्र से है। ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्र बताए गए हैं। इन्हीं 27 नक्षत्रों में से एक है मृगशिरा नक्षत्र। इस माह की पूर्णिमा मृगशिरा नक्षत्र से युक्त होती है। इसी वजह से इस मास को मार्गशीर्ष मास कहा गया है।

**सतयुग में देवों ने मार्गशीर्ष से ही नया साल शुरू किया**

सतयुग में देवों ने मार्गशीर्ष मास की प्रथम तिथि को ही वर्ष प्रारम्भ किया था। तब खगोलीय स्थिति अनुकूल होती थीं। मार्गशीर्ष महीने में ही कश्यप ऋषि ने सुन्दर कश्मीर प्रदेश की रचना की थी। इसलिए आज भी इस पूरे महीने भजन-कीर्तन चलता रहता है। इससे भगवान प्रसन्न होते हैं।

**महत्व: तीर्थ स्नान से मिलते हैं सुख**

पुराणों के मुताबिक इस महीने कम से कम तीन दिन तक ब्रह्म मुहूर्त में किसी पवित्र नदी में स्नान करें तो उसे सभी सुख प्राप्त होते हैं। नहाने के बाद इष्ट देवताओं का ध्यान करना चाहिए। फिर विधिपूर्वक गायत्री मंत्र का जाप करें। स्त्रियों के लिए यह स्नान उनके पति की लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य देने वाला है। इस महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। साधारण शंख को श्रीकृष्ण को पाञ्चजन्य शंख के समान समझकर उसकी पूजा करने से सभी मनोवांछित फल प्राप्त हो जाते हैं। अगहन मास में भगवान गणेश की पूजा का भी महत्व बताया गया है।

# घर की इस दिशा में लगाएं हनुमान जी ये रूप, दूर हो जाएंगे सभी दुख दर्द

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की पूजा आराधना को समर्पित किया गया है इस दिन भक्त भगवान को प्रसन्न करने के लिए विधिवत पूजा करते हैं और व्रत भी रखते हैं मान्यता है कि प्रभु राम के भक्त का स्मरण करने से भूत प्रेत, और नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती है और कष्टों से राहत मिलती है।

धार्मिक शास्त्रों में हनुमान जी के कई रूपें का जिक्र किया गया है भगवान के हर रूप को अलग अलग समस्याओं के लिए पूजा जाता है वही वास्तु में भी हनुमान जी के हर रूप के लिए एक निश्चित दिशा और नियम बताए गए है अगर सही दिशा में हनुमान प्रतिमा या फिर तस्वीर लगाई जाए तो इसका विशेष फल प्राप्त हो सकता है।

वास्तु में हनुमान जी के पंचमुखी रूप के लिए भी एक निश्चित दिशा बताई गई है जिसके बारे में आज हम आपको बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।



वास्तुशास्त्र और ज्योतिष की मानें तो हनुमान जी का पंचमुखी अवतार बेहद चमत्कारी है पंचमुखी हनुमान जी के पांच मुख है मान्यता है कि घर पर पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा लगाने से जीवन में अपार सफलता हासिल होती है और प्रभु की कृपा से सभी तरह के कष्टों से भी व्यक्ति को मुक्ति मिल जाती है लेकिन इनकी प्रतिमा को सही दिशा में लगाना बेहद जरूरी है वास्तु अनुसार पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को हमेशा ही दक्षिण और पश्चिम दिशा में लगाना चाहिए।

इस दिशा को उत्तम माना जाता है इस दिशा में हनुमान जी की प्रतिमा या तस्वीर लगाने से परिवार के सदस्यों पर उनकी विशेष कृपा रहती है और घर का वास्तुदोष भी समाप्त हो जात है आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलता है सकारात्मकता का भी संचार होता है वही व्यक्ति के मनोबल में भी वृद्धि होती है।

# हथेली पर हो ऐसी रेखाएं तो अनलकी होते हैं लोग

व्यक्ति की हथेली पर कई तरह की रेखाएं, निशान और आकृतियां पाई जाती है जिनका संबंध व्यक्ति के भाग्य और भविष्य से माना जाता है हथेली पर बनने वाली ये रेखाएं हस्तरेखा शास्त्र में महत्वपूर्ण मानी जाती है इन रेखाओं की मदद से व्यक्ति के स्वभाव, भविष्य, धन सुख, करियर, रोग आदि कई तरह की जानकारी हासिल की जा सकती है।

हस्तरेखा शास्त्र की मानें तो हथेली पर शुभ और अशुभ दोनों तरह की रेखाएं बनी होती है शुभ रेखाएं बनने पर व्यक्ति भाग्यशाली और धनवान होता है लेकिन अगर हथेली पर अशुभ रेखाएं बनती है तो जातक को जीवन तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

समुद्रशास्त्र में हथेली पर बनने वाली अशुभ रेखाओं के बारे में बहुत कुछ बताया गया है तो आज हम आपको इन्हीं के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार अगर किसी जातक के अंगूठे से कोई रेखा निकलकर शुक्र पर्वत से होते हुए भाग्य रेखा को काटती हुई निकलती है तो ऐसे जातक को अपने परिवार के सदस्य को खाने का दुख मिलता है इस रेखा को अच्छा नहीं माना जाता है वही अगर किसी जातक की हथेली में विवाह रेखा पर क्रॉस का निशान बना होता है तो ऐसे लातक अपने पार्टनर का सथ बहुत कम समय के लिए पाते हैं इन्हें जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जिस किसी की हथेली पर अनामिका उंगली के आस पास आड़ी रेखाएं बनती हो तो उस जातक को बुरे वक्त का सामना अपने जीवन में करना पड़ता है और लगातार जीवन में असफलताएं भी प्राप्त होती है।

हथेली पर भाग्य रेखा को काफी महत्वपूर्ण रेखा माना जाता है अगर भाग्य रेखा शनि पर्वत पर जाकर मिलती हो और उस पर कुछ आड़ी रेखएं उसको काट रही होती है तो ऐसे जातक को अपने करियर और धन संबंधी मामलों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# घर की तिजोरी में रखें ये एक फूल



हिंदू धर्म और वास्तुशास्त्र में पेड़ पौधों और फूलों को बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है इन्हें घर में लगाने से घर परिवार में सुख शांति और सकारात्मकता का संचार होता है वही इन्हीं फलों में से एक अपराजिता का फल है इस फूल को धार्मिक तौर पर बहुत मान्यता दी जाती है आपको बता दें कि यह फूल एकदम मोर पंख के जैसा दिखता है अपराजिता का फूल भगवान श्री विष्णु को बेहद ही प्रिय है वास्तु के अनुसार इसे फल को लगाने से जुड़े कुछ नियम और उपाय बताए गए है जिनका पालन करने से घर परिवार की सभी परेशानियां दूर हो सकती है तो आज हम आपको अपने इस लेख दवारा उन्हीं के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

आपको बता दें कि अपराजिता का फूल श्री विष्णु को बेहद प्रिय है आप गुरुवार या फिर शुक्रवार के दिन इसे अपने घर में लगा सकते हैं ऐसा करने से भगवान श्री विष्णु के साथ साथ देवी मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है और माता का आपके घर में आगमन होता है। मान्यता है कि अपराजिता का पौधा धन वैभव की देवी मां लक्ष्मी को आकर्षित करता है इस पौधे को घर में लगाने से परिवार पर आने वाले सभी संकट दूर हो जाते हैं और सुख शांति भी बनी रहती है धन से जुड़ी अगर कोई समस्या होती है तो वह भी दूर हो जाती है आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप सोमवार या फिर शनिवार के दिन अपराजिता के तीन फूल बहते जल में प्रवाहित कर दें। इससे आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी।

अगर आपकी कोई इच्छा पूरी नहीं हो पा रही है तो अपराजिता का पौधा आपकी सहायता कर सकता है। इसके लिए आप अपराजिता के फूलों से बनी माला भगवान भोलेनाथ, देवी मां दुर्गा और श्री हरि विष्णु को अर्पित करें आपकी सभी मनोकामना जल्द ही पूरी हो जाएगी। वास्तु की माने तो अपराजिता का पौधा घर में लगाने से शनिदेव प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं जिससे धन दौलत की कोई कमी नहीं रहती है।

यह पौधा आप अपने घर के पूर्व, उत्तर, उत्तर पूर्व दिशा में लगा सकते हैं ऐसा कहा जाता है कि इस स्थान और दिशा पर इस पौधे को लगाने से घर परिवार में सुख समृद्धि का वास बना रहता है। अपराजिता के फूल को घर की तिजोरी या फिर धन रखने वाली जगह पर रखने से धन में वृद्धि होती है और पैसो से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती है।

# जल्द बनना चाहते हैं करोड़पति तो रोजाना घर पर करें ये काम

हर कोई अपने जीवन में अमीर बनने का ख्वाब देखता है सभी चाहते हैं कि उसके पास अपार धन दौलत हो, अच्छी सेहत हो और जीवन में किसी भी चीज़ की कमी न हो लेकिन सभी इच्छाएं हर किसी की पूरी नहीं हो पाती है ऐसे में अगर आप भी इन सभी चीजों के सपने देख रहे हैं और अपनी इच्छाओं को पूरा करना चाहते हैं

तो इसके लिए माता लक्ष्मी का प्रसन्न होना जरूरी है मान्यता है कि



मां लक्ष्मी से जुड़े कुछ उपाय करने से आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण हो सकती है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा वास्तु से जुड़े कुछ कार्य बता रहे हैं जिन्हें रोजाना घर पर करने से माता लक्ष्मी जल्द प्रसन्न होकर अपनी कृपा आप पर बरसाएंगी जिससे आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएगी तो आइए जानते हैं वो उपाय क्या है।

लक्ष्मी कृपा पाने के लिए घर में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं मान्यता है कि इस पौधे में धन की देवी का वास होता है वही अगर आप रोजाना सुबह शाम तुलसी के पौधे पर घी का दीपक जलाकर उसकी पूजा करते हैं और सुबह जल अर्पित करते है तो ऐसा करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर आपके पूरे परिवार की इच्छाएं पूर्ण करती है और अपनी कृपा बरसाती है। शास्त्रों में भोजन के लिए कई नियम बताए गए है जिनमें कहा गया है कि अगर भोजन करते वक्त आपका मुंह पूर्व दिशा में हो तो इसे अच्छा माना जाता है।

यह दिशा सूर्यदेव को समर्पित है और इसे शुभ मान जाता है भोजन के दौरान भूलकर भी जूते चप्पल नहीं पहनना चाहिए इससे मां अन्नपूर्णा नाराज़ हो जाती है। घर के ईशान कोण को शुभ माना जाता है ऐसे में रोजाना ईशान कोण में गंगाजल का छिड़काव करना चाहिए वही सुबह उठते ही अपनी हथेलियों को देखना चाहिए साथ ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मी' मंत्र का जाप भी करते हैं ऐसा करने से माता लक्ष्मी और देवी सरस्वती की कृपा मिलती है इससे धन प्राप्ति के योग बनते हैं और परेशानियां दूर हो जाती है।

## सबसे अच्छा जीवन साथी आपके लिए कौन होगा? राशि के अनुसार ऐसे जानें

बेस्ट लाइफ पार्टनर

1) मेष राशि के लिए बेस्ट पार्टनर - राशि चक्र की पहली राशि मेष है। मेष राशि के जातक महत्वाकांक्षी, दृढ़निश्चयी होते हैं। वो जोखिम लेने वाले होने के चलते सुरक्षित खेलने में विश्वास नहीं करते हैं। प्रेम संबंधों में मेष राशि के जातक स्वयं पहल करते हैं। इन्हें बंधन में रहना पसंद नहीं होता है।

बेस्ट पार्टनर राशि : मिथुन राशि, सिंह राशि,तुला राशि, धनु राशि

2) वृषभ राशि के लिए बेस्ट पार्टनर - राशि चक्र की दूसरी राशि वृषभ है। वृश्चिक राशि का मिलान इस राशि के जातकों के लिए बेहतरीन होता है। वृषभ राशि का स्वभाव बेहद शांत होता है, क्योंकि इनकी कुंडली में चंद्रमा की स्थिति अच्छी होती है। वहीं किस्मत के मामले में वृश्चिक राशि काफी लकी मानी जाती है। ऐसे में इनका दांपत्य जीवन काफी सुखी रहता है।

3) मिथुन राशि के लिए बेस्ट पार्टनर- राशि चक्र की तीसरी राशि मिथुन है। इस राशि के जातकों के लिए वृषभ, तुला और सिंह राशि का पार्टनर चुनना शुभ माना जाता है। मिथुन राशि के जातक काफी चंचल स्वभाव के होते हैं। जबकि वृषभ, तुला और सिंह राशि के जातक काफी समझदार और सामंजस्य बिठाने में माहिर माने जाते हैं। ऐसे में इनकी मैरिड लाइफ अच्छी चलती है।

4) कर्क राशि के लिए बेस्ट पार्टनर -राशि चक्र की चौथी राशि कर्क है। मधुर वाणी वाले इस राशि के जातकों को स्थितियों को संभालना आता है। लेकिन इनके सीधे-सादे व्यवहार का कई बार लोग गलत फायदा उठा लेते हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए सिंह, मेष और धनु राशि के पार्टनर बेस्ट माने जाते हैं।

# मां लक्ष्मी को दूर भगाते हैं ये वास्तु

मां लक्ष्मी धन की देवी होती है। हर कोई यही चाहता है कि उन्हें लक्ष्मीजी का आशीर्वाद मिले और वह जीवन में खूब पैसा कमाए। लेकिन कई बार हम कड़ी मेहनत के बाद भी पैसा नहीं कमा पाते हैं। ऐसा घर की खराब वास्तु स्थिति से होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार जब आप घर में चीजों को एक खास स्थान और दिशा में नहीं रखते हैं तो वहां नेगेटीव ऊर्जा पनपने लगती है।

इस नकारात्मक ऊर्जा को देखकर घर में लक्ष्मीजी प्रवेश नहीं करती है। फिर आप पैसों से जुड़ी दिक्कतें झेलते हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे वास्तु टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें फॉलो कर आप अपने घर का वास्तु दोष खत्म कर सकते हैं। साथ ही मां लक्ष्मी आपके घर अधिक समय तक रहेंगी।

**मां लक्ष्मी को दूर भगाते हैं ये वास्तु दोष**

1. घर का मुख्य द्वार हमेशा अंदर की ओर खुलना चाहिए। वहीं ये द्वार उत्तर दिशा की ओर हो तो बहुत शुभ होता है। इससे सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है। इसके विपरीत यदि घर के दरवाजे बाहर की ओर खुले और सही दिशा में ना हो तो नकारात्मक ऊर्जा आती है। घर में अशान्ति, दरिद्रता और दुख अपने पैर पसारने लगती है। इसके अलावा दरवाजे पर गंदगी हो तो भी मां लक्ष्मी आपके घर नहीं आती है। इसलिए यहां सफाई करते रहे।

2. घर के फर्नीचर को भी वास्तु के हिसाब से रखना चाहिए। जैसे हल्के फर्नीचर को उत्तर या पूर्व दिशा में जबकि भारी फर्नीचर को दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। यह स्थिति शुभ मानी जाती है।

यदि इसका उल्टा किया तो वास्तु दोष उत्पन्न हो जाता है। फिर नेगेटिव एनर्जी बढ़ती है और मां लक्ष्मी आपके घर नहीं रहती है। एक और बात ध्यान रहे कि घर में सिर्फ लकड़ी का फर्नीचर होना चाहिए। प्लास्टिक का फर्नीचर शुभ नहीं माना जाता है।

3. बहुत कम लोग जानते हैं कि आपकी छत पर रखी पानी की टंकी भी वास्तु दोष उत्पन्न कर सकती है। ये भी आपके धन कमाने में अड़चन ला सकती है। इस वास्तु दोष से बचने के लिए हमेशा पानी की टंकी को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। इससे घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।


4. घर में पूजा स्थल को लेकर भी कुछ खास वास्तु नियम होते हैं। इसके अनुसार पूजा का स्थान हमेशा घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में होना चाहिए। आप जब भी भगवान की पूजा करें तो आपका मुंह उत्तर-पूर्व दिशा की ओर रहना चाहिए। इसके अलावा पूजा स्थान पर कभी भी पितरों की फोटो नहीं लगाना चाहिए।

5. घर के किचन का भी मकान के वास्तु पर गहरा असर पड़ता है। यह किचन दक्षिण पूर्व में होना चाहिए। जब आप खाना बनाए तो आपका मुंह उत्तर या पूर्व दिशा में रहना चाहिए। किचन में कभी झूठे बर्तन रातभर नहीं छोड़ने चाहिए। कचरा और झाड़ू भी किचन में नहीं रखना चाहिए।

# ऋतिक रोशन की बहन को डेट कर रहे कार्तिक आर्यन?

## दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ घर पर करते हैं चिल





**बॉलीवुड एक्टर** कार्तिक आर्यन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कार्तिक, ऋतिक रोशन की कजिन बहन पश्मीना रोशन को डेट कर रहे हैं। दोनों अक्सर एक दूसरे के घर लंबी मुलाकातें करते हैं। पिंकविला ने सूत्र ने दावा किया है कि जब कार्तिक आर्यन काम नहीं कर रहे होते हैं तो दोनों एक साथ घर पर चिल करते हैं। कार्तिक के करीबी सूत्र ने खुलासा किया, 'दिवाली के दिन कार्तिक ने जुहू में अपने नए मॅकलारेन में अपनी बेहद करीबी दोस्त पश्मीना के साथ थे। देर रात तक वक्त बिताने के लिए जियो वरल्ड ड्राइव उनका फेवरेट लेट-नाइट डेस्टिनेशन है। दोनों के बीच जमकर मुलाकातें हो रही हैं और दोनों साथ में अच्छा वक्त बिता रहे हैं।' कार्तिक के करीबी सूत्रों का दावा है, 'जब वो काम नहीं कर रहे होते हैं, तो वो पश्मीना के साथ अपने घर पर चिल करना पसंद करते हैं। वो दोनों पैपराजी के ध्यान से बचने के लिए अपनी कारों को अपने-अपने घरों में वापस भेज देते हैं।'

पश्मीना रोशन डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी और एक्टर ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं। पश्मीना इस समय हिंदी फिल्मों में अपने करियर को शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। वो जल्द ही 'इश्क विश्क' के सीक्वल 'इश्क विश्क रिबाउंड' में नजर आएंगी। पश्मीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। कार्तिक आर्यन भी उनके फॉलोवर्स में से एक हैं। इससे पहले, कार्तिक आर्यन की 'लव आज कल' की को-एक्टर सारा अली खान को डेट कर रहे थे। दरअसल कुछ साल पहले 'कॉफी विद करण' में सारा ने अपने पिता सैफ अली खान के सामने कहा था कि उन्हें कार्तिक पर क्रश है। साथ ही सारा ने कार्तिक को डेट करने की इच्छा भी जताई थी। ऐसे में जब दोनों ने 'लव आज कल 2' में साथ काम किया तो इनके अफेयर को लेकर अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद दोनों के अफेयर की खबरें भी हवा हो गईं। खबरें तो यहां तक आईं कि कार्तिक ने सारा को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो भी कर दिया है।

# विजय माल्या के रोल में नजर आएंगे अनुराग कश्यप

## 20 नवंबर से फिल्म 'फाइल नंबर 323' की शूटिंग





**'गैंग्स ऑफ वासेपुर'** के डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने कई फिल्मों में बतौर एक्टर भी काम किया है। अब वो जल्द ही देश के भगोड़े बिजनेसमैन विजय माल्या की भूमिका में नजर आएंगे। दरअसल कार्तिक. के जल्द ही भारतीय भगोड़ों को लेकर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी जैसे दिग्गज बिजनेसमैन्स द्वारा किए गए रियल लाइफ स्कैम्स पर आधारित होगी।

करीबी सूत्र के मुताबिक, विजय माल्या और अनुराग कश्यप दोनों की कद-काठी काफी हद तक एक-दूसरे से मेल खाती है, इसलिए उन्हें ये रोल ऑफर किया गया है। फिल्म के मेकर्स इस बारे में अनुराग से लगातार बातचीत कर रहे हैं। कहा ये भी जा रहा है कि कार्तिक. के का इस फिल्म को लेकर बहुत ग्रांड विजन है और वो इसमें विजय माल्या के किरदार को बहुत जिंदादिल और दमदार दिखाना चाहते हैं। कार्तिक की इस फिल्म का नाम 'फाइल नंबर 323' रखा गया है।

कार्तिक इस फिल्म के जरिए विजय माल्या के किरदार को लोगों को बहुत करीब से दिखाना चाहते हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस किरदार के लिए अनुराग कश्यप को प्रोस्थैटिक मेकअप दिया जाएगा। हालांकि अभी तक फिल्म के अन्य किरदारों को निभाए जाने को लेकर कोई अपडेट नहीं आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'फाइल नंबर 323' की शूटिंग 20 नवंबर से मुंबई में शुरू होगी। इसके अलावा फिल्म की शूटिंग UK सहित विभिन्न यूरोपीय देशों में होगी। फिल्म में नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के किरदारों के लिए भी कुछ चर्चित नाम तलाशे जा रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल यानी 2023 में रिलीज करने की प्लानिंग है।

# कानूनी पचड़े में तब्दील हुई शर्लिन-राखी की बहस

**एक-दूसरे के खिलाफ की पुलिस में शिकायत, अब कोर्ट पहुंचेगा मामला**

राखी सावंत और शर्लिन चोपड़ा की जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। दोनों एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रही हैं। 7 नवंबर को जहां राखी ने शर्लिन के खिलाफ पुलिस में कंप्लेन की, तो वहीं आज शर्लिन ने भी राखी के खिलाफ पुलिस में कंप्लेन दर्ज कराई है।

**शर्लिन ने राखी के खिलाफ दर्ज कराई कंप्लेन**

6 नवंबर को राखी ने शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ मानहानि की कंप्लेन दर्ज कराई है।





अब शर्लीन ने भी एक कदम आगे बढ़ाते हुए राखी के खिलाफ पुलिस में कंप्लेन फाइल करा दी है। इतना ही नहीं शर्लिन ने अपने एफआईआर की कॉपी ट्वीट कर राखी को टार्गेट किया है। जिसके तहत उन्होंने राखी के खिलाफ आईपीसी की धारा 499, धारा 500, धारा 509 और धारा 503 के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराई है। शर्लिन ने यह शिकायत जुहू पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है।इसी के साथ एक्ट्रेस ने लिखा कि- नौटंकीबाज राखी सावंत तैयार हो जाएं गिरफ्तार होने के लिए।

**शर्लिन ने साधा राखी पर निशाना**


शर्लिन ने राखी पर निशाना साधते हुए कहा- 'इंडस्ट्री के ये टॉमीज हम मीटू विक्टिम्स की यूनिटी को निशाना बना रहे हैं। वो झूठे बयान दे रहे हैं, कि शर्लिन चोपड़ा पोर्न स्टार है, प्रोस्टिट्यूट है। राखी सावंत जो मेरे बारे में घटिया और अपमानजनक बातें कर रही है, वो भला खुद क्या काम करती है। होटलों में प्राइवेट इवेंट ऑर्गेनाइज करती है और बॉयफ्रेंड्स बनाकर उन्हें लूटती है, सबको पता है कि वो खुद कैसे काम करती है।' शर्लिन ने राखी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- 'जिस किसी मोलेस्टर पर लोग मीटू का केस लगाते हैं, राखी उनकी बहन बन जाती हैं। राखी उन सभी विक्टिम्स के विरोध में खड़ी हो जाती हैं। आप सब देख सकते हैं कि राखी क्या कर रही है।

ये लड़ाई शोषण के खिलाफ है। मेरी तुमसे कोई लड़ाई नहीं है, तुम्हारे मोलेस्टर भाईयों से है। जाकर पूछो कि तुम्हारे भाईयों ने क्या किया है।' राखी के खिलाफ कंप्लेन दर्ज कराने के साथ ही शर्लिन ने पुलिस ऑफिसर और महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे को लेटर लिखा है। लेकर में शर्लिन ने डायरेक्टर साजिद खान पर मोलेस्टेशन के गंभीर आरोप लगाए है। ऐसे में अगर पुलिस आने वाले दिनों में कोई एक्शन नहीं लेती है, तो यह मामला कोर्ट तक जाएगा।

# यश ने नॉर्थ की फिल्में रिजेक्ट करने पर तोड़ी चुप्पी

## बोले- पहले लोग साउथ की फिल्मों का मजाक उड़ाते थे

**यश ने हाल** ही में एक इंटरव्यू में साउथ फिल्मों की सफलता के बारे में बात की है। यश नॉर्थ की फिल्में रिजेक्ट करने पर बोले नॉर्थ में पहले साउथ की फिल्मों का मजाक उड़ाया जाता था। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि एसएस राजामौली ने फिल्म 'बाहुबली' के जरिए सब कुछ बदल दिया और तभी से साउथ की फिल्मों को नार्थ में सम्मान भी मिलने लगा।



**10 साल पहले नॉर्थ में साउथ की फिल्में बहुत पॉपुलर थीं**

यश ने 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में कहा, '10 साल पहले नॉर्थ में हिंदी में डब की हुई साउथ की फिल्में बहुत पॉपुलर थीं। लेकिन शुरुआत में इन फिल्मों को लेकर यहां के लोगों की अलग-अलग राय थी। लोग तब साउथ की फिल्मों का मजाक उड़ाते थे। लोग कहते थे कि ये क्या एक्शन है, उड़ रहे हैं सब। लेकिन धीरे-धीरे लोगों ने इसे पसंद करना शुरू किया। उन्होंने इस आर्ट फॉर्म को समझना शुरू किया। तब प्रॉब्लम यह थी कि हमारी फिल्में कम रेट में बिकती थीं और उनकी डबिंग बहुत ही खराब की जा ती थी। उन्हें बहुत ही खराब तरीके से और फनी नामों के साथ प्रेजेंट भी किया जाता था।'

**यश ने की राजामौली की तारीफ**

यश ने आगे कहा, 'लोगों ने हमारी डब की हुई फिल्मों को समझना शुरू किया। मैं इसका क्रेडिट एसएस राजामौली सर को देना चाहता हूं। 'बाहुबली' से हमें वो रास्ता मिला। 'केजीएफ' को एक अलग सोच के साथ बनाया गया था। इसे किसी को डराने के लिए नहीं बल्कि इंस्पायर करने के लिए बनाया गया है। लोगों ने अब साउथ की फिल्मों पर ध्यान देना शुरू किया है और मैं इससे बहुत खुश हूं।

**मुझे निगेटिव चीजों का सामना करना पड़ा था**

यश ने ऋषभ शेट्टी की हालिया रिलीज फिल्म 'कंतारा' के बारे में बात करते हुए कहा, 'ये 'कंतारा' भी मेरी फिल्म है। आपने कहा कि ये मेरी फिल्म नहीं बल्कि तो मैं आपको बता दूं कि ये मेरी भी फिल्म है। मैं अपनी इंडस्ट्री को अलग नजरिए से देखता हूं और इसमें बदलाव की जरूरत है। लोगों के अंदर टैलेंट और कॉन्फिडेंस की कमी नहीं है, लेकिन हमें खुद को इससे बाहर निकालना पड़ेगा। लोग आपके बारे में बात करेंगे और आपको जज भी करेंगे, लेकिन लोगों की उस धारणा को तोड़ने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। जब मैंने अपना करियर शुरू किया था, तब मुझे भी निगेटिव चीजों का सामना करना पड़ा था।'

**कोई इंडस्ट्री बड़ी या छोटी नहीं होती है**

यश आगे कहते हैं, 'हमारी एक छोटी सी इंडस्ट्री है और इसमें कई लिमिटेशन्स भी हैं। हम बाकी इंडस्ट्रीज के साथ कम्पटीशन नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास पहले ही फिल्मों के लिए बड़ा बजट और बड़ी मार्किट है। कई लोग ये भी कहते होंगे कि कन्नड़ इंडस्ट्री इसे नहीं बना पाएगी। तो मैं उन्हें बस ये कहना चाहता हूं कि कोई इंडस्ट्री बड़ी या छोटी नहीं होती है।'

# श्वेता तिवारी ने 42 की उम्र में स्ट्रेप गिराकर लोगों के दिलों पर किया वार




**टीवी की** सबसे मशहूर एक्ट्रेस में से एक श्वेत तिवारी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. श्वेता पिछले कई सालों से टीवी पर काम कर रही हैं और लोग उन्हें घर-घर में प्रेरणा के नाम से जानते हैं. श्वेता तिवारी ने अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाई हैं, हालांकि इन दिनों एक्ट्रेस अपने बेहद बोल्ड और अलग लुक की वजह से छाई रहती हैं. दरअसल एक्ट्रेस ने कोरोना के दौरान खुद की फिटनेस पर खुब काम किया था और अभी से हर कोई उनकी बॉडी का दिवाना हो गया है. वहीं श्वेता भी आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं. 42 साल की श्वेता तिवारी अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से फैंस के दिलों को घायल कर देती हैं और एक बार फिर से उन्होंने अपनी फोटो शेयर करके ये साबित कर दिया है कि वो किसी फिल्मी एक्ट्रेस से कम नहीं है. सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसी तस्वीरें पोस्ट की, जिसे देखने के बाद यूजर्स एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं. इन तस्वीरों में श्वेता तिवारी ब्लैक ड्रेस में एक सोफे पर बैठ फोटोशूट करवाती नजर आ रहीं हैं. खुले बालों में श्वेता बेहद हॉट लग रही हैं और तस्वीरों में श्वेता तिवारी जमकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रहीं हैं। श्वेता तिवारी इन सभी तस्वीरों में अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही हैं. इन सभी तस्वीरों को शेयर करते हुए श्वेता तिवारी ने कैप्शन में लिखा, 'द स्पॉट लाइट'. इन फोटोज को देखने के बाद फैंस एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं. वहीं अगर फ्रंट वर्क की बात करें, तो श्वेता तिवारी ने टीवी सीरियलों के अलावा बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है. फिलहाल वे टीवी शो मैं हूं अपराजीता में नजर आ रही है. सीरियल में वे 3 बेटियों की मां बनी हैं. इसके पहले एक्ट्रेस ने कई सुपर हिट शो और सीरियल की हैं, जो अब भी लोग याद करते हैं.

# सोशल मीडिया के जरिए ईएमआई भरती हैं जाहनवी कपूर : बोलीं- क्यूट दिखूंगी तो और ब्रैंड्स अप्रोच करेंगे

**बॉलीवुड एक्ट्रेस** जाह्नवी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान सोशल मीडिया से होने वाली कमाई का खुलासा किया है। साथ ही उन्होंने अपनी रियल लाइफ और रील लाइफ के बारे में भी बात की है। दरअसल जाह्नवी फिल्मों में काफी अलग नजर आती हैं। वो ऑनस्क्रीन काफी शर्मीली और साधारण सी दिखती हैं। वहीं, ऑफस्क्रीन वो काफी ग्लैमरस नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी ने कहा कि उनका सोशल मीडिया उनके लिए मजे करने और ईएमआई भरने के लिए है।

जाह्नवी कहती हैं, 'मुझे अक्सर लोग ये सवाल करते हैं कि फिल्में तो मेरी एक मिडिल क्लास लड़की और साधारण दिखने वाली लड़की पर रहती है, लेकिन मैं सोशल मीडिया पर मैं एकदम अलग नजर आती हूं। ऐसे में लोगों के लिए तुम्हारी इमेज फिल्मों में गले के नीचे उतारना काफी मुश्किल हो जाता है।

मैं इस तरह की कैल्कुलेशन करने से बचती हूं। लोग जब मुझे मनीष मल्होत्रा की साड़ी में देखते हैं, वहीं दूसरी ओर अचानक से कुर्ता-पायजामा में एकदम सिंपल लुक में देखते हैं, तो उनके मन में मेरी दो इमेज क्रिएट होती हैं।'

**जो किरदार मिलता है, मैं उसे बखूबी निभाने पर यकीन रखती हूं**

जाह्नवी आगे कहती हैं, 'एक चीज मेरी जॉब, मेरे आर्ट का हिस्सा है तो दूसरा कहीं न कहीं मेरी पर्सनल लाइफ का। मैं इसके बारे में हमेशा सोचती हूं और कोशिश करती हूं कि मैं ज्यादा से ज्यादा रियल रहूं। जो हूं, वही लोगों को दिखाऊं। मुझे रील लाइफ में जो किरदार मिलता है, उसे बखूबी निभाने पर यकीन रखती हूं। एक अच्छा एक्टर वही होता है, जो रियल लाइफ अलग रखकर रील में अपने किरदार में अच्छी तरह उतर जाए।'

जाह्नवी ने कहा, 'सोशल मीडिया का मकसद मौज-मस्ती करना होता है। मैं अपनी इन पोस्ट्स से ये सुनिश्चित करने की कोशिश करती हूं कि और ब्रैंड्स मुझे एंडॉर्समेंट्स के लिए अप्रोच करें, जिससे मैं अपनी ईएमआई भर सकूं। मैं कुछ भी लाइफ में बहुत सीरियसली नहीं लेना प्रिफर करती हूं। मेरा सोशल मीडिया मेरे लिए एक मजेदार ऑप्शन की तरह है। अगर मैं क्यूट दिखती हूं, तो पांच और एक्स्ट्रा लोग मेरी फोटो देखेंगे। और ब्रैंड्स भी मुझे देखेंगे। मैं ज्यादा कमा पाऊंगी और अपनी ईएमआई आसानी से भर सकूंगी।'

जाह्नवी ने शशांक खेतान की फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में एक्टिंग करने के लिए श्रीदेवी ने उन्हें ट्रेनिंग दी थी। ये फिल्म 20 जुलाई 2018 में रिलीज हुई थी। जान्हवी आखिरी बार फिल्म 'मिली' में नजर आई थीं। ये फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं जाह्नवी की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेस माही', 'बवाल', 'तख्त', 'दोस्ताना 2' और 'किट्टी' में लीड रोल निभाती नजर आएंगी।





# समय बदलने के लिए आदतें बदलना भी ज़रूरी है...



**दिनचर्या में शामिल** कुछ आदतें हमारी जीवनशैली को बेहतर बनाती हैं, तो कुछ का प्रभाव विपरीत भी पड़ता है और हमें अहसास तक नहीं होता। इसलिए....समय बदलने के लिए बदलें आदतें

हम कई बार ख़ुद को ऐसे कामों में व्यस्त कर लेते हैं जिसकी वजह से हमारा समय बर्बाद होता है। अगर हमें पता चल जाए कि हमारी दिनचर्या और व्यवहार में ऐसी कौन सी बातें या आदतें हैं, जिनमें बदलाव करके हम अपने क़ीमती वक़्त को ख़राब होने से बचा सकते हैं। जानिए, उन आदतों को जिनमें बदलाव करना ज़रूरी है।

### प्राथमिकताएं तय न करना

प्राथमिकताएं तय नहीं करने से हमको पता नहीं होता है कि किस तरफ़ जाना है, ऐसे में हम किसी भी तरफ़ बढ़ने लगते हैं, कोई भी काम करने लगते हैं। ज़ाहिर है, फिर ज़रूरी काम को समय सीमा पर पूरा नहीं कर पाते हैं।

### सुबह का आरम्भ तय न होना

सुबह की दिनचर्या निश्चित नहीं हो तो ध्यान केंद्रित करने में दिक़्क़त होती है, साथ ही दिन की शुरुआत अव्यवस्थित ढंग से होती है।

### बस पांच मिनट और सोना

जागने के बजाय बस पांच मिनट और सोने के लालच में मोबाइल या घड़ी का स्नूज बटन दबाना उचित नहीं है। समय पर सोना और उठना चाहिए।

### सामान सही जगह पर न रखना

अव्यवस्थित जगह में रहने से सामान को खोजने में मिनटों और कई बार घंटों भी बर्बाद होते हैं। इसके साथ ही ध्यान केंद्रित करने में भी समस्या होती है।

### बार-बार फोन चेक करना

ईमेल बॉक्स बार-बार चेक से आपका असली काम से ध्यान भटकता है, साथ ही सोशल मीडिया को बार-बार चेक करने से स्क्रीन की भी लत लग सकती है। इसमें भी समय काफ़ी ख़राब होता है।

### एक साथ कई काम करना

हम सोचते हैं कि एक साथ कई काम पूरे करने से काम जल्दी पूरा हो जाएगा। जबकि ऐसा करने से ध्यान भटकता है, इसलिए एक समय में एक काम ही पूरा करना चाहिए।



### ना नहीं कह पाना

अगर आप सिर्फ़ लोगों की ख़ुशी के लिए उन्हें ना नहीं कह पाते हैं, तो कभी भी ना न कहने की इस आदत से आपको मुश्किल हो सकती है। कई बार आपको ऐसे काम भी करने पड़ सकते हैं, जिन्हें करने का आपका मन नहीं है या जो आपके मूल्यों के हिसाब से उचित नहीं हैं।

### मदद लेने में संकोच करना

कई बार इसलिए हम परेशान होते हैं, क्योंकि हम लोगों की मदद लेने में संकोच करते हैं। लोगों की सलाह और सहयोग नहीं लेने के कारण भी क़ामयाबी नहीं मिल पाती है और समय भी ख़राब होता है।

### अधिक विचार करना

किसी भी समस्या के बारे में बहुत अधिक सोचने से समस्या का हल नहीं निकलता है, बल्कि ऐसा करने से सिर्फ़ हमारा तनाव बढ़ता है और स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।

### विफलता से डरना

कुछ लोगों को जीवन में नाक़ामयाबी सिर्फ़ इसलिए मिलती है, क्योंकि वे विफल होने से डरते हैं। इस डर के कारण वे जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर पाते हैं। क़ामयाबी हासिल करने के लिए व्यक्ति को बार-बार नपा-तुला जोख़िम उठाना पड़ सकता है। जीवन में विफलता मिलना इस सफ़र का हिस्सा है।

# पैरों के तलवों पर लगाएं ये एक चीज, खर्राटे, सर्दी-जुखाम से मिलेगा छुटकारा



पैरों के तलवों पर तेल लगाने के फायदे: पुराने समय में कई समस्याओं को दूर करने के लिए घी का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं यदि घी को तलवों पर लगाया जाए तो इससे भी कई फायदे हो सकते हैं. बता दें कि पैरों के तलवों पर घी लगाने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरीकों से फायदा प्राप्त हो सकता है. ऐसे में लोगों को इन फायदों के बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि तलवों पर घी लगाने से क्या क्या फायदे प्राप्त हो सकते हैं.

### तलवों पर घी लगाने के फायदे

* यदि पैर के तलवों पर घी लगाया जाए तो इससे थकान को दूर किया जा सकता है. बता दें कि तलवों पर घी लगाने से न केवल अच्छी नींद आ सकती है बल्कि लोगों को मानसिक सुकून भी प्राप्त हो सकता है.

* तलवों पर घी लगाने से खर्राटे की समस्या से राहत मिल सकती है.

अक्सर कुछ लोग अपने खर्राटों को लेकर काफी परेशान रहते हैं. ऐसे में बता दें कि रात को सोने से पहले यदि तलवों पर भी लगाया जाए. इस परेशानी से छुटकारा मिल सकता है.

* तलवों पर घी लगाया जाए तो इससे सर्दी जुकाम से भी राहत मिल सकती है. ऐसे में आप हल्का गुनगुना तेल तलवों पर लगाएं. ऐसा करने से सर्दी और जुकाम से राहत मिल सकती है.

*ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने के लिए भी आप सप्ताह में कम से कम 2 बार तलवों पर घी लगा सकते हैं. इससे पैर दर्द से भी राहत मिल सकती है. व कमर दर्द भी ठीक हो सकता है.

* यदि आप हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो ऐसे में आप अपने तलवों की मालिश घी के साथ करें. ऐसा करने से राहत मिल सकती है।

# चाहते हैं घर में हंसी-खुशी का माहौल तो ध्यान में रखें ये खास बातें



**घर एक ऐसा** स्थान है जहां लोग अपने परिवार के साथ मिलजुल कर रहते हैं। अगर आप भी चाहते हैं कि आपके परिवार में भी सदा खुशियां बनी रहें तो आपको कुछ वास्तु टिप्स फॉलो करने की जरुरत है। घर में उसकी रख-रखाव और साज-सज्जा के लिए इस्तेमाल होने वाले समान का वास्तु के अनुसार सही जगह पर पड़ा होना बहुत जरुरी है। तभी आप जीवन में सभी खुशियों का आनंद पूरी तरह ले सकते हैं।

### झाड़ू

घर में खुशियों भरा माहौल बनाए रखने के लिए झाड़ू कभी भी सीढ़ीयों के नीचे मत रखें। सूरज ढलने के बाद घर में झाड़ू मत लगाएं। ऐसा करने से घर की लक्ष्मी नाराज होती है। पुराने हो चुके झाड़ू को शनिवार के दिन बदलें। ऐसा करना घर की सुख-शांति के लिए शुभ माना जाता है।



### ड्रेसिंग टेबल

बेडरुम में ड्रेसिंग टेबल रखने के लिए उत्तर-पूर्व दिशा का इस्तेमाल करें। ड्रेसिंग टेबल में छोटे आकार वाले शीशे का इस्तेमाल करें। कोशिश करें कि ड्रेसिंग टेबल बेड के सामने रखने की बजाए, बेड की किसी एक साइड में रखें। साथ ही ध्यान दें कि बेड से उठते ही आपका चेहरा शीशे में नहीं दिखना चाहिए।

### फ्रिज

घर में खुशहाली बनाए रखने के लिए हमेशा फ्रिज को दक्षिण दिशा में रखें। आप चाहें तो दक्षिण-पश्चिम दिशा में भी रख सकते हैं। मगर उत्तर-पूर्व दिशा में फ्रिज कभी न रखें। ऐसा करने से घर के सदस्य ज्यादातर बीमार रहेंगे।

### बेड

बेडरुम में जूते-चप्पल लेकर जाने से घर के वास्तु दोष बिगड़ते हैं बच्चों को बचपन से ही रसोई-घर और बेडरुम में चप्पल न लेकर जाने की आदत डालें। आप चाहें तो बेडरुम के अंदर पहनकर जाने के लिए अलग से साफ चप्पल का उपयोग कर सकते हैं। बाहर से आकर वही जूते-चप्पल अपने सोने वाले कमरे में लेकर जाना अशुभ माना जाता है।

### डाइनिंग टेबल

मेहमान भगवान का रुप होते हैं। आजकल ज्यादातर घर में आए मेहमान डाइनिंग टेबल पर बैठकर ही भोजन करना पसंद करते हैं। डाइनिंग टेबल रखने के लिए घर की उत्तर-पूर्व दिशा सबसे बेहतर मानी जाती है। घर में जगह की समस्या होने के कारण दक्षिण दिशा को छोड़ आप किसी भी दिशा में डाइनिंग टेबल रख सकते हैं।



# स्ट्रेस होने पर बच्चे में दिख सकते हैं ये लक्षण, अपनाएं ये टिप्स

बिजी लाइफस्टाइल के कारण आजकल हर कोई तनाव का शिकार हो रहा है। खासकर बच्चे भी तनाव इस समस्या का शिकार हो रहे हैं। स्कूल का प्रेशर, पढ़ाई का तनाव, घर के हालात बच्चे के तनाव का कारण बने हुए हैं। थोड़ा तनाव अच्छा होता है लेकिन ज्यादा तनाव स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ज्यादा तनाव के कारण शारीरिक, मानसिक कल्याण और मनोदशा भी प्रभावित होती है। ज्यादातर बच्चे उस समय तनाव महसूस करते हैं जब कोई कठिन या दर्दनाक परिस्थिति में हो। तो चलिए आपको बताते हैं कि कैसे बच्चे तनाव का शिकार होते हैं और आप इस समस्या से उन्हें कैसे निकाल सकते हैं...





### बच्चों में तनाव के लक्षण और कारण

शरीर में तनाव उस समय होता है जब एड्रेनालाईन और कोर्टिसोल नामक हार्मोन का उत्पादन होता है। इस हार्मोन के रिलीज होने से बच्चे के मन और शरीर पर कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जैसे - सांस का तेज हो जाता है, दिल की धड़कन तेज होना, सिरदर्द, चक्कर, सोने में समस्या, मतली, अपच और पाचन संबंधी समस्याएं, ज्यादा वजन बढ़ना या कम होना, दर्द , बहुत ज्यादा बीमार पड़ना। इसके अलावा भावनात्मक और मानसिक रुप से भी कुछ कारण बच्चे के तनाव का कारण बन सकते हैं जैसे चिड़चिड़ापन, क्रोध के कारण गुस्सा, दोस्तों से दूर हो जाना. जिम्मेदारियों की उपेक्षा करना, किसी काम में ध्यान न लग पाना। लगातार उदास रहना। इन सब कारणों से भी बच्चे में तनाव हो सकता है।

### कैसे कम करें बच्चे का तनाव?

आप बच्चों को तनाव कम करने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं। आप बच्चों के साथ प्यार से पेश आकर उनके लिए दयालु स्वभाव दिखाकर उन्हें तनाव से राहत दिलवा सकते हैं।

### कारण तराशे

आपका बच्चा किस कारण से तनाव में है पहले इस बात को जानने का प्रयास करें। उस समय को पहचानने की कोशिश करें जब उसने तनाव महसूस किया हो। कारण पहचानने के बाद आप बच्चे को स्ट्रैस फ्री रख सकते हैं। कारण पहचानकर आप बच्चे को स्ट्रेस फ्री रख सकते हैं।

### प्यार से करें बात

आप बच्चे के अपना समय और प्यार जरुर दें। आप व्यवहार, विचार और भावनाएं बच्चे को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा बच्चे से प्यार से बात करें।

### खुद बने रोल मॉडल

एक बच्चे के लिए माता-पिता ही उसके रोल मॉडल होते हैं। आप अपना अनुभव बच्चे के साथ शेयर करके उसे तनाव से राहत दिलवा सकते हैं। तनाव पैदा करने वाली आदतों को बदलकर आप उनका तनाव कम कर सकते हैं।

### पॉजिटिविटी लाएं

आजकल के तनाव भरे माहौल के कारण बच्चे ज्यादातर यही सोचते हैं कि मैं किसी चीज में अच्छा नहीं हूं. मैं खुद को पसंद नहीं करता। मैं  बाहर जाने से डरता हूं। ऐसे में आप उन्हें पॉजिटिव करने का प्रयास करें। इन तरीकों से बच्चे का तनाव आप कम कर सकते हैं।

### पूरी नींद दिलवाएं

आप बच्चे  को पूरे नींद लेने की सलाह दें। एक्सपर्ट्स के अनुसार, यदि आपका बच्चा 6-12 साल का है तो उसे कम से कम 9-12 घंटे जरुर सोने दें। वहीं टीएनजर बच्चों को एक्सपर्ट्स रात में 8-10 घंटे सोने की सलाह देते हैं।

# सर्दियों में नहीं होगी बच्चे की स्किन ड्राई

**बदलते मौसम** के साथ बच्चों को कई सारी समस्याएं होती हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में बच्चे की स्किन ड्राई होने लगती है। बच्चे की त्वचा बहुत ही कोमल होती है। मौसम बदलने से, हीटर या एयर कंडीशनर ज्यादा इस्तेमाल करने, ज्यादा कसे हुए कपड़े पहनाने से या फिर पानी की कमी होने पर बच्चे को यह समस्याएं हो सकती हैं।बच्चे की स्किन ड्राई होने पर पपड़ीदार, होंठ फटने, स्किन में खुजली, एलर्जी जैसी समस्याएं होने लगती है। आप कुछ घरेलू नुस्खों के जरिए बच्चे को इस समस्या से राहत दिलवा सकते हैं।



### तेल से करें मालिश

आप बच्चे की स्किन से रुखापन हटाने के लिए तेल से मालिश करें। थोड़े-थोड़े समय पर आप बच्चे की तेल से मालिश जरुर करें। तेल से मालिश करने से स्किन हैल्दी भी रहेगी और त्वचा का रुखापन भी दूर होगा।

### गुनगुने पानी से नहलाएं

आप बच्चे को नहलाने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल ही करें। इसके अलावा आप उन्हें पीने के लिए भी गर्म पानी ही दें। गर्म पानी से बच्चे का शरीर स्वस्थ रहता और स्किन भी मॉइश्चराइज ही रहती है। इसका इस्तेमाल करने से उनकी स्किन में रुखापन नहीं आता।

### हाइड्रेट रखें

आप बच्चे को ड्राई स्किन की समस्या से बचाने के लिए हाईड्रेट रखें। शरीर में पानी की कमी न होन दें। यदि बच्चे के शरीर में पानी की कमी हुई तो रुखापन आ सकता है। अगर आपका बच्चा 5-8 साल का है तो उसे कम से कम 5 गिलास पानी जरुर पिलाएं। इसके अलावा यदि आपका बच्चा 9-12 साल का है तो उसे 7 कप पानी पिलाएं। वहीं यदि बच्चे की उम्र 13 साल से ज्यादा है तो उसे 9 कप पानी पिलाएं।

### न रखें ज्यादा देर पानी में

बहुत से माता-पिता बच्चे के नहलाने के लिए काफी समय तक पानी में रहने देते हैं। लेकिन आपको उसे इस आदत से बचाना चाहिए। बच्चे को नहलाने के लिए भी कम से कम पानी का इस्तेमाल ही करें। ज्यादा देर तक पानी में रहने से भी बच्चे की स्किन ड्राई हो सकती है।

# तलवों में है चुभन व दर्द, ट्राई करें ये उपाय



कभी बहुत चलने के बाद तो कभी अचानक ही पैरों में चुभन जैसा दर्द शुरु हो जाता है. कई बार यह दर्द ठीक सोते समय परेशान करता है. इसके कई कारण हो सकते हैं पर आप अगर अचानक यह दर्द महसूस करें तो कुछ घरेलू उपाय तुरंत आराम पाने में मदद कर सकते हैं.

1. हल्दी है गज़ब का दर्द निवारक - हल्दी बेहद अच्छा नेचुरल पेन किलर है. नारियल तेल और सरसों के तेल में हल्दी मिलाकर उस पेस्ट को तलवे पर लगा लें. इससे न सिर्फ इंफेक्शन कम होगा बल्कि दर्द भी दूर होगा.

2. करेले के पत्तों का पेस्ट - तलवे में दर्द की समस्या से परेशान हैं तो करेला अच्छा उपाय साबित हो सकता है.  करेले के पत्तों के पेस्ट को तलवे पर लगा लें और थोड़ी देर लगा छोड़ दें. यह दर्द अवशोषित करने में सहायक होगा.


3. कैस्टर ऑयल - तलवों में सुईयों का चुभना और दर्द होना आपके लिए एक बड़ी परेशानी है, इससे छुटकारा पाने के लिए आप कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. कैस्टर ऑयल में दर्द को दूर करने वाले गुण होते हैं. इसे थोड़ा गर्म कर लें और तलवों पर लगाकर उस पर पट्टी बांध लें. रात भर पट्टी लगी रहने दें. यह आराम देगा.





4. एपल साइडर विनेगर - सेब से बना विनेगर सौंदर्य के लिए बेहद उपयोगी माना जाता है. यह वजन घटाने के साथ-साथ ढेर सारी स्वास्थ्य समस्याओं में भी फायदा पहुचाता है. साथ ही, इसका इस्तेमाल तलवों में दर्द को दूर करने के लिए भी किया जाता है. तलवे से जुड़ी समस्याओं में एक गिलास गुनगुना पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका मिलाना पड़ता है. इसे शहद मिलाकर पीने से चुभन जैसी दर्द से छुटकारा मिल सकता है.

5. ग्रीन टी भी कम करता है दर्द - ग्रीन टी का इस्तेमाल दर्द को कम करने में किया जाता है. ग्रीन टी नसों में होने वाले दर्द को कम करके तंत्रिका तंत्र को दुरुस्त बनाती है. दिन में 2-3 बार ग्रीन टी पीने से दर्द काफ़ी हद तक कम हो जाता है. बेहतर प्रभाव के लिए इसमें अदरक भी डाला जा सकता है. अदरक के एंटी-इंफ्लामेटरी गुण दर्द और सूजन को कम करते हैं।



## बिबेक देबरॉय बोले- जीएसटी में सिर्फ एक दर से मुकदमेबाजी और प्रशासनिक अनुपालन का बोझ घटेगा



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन बिबेक देबरॉय ने सोमवार को कहा कि जीएसटी प्रणाली में सिर्फ एक दर होनी चाहिए। इससे मुकदमेबाजी कम होगी और प्रशासनिक अनुपालन बढ़ेगा। हालांकि, मुझे नहीं लगता है कि कभी ऐसा होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी इस राय को ईएसी-पीएम का सुझाव नहीं माना जाए। ईएसी-पीएम के चेयरमैन ने कहा कि अभिजात्य प्रकृति व अधिक उपभोग वाले उत्पादों पर कर की अलग-अलग दरें हटा दी जाएं तो इससे मुकदमेबाजी कम होगी। इसलिए हमें यह समझने की जरूरत है कि उत्पाद कोई भी हो, जीएसटी दर एक होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के बीच कृत्रिम अंतर को समाप्त किया जाना चाहिए। इससे प्रशासनिक अनुपालन का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा, कर चोरी गैरकानूनी है, लेकिन छूट के प्रावधान के जरिये कर से बचाव कानूनी रूप से सही है। उन्होंने कहा, जितना हम कर छूट देंगे, यह उतना जटिल बनेगा। कराधान प्रणाली छूट रहित होनी चाहिए। सरकार से जीडीपी के 5-5.5 फीसदी के बराबर कर छूट मिलती है। प्रगतिशीलता दिखाना चाहते हैं तो यह प्रत्यक्ष करों के जरिये होनी चाहिए, जीएसटी या अप्रत्यक्ष करों से नहीं।

# नोटबंदी के छह वर्ष पूरे

## *डिजिटल ट्रांजैक्शन बढ़े, लेकिन किराना अब भी कैश में खरीद रहे 76% परिवार*




नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। नोटबंदी के छह साल पूरे हो गए हैं। 2016 की रात 8 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रात 12 बजे से 1000 रुपए और 500 रुपए के नोट को डिमोनेटाइज यानी प्रचलन से बाहर करने का ऐलान किया था। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद 500 रुपए के नए नोट और 1,000 रुपए की जगह 2,000 रुपए का नोट जारी किया गया था। ऐसे में आज भी कई लोगों के मन में सवाल है कि क्या नोटबंदी से सरकार का जो लक्ष्य था क्या वो हासिल हुआ? नोटबंदी के बाद से क्या-क्या नए बदलाव देखने को मिले ये भी जानते हैं।

**नोटबंदी का लक्ष्य हासिल हुआ?**

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, लगभग पूरा पैसा (99% से ज्यादा) जो अमान्य हो गया था, बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गया। 15.41 लाख करोड़ रुपए के जो नोट अमान्य हो गए, उनमें से 15.31 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ गए। सरकार को उम्मीद थी कि केवल डिमोनेटाइजेशन से बैंकिंग प्रणाली के बाहर कम से कम 3-4 लाख करोड़ रुपए का काला धन है जो खत्म हो जाएगा। लेकिन ये सरकार की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

**नोटबंदी के बाद कितना काला धन बरामद हुआ?**

इसका आकलन करना मुश्किल है कि नोटबंदी के बाद कितना कालाधन बरामद हुआ है। लेकिन फरवरी 2019 में, तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने संसद को बताया था कि डिमोनेटाइजेशन सहित विभिन्न काला धन विरोधी उपायों से 1.3 लाख करोड़ रुपए के काले धन की रिकवरी हुई है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंका के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने अपनी पुस्तक आई डू व्हाट आई डू में खुलासा किया था कि उन्होंने कभी भी नोटबंदी का समर्थन नहीं किया।

**500 और 2000 के 6,849 करोड़ नोट छापे**

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2016 से लेकर अब तक 500 और 2000 के कुल 6,849 करोड़ करेंसी नोट छापे है। उनमें से 1,680 करोड़ से ज्यादा करंसी नोट सर्कुलेशन से गायब हैं। इन गायब नोटों की वैल्यू 9.21 लाख करोड़ रुपए है। इन गायब नोटों में वो नोट शामिल नहीं हैं जिन्हें खराब हो जाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने नष्ट कर दिया।

**साल दर साल कम हुआ 2000 के नोट का चलन**

देश में साल 2017-18 के दौरान 2000 के नोट सबसे ज्यादा चलन में रहे। तब बाजार में 2000 के 33,630 लाख नोट थे, जिनकी संख्या साल दर साल कम होती गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI का कहना है कि 2000 को नोट लोग पसंद नहीं करते इसलिए 2019 में ही इसे छापना बंद कर दिया था, लेकिन कई एक्सपर्ट यह मानते हैं कि काला धन जमा करने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल 500 और 2000 के नोटों का होता है। शायद इसी वजह से 2019 से 2000 के नोटों की छपाई ही बंद है। नोटबंदी के बाद से देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन तेजी से बढ़ा है। इसके बावजूद 342 जिलों में किए गए सर्वे के मुताबिक 76% लोग किराना, रेस्टोरेंट का बिल और फूड डिलीवरी का भुगतान कैश में करते हैं।

इसके अलावा नोटबंदी के बाद से अब तक पब्लिक के पास कैश होल्डिंग डेढ़ गुना से ज्यादा हो गई है। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ज्यादातर परिवार कैश पेमेंट करते हैं। यात्रा के दौरान भी करीब एक चौथाई परिवारों ने कैश का इस्तेमाल किया।

## सीईए अनंत नागेश्वरन बोले- रुपये को धीरे-धीरे कमजोर होने दे आरबीआई

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा, आरबीआई को रुपये को धीरे-धीरे कमजोर होने देना चाहिए। विदेशी मुद्रा भंडार का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। उनकी इस टिप्पणी को सरकार की पहली आधिकारिक टिप्पणी के रूप में भी देखा जा रहा है क्योंकि इस साल की शुरुआत में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को लेकर चिंताएं सामने आई थीं। सीईए ने ऐसे समय में यह टिप्पणी की है, जब केंद्रीय बैंक रुपये की गिरावट थामने के लिए 110 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली कर चुका है। उन्होंने कहा, हमें विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाना चाहिए। फिर भी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के पास विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा, व्यापार घाटे पर काबू पाना इस साल की प्राथमिक चुनौती होगी।21 अक्तूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) घटकर जुलाई, 2020 के बाद दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गया था।

## आने वाले दिनों में महंगा हो सकता है सोना

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक जैसे दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ाया है। लोकल करंसी को सपोर्ट के लिए जुलाई-सितंबर तिमाही में इन्होंने 399.3 टन सोना खरीदा।

यह पिछले खरीदे गए 90.6 टन सोने से 4.4 गुना ज्यादा है। यह एक दशक से ज्यादा समय में किसी एक तिमाही में केंद्रीय बैंकों की सबसे बड़ी गोल्ड खरीद है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 के पहले नौ महीनों में सेंट्रल बैंकों की गोल्ड डिमांड बढ़कर 673 टन हो गई। यह 2018 में 656.6 टन सोने की रिकॉर्ड खरीदारी से भी 2.5% ज्यादा है।

जुलाई से सितंबर की तिमाही में खरीदारों में भारतीय रिजर्व बैंक तीसरे नंबर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार में 17.5 टन सोना जोड़ा। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल 2020 से लेकर सितंबर 2022 के बीच सबसे ज्यादा 132.4 टन सोना खरीदा।

**2023 के लिए सेंटिमेंट पॉजिटिव**

अजय केडिया के मुताबिक, केंद्रीय बैंकों की तरफ सोने की खरीदारी बढ़ना सकारात्मक संकेत है। इससे सोने की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। साल के बाकी महीने और अगले साल दाम बढ़ सकते हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के रीजनल सीईओ (भारत) पीआर सोमसुंदरम ने कहा कि केंद्रीय बैंक आगामी कुछ महीने सोने की खरीदारी जारी रखेंगे। इसके चलते सपोर्ट बना रहेगा।

**लेकिन गोल्ड ईटीएफ से 9 साल की रिकॉर्ड निकासी**

केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के उलट ग्लोबल गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) से 9 साल की रिकॉर्ड निकासी हुई। डब्ल्यूजीसी के मुताबिक, सितंबर तिमाही में ईटीएफ से करीब 227 टन सोने की शुद्ध निकासी हुई।

यह 2013 की जून तिमाही के बाद सबसे ज्यादा है।

## हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर और 500% का डिविडेंड दे रही ग्लोस्टर मल्टीबैगर कंपनी



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। जूट और जूट प्रॉडक्ट्स बनाने वाली कंपनी ग्लोस्टर लिमिटेड अपने निवेशकों को दोहरा तोहफा देने जा रही है। कंपनी अपने इनवेस्टर्स को बोनस शेयर के साथ डिविडेंड भी देने जा रही है। ग्लोस्टर लिमिटेड 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने जा रही है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर देगी।

इसके अलावा, कंपनी हर शेयर पर 500% का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। कंपनी के शेयर सोमवार को 3 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 1684.90 रुपये पर बंद हुए हैं। तिमाही नतीजों के साथ ग्लोस्टर लिमिटेड ने सोमवार को अपनी बोर्ड मीटिंग में 500 पर्सेंट (हर शेयर पर 50 रुपये) का अंतरिम डिविडेंड अनाउंस किया है। कंपनी ने अंतरिम डिविडेंड के लिए 16 नवंबर 2022 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। ग्लोस्टर लिमिटेड 30 नवंबर को या उससे पहले अंतरिम डिविडेंड का पेमेंट करेगी। कंपनी ने अभी बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट फिक्स नहीं की है। ग्लोस्टर लिमिटेड का मार्केट कैप करीब 922 करोड़ रुपये है। ग्लोस्टर लिमिटेड के शेयरों ने इस साल अब तक 57 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। साल की शुरुआत में यानी 3 जनवरी 2022 को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 1074.20 रुपये के स्तर पर थे। ग्लोस्टर लिमिटेड के शेयर 7 नवंबर 2022 को बीएसई पर 1684.90 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। पिछले एक महीने में ग्लोस्टर लिमिटेड के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर पिछले 1 महीने में करीब 52 पर्सेंट चढ़ गए हैं। वहीं, पिछले एक साल में ग्लोस्टर लिमिटेड के शेयरों में 50 पर्सेंट का उछाल आया है।

## 3 सत्रों में 3200 रुपये उछली चांदी

### सोना केवल 200 रुपये चढ़ा



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले जहां सोने-चांदी की रफ्तार सुस्त थी वहीं, दिवाली के बाद सोने और चांदी की रफ्तार तेज हो गई है। सोने के भाव में वृद्धि की तुलना में चांदी 7 गुना अधिक उछली है। 25 अक्टूबर के बंद भाव की तुलना में आज सोना जहां केवल 516 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है तो वहीं चांदी 56696 रुपये से सीधे 60019 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। यह आंकड़े आईबीजेए के हैं। चांदी के भाव में सबसे अधिक उछाल इधर तीन सत्रों में आया है। इंडिया बुलियंस ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक 3 नवंबर को चांदी 57049 रुपये प्रति किलो के रेट पर बंद हुई थी। इसके बाद 4 नवंबर को यह उछल कर 58755 रुपये पर पहुंच गई और 7 नवंबर को यह 60000 रुपये के पार पहुंच गई। इन तीन सत्रों में चांदी के रेट करीब 3200 रुपये प्रति किलो चढ़े हैं। वहीं, अगर सोने की बात करें तो 3 नवंबर को 24 कैरेट सोना 50114 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 4 नवंबर को 50754 और 7 नवंबर को 50754 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच कर बंद हुआ। जबकि, चांदी 60245 रुपये पर बंद हुई। केडिया एडवाइजरी के प्रेसीडेंट व एनॉलिस्ट अजय केडिया कहते हैं कि फेड ब्याज दरों में और 75 आधार अंकों की वृद्धि के बाद उछाल आना स्वभाविक था। बुलियन की सुरक्षित निवेश की विशेषता भू-राजनीतिक जोखिमों के रूप में बनी हुई है। इसके अलावा सौर ऊर्जा और ईवी में इसके उपयोग के कारण चांदी की उच्च मांग है। सिल्वर ईटीएफ और डिजिटल सिल्वर सेबी की मंजूरी के बाद मशहूर हो रहे हैं। भारत और चीन में त्योहार की मांग में तेजी (जनवरी 23 में चीनी नव वर्ष) है। वहीं, 5G में सिल्वर की भूमिका 2025 तक लगभग 16 Moz तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा भारत में चांदी का आयात बढ़कर 5,100 टन हो गया है।

## पेटीएम क्यू 2 एफवाई 23रिजल्ट

### दूसरी तिमाही में कंपनी को 571 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ, रेवेन्यू 76% बढ़ा




Paytm शेयर प्राइस 652 रुपए

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। पेटीएम की पेरेंट कंपनी एक 97 कम्युनिकेशंस ने 30 सितंबर 2022 को खत्म दूसरी तिमाही (क्यू2वित्तीय वर्ष23) के रिजल्ट हाल ही में घोषित किए। डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेस फर्म को दूसरी तिमाही में 571 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 472.90 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ था। हालांकि, पेटीएम का नेट लॉस लगातार कम हो रहा है। भारत की सबसे बड़ी फिनटेक कंपनी को जून तिमाही (क्यू1वित्तीय वर्ष23) में 644.4 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ था। क्यू1 से तुलना की जाए तो दूसरे क्वार्टर में कंपनी का नेट लॉस कम ही हुआ है। दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में कंपनी का ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड रेवेन्यू साल-दर-साल 76% बढ़कर 1,914 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल 1,086 करोड़ रुपए था। वहीं कंपनी का रेवेन्यू क्यू2 में पिछली तिमाही (क्यू1) से 14% ज्यादा है। पहली तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 1,679.60 करोड़ रहा था। कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में उसके रेवेन्यू में मर्चेंट सब्सक्रिप्शन रेवेन्यूज, बढ़ते एमटीयू (मंथली ट्रांजेक्शन यूजर्स) के कारण बिल पेमेंट्स और प्लेटफॉर्म के जरिए दिए गए लोन में ग्रोथ के चलते बढ़त हुई है।

## तेल कंपनियों को सितंबर तिमाही में 2748 करोड़ का नुकसान

### पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी न होने के कारण हो रहा घाटा




नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की 3 सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड , भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को कुल मिलाकर 2748.66 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तेल कंपनियों के मुताबिक पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीज की कीमतों में बढ़ोतरी न होने के कारण कंपनियों को ये नुकसान उठाना पड़ रहा है। कंपनियों के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आईओसीएल को सितंबर तिमाही में 272 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है जो कि पिछली तिमाही में 1995 करोड़ रुपए था।

वहीं एचपीसीएल ने 2172 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया है, जो कि जून तिमाही में रिकॉर्ड 10196 करोड़ रुपए था। बीपीसीएल का दूसरी तिमाही में नुकसान 304 करोड़ रुपए था, पहली तिमाही में ये नुकसान 6263 करोड़ रुपए का था। बीते कई महीनों से कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है, लेकिन रिटेल पंप की पेट्रोल-डीजल के दाम लगभग 85-86 डॉलर प्रति बैरल के हिसाब से थीं। इससे कंपनियों को नुकसान हुआ। सरकार ने बीते दिनों कहा था कि तेल कंपनियां खुदरा कीमतों में संशोधन करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि तीनों सरकारी तेल कंपनियों ने दरों को फ्रीज करने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं दी है। पिछले महीने तेल कंपनियों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा बोनांज देने का ऐलान किया था। तक सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को रसोई गैस के घाटे की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गई थी। तब सरकार ने कहा था ये कंपनियां एलपीज गैस मार्केट रेट से नीचे बेचकर नुकसान उठा रही हैं, ऐसे में यह सब्सिडी देकर सरकार उन्हें राहत दे रही है। जून 2010 तक सरकार पेट्रोल की कीमत निर्धारित करती थी और हर 15 दिन में इसे बदला जाता था। 26 जून 2010 के बाद सरकार ने पेट्रोल की कीमतों का निर्धारण ऑयल कंपनियों के ऊपर छोड़ दिया। इसी तरह अक्टूबर 2014 तक डीजल की कीमत भी सरकार निर्धारित करती थी, लेकिन 19 अक्टूबर 2014 से सरकार ने ये काम भी ऑयल कंपनियों को सौंप दिया।

अभी ऑयल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत, एक्सचेंज रेट, टैक्स, पेट्रोल-डीजल के ट्रांसपोर्टेशन का खर्च और बाकी कई चीजों को ध्यान में रखते हुए रोजाना पेट्रोल-डीजल की कीमत निर्धारित करती हैं।

एक्सपर्ट्स के अनुसार सरकार भले ही पेट्रोल-डीजल की कीमत निर्धारित करने में अपनी भूमिका से इनकार करती हो, लेकिन बीते सालों में ऐसा देखा गया है कि चुनाव के दौरान सरकार जनता को खुश करने के लिए पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाती है। पिछले सालों का ट्रेंड बता रहा है कि चुनावी मौसम में जनता को पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों से राहत मिली है।

## कैट का दावा- 40 दिन में देश में होंगी 32 लाख शादियां, 3.75 लाख करोड़ का होगा कारोबार



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। देशभर में 40 दिन में करीब 32 लाख शादियां होने की उम्मीद है। इससे 3.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। शादियों के सीजन का पहला चरण देवउठनी एकादशी यानी 4 नवंबर से शुरू होकर 14 दिसंबर तक चलेगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल की समान अवधि में देशभर में करीब 25 लाख शादियां हुई थीं। इससे 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ था। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि लोगों के खर्च करने की धारणा से दिवाली पर देशभर में रिकॉर्ड कारोबार हुआ था। इसी तरह, शादियों के सीजन में बेहतर कारोबार की संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक रूप से तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शादी में होने वाले कुल खर्च का करीब 20 फीसदी हिस्सा वर और वधू पर होता है। 80 फीसदी रकम शादी को संपन्न कराने वाली एजेंसियों को जाता है। इसलिए शादियां एक बड़े कारोबार का रूप ले चुकी हैं। शादियों का दूसरा चरण 14 जनवरी से शुरू होकर जुलाई, 2023 तक चलेगा। कैट की यह रिपोर्ट 35 शहरों के 4,302 कारोबारियों और सेवाप्रदाताओं की राय पर आधारित है। पहले चरण में दिल्ली में 3.50 लाख से ज्यादा शादियां होंगी। इन पर करीब 75,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि शादियों का सीजन इवेंट मैनेजमेंट एजेंसियों के लिए कमाई का बड़ा मौका होता है।

## बिटकॉइन 2% लुढ़ककर 20644 डॉलर पर,ईथर में भी आई गिरावट

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसीज में उतार-चढ़ाव जारी है। दुनिया की सबसे बड़ी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। बिटकॉइन की मार्केट प्राइस मंगलवार को 2 पर्सेंट की गिरावट के साथ 20,644 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। जबकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी एथेरियम ब्लॉकचेन की ईथर में भी गिरावट देखने को मिली। ईथर मंगलवार को 1 पर्सेंट की कमी के साथ 1573 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। वहीं, ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप मंगलवार को 1 ट्रिलियन डॉलर के ऊपर रहा है। कॉइनगेको के अनुसार पिछले 24 घंटो में ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप 1.07 ट्रिलियन डॉलर पर ट्रेड कर रहा है। ग्लोबल क्रिप्टो इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म मुड्रेक्स के सीईओ और को-फाउंडर इदुल पटेल कहते हैं कि लो वॉल्यूम के कारण पिछले दिनों बिटकॉइन की कीमतों में 2 पर्सेंट की गिरावट आई है। अगर बायर्स बिटकॉइन को इसके करेंट लेवल पर रख सकेंगे तो हम जल्द ही इसे 21,000 डॉलर के पास देख सकते हैं। वहीं दूसरी ओर मार्केट में बीयर्स के ज्यादा एक्टिव होने के कारण ईथर 1,600 डॉलर मार्क के नीचे दिखाई दे रहा है। अगर बीयर्स में ऐसे ही लगातार इजाफा होता रहा तो हम ईथर को 1,500 डॉलर के नीचे जाते हुए देख सकते हैं।

## भारत रूस का मजबूत व्यापारिक साझेदार है और 2023 में भी बना रहेगा



नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन से जारी संघर्ष के बीच रूस का दुनियाभर के अधिकतर बाजारों के साथ व्यापारिक संबंध उतार-चढ़ाव वाला रहा है। इस बीच, भारत रूस का एक अहम कारोबारी साझेदार बना हुआ है और और वर्ष 2023 में भी वह रूस के साथ मजबूत कारोबारी रिश्ते कायम रख सकता है। मंगलवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। बता दें कि नव प्रकाशित 2023 ग्लोबल ट्रेड आउटलुक एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस बिग पिक्चर 2023 आउटलुक रिपोर्ट सिरीज का हिस्सा है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के इकोनॉमिक मैनेजर अग्नियेजका मसीज्यूस्का का कहना है, 'हाल के महीनों में रूस से होने वाले आयात में इजाफा हुआ है। ऐसा प्राथमिक रूप से ऑयल, गैस और कोल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ दूसरे देशों में रूस से आयात के कारण हुआ है।' अग्नियेजका मसीज्यूस्का ने कहा, 'रूस से आयात करने वाले प्रमुख देशों में एक प्रमुख नाम भारत है। भारत का रूस के साथ कारोबार में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सौ फीसदी बढ़ा है। फरबरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत का रूस के साथ आयात हर महीने बढ़ा है।' बता दें कि एसएंडपी ग्लोबल वैश्विक पूंजी, कॉमोडिटी व ऑटोमोटिव बाजारों में क्रेडिट रेटिंग, बेंचमार्क, एनालिटिक्स और वर्कफ्लो समाधान का दुनिया का अग्रणी सेवा प्रदाता है। रिपोर्ट में रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण व्यापार में प्रत्याशित बदलाव के साथ-साथ 2023 में कंटेनरीकृत व्यापार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया है जबकि वर्ष 2022 दूसरे हॉफ में अनुमानित मंदी के कारण कारोबार में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में केवल 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## आपके नाम पर कोई और तो नहीं चला रहा सिम ?:इससे परेशानी में पड़ सकते हैं

### 2 मिनट में चेक करें आपके नाम पर कितनी सिम एक्टिव

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कई बार देखा जाता है कि आपकी आईडी पर कोई और व्यक्ति सिम चला रहा है और आपको पता भी नहीं है। ऐसे में कई बार दूसरे व्यक्ति के उस सिम के गलत उपयोग करने पर आप परेशानी में पड़ सकते हैं। आपकी आईडी पर कितनी सिम एक्टिवेट हैं इस बात की जानकारी आपको होना जरूरी है। आप 2 मिनट में घर बैठे ही पता कर सकते हैं कि आपके नाम पर कितनी और कौन-कौन से नंबर वाली सिमें एक्टिव हैं। आइए जानते हैं इसकी प्रोसेस... नियम के मुताबिक, एक आईडी पर 9 सिम एक्टिवेट किए जा सकते हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर, असम सहित उत्तर-पूर्व राज्य की आईडी पर 6 सिम ही एक्टिवेट होंगे। यदि आपकी आईडी पर कोई ऐसा सिम एक्टिवेट है जिसका इस्तेमाल आप नहीं कर रहे, तब उसका खामियाजा आपको भुगतना पड़ सकता है। जैसे आपकी आईडी से रजिस्टर्ड सिम से गलत या गैर कानूनी गतिविधियां चल रही हैं तो आप मुसीबत में पड़ जाएंगे।

# अगले हफ्ते 8 अरब हो जाएगी दुनिया की आबादी

## भारत के लिए कैसे बजने वाली है खतरे की घंटी ?

### चीन की आबादी धीरे-धीरे होगी कम



**कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ये क्षेत्रीय जनसांख्यिकीय अंतर आगे चलकर भूराजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, चीन की 1.4 बिलियन जनसंख्या धीरे-धीरे कम होना शुरू हो जाएगी और 2050 तक यह 1.3 बिलियन तक पहुंच जाएगी। इस शताब्दी तक जनसंख्या सिर्फ 80 करोड़ तक रह सकती है। वहीं, दूसरी ओर भारत की बात करें तो 2023 तक यह चीन से अधिक जनसंख्या वाला देश हो सकता है। साथ ही 2050 तक यह 1.7 बिलियन के पार जा सकती है। अमेरिका 2050 में तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।**

**यूरोस्टेट के आंकड़ों के मुताबिक कई चुनौतियों के बावजूद यूरोपियन यूनियन के आधे से अधिक सदस्य देशों ने अपनी आबादी में बढ़ोतरी देखी है जिसमें फ्रांस सबसे आगे रहा दूसरे नंबर पर नीदरलैंड और तीसरे नंबर पर स्वीडन की आबादी में इजाफा हुआ. इसके बाद इटली, पोलैंड और रोमानिया ने यूरोपीय संघ में सबसे बड़ी आबादी का आंकड़ा छुआ. आपको बताते चलें कि यूरोस्टेट ने जनवरी 2022 तक यूरोपीय संघ के अंदर रहने वाले करीब 44 करोड़ लोगों की गिनती करने के बाद ये आंकड़े जारी किये थे.**

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। दुनियाभर की जनसंख्या में अगले हफ्ते बड़ा बदलाव आने वाला है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अगले हफ्ते दुनिया की आबादी आठ अरब पहुंचने वाली है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या विभाग ने कहा कि आने वाले दशकों में जनसंख्या में वृद्धि जारी रहेगी, लाइफ एक्सपेंटेंसी 2050 तक बढ़कर औसतन 77.2 वर्ष हो जाएगी। 15 नवंबर तक, पृथ्वी पर मनुष्यों की संख्या बढ़कर आठ अरब हो जाएगी, जो 1950 में 2.5 अरब की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भारत के लिए खतरे की घंटी बजने वाली है, क्योंकि अनुमान जताया गया है कि देश की जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी होगी और 2050 तक यह 1.7 बिलियन के पार जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र की भविष्यवाणी है कि दुनिया की आबादी 2030 में लगभग 8.5 बिलियन, 2050 में 9.7 बिलियन और 2080 के दशक में लगभग 10.4 बिलियन तक बढ़ती रहेगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रेचल स्नो ने कहा, "जनसंख्या वृद्धि दर, 1960 के दशक की शुरुआत में चरम पर पहुंचने के बाद, 2020 में नाटकीय रूप से घटकर 1 प्रतिशत से नीचे आ गई है।" प्रजनन दर में निरंतर गिरावट के कारण यह आंकड़ा संभावित रूप से 2050 तक लगभग 0.5 प्रतिशत तक गिर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, साल 2021 में, औसत प्रजनन दर प्रति महिला 2.3 बच्चे थी, जो 1950 में लगभग पांच से कम थी, जो कि 2050 तक यह संख्या गिरकर 2.1 हो जाएगी। स्नो कहती हैं, "हम दुनिया में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां इस दुनिया के अधिकांश देश और अधिकांश लोग ऐसे देश में रह रहे हैं, जो रिप्लेसमेंट फर्टिलिटी क्षमता से नीचे हैं।" वहीं, वैश्विक जनसंख्या वृद्धि का एक प्रमुख कारण यह है कि औसत लाइफ एक्सपेंटेंसी में बढ़ोतरी जारी है। यह 2019 में 72.8 वर्ष, 1990 की तुलना में नौ वर्ष अधिक। संयुक्त राष्ट्र ने 2050 तक औसत लाइफ एक्सपेंटेंसी 77.2 वर्ष होने की भविष्यवाणी की है। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में औसत आयु भी अलग-अलग हैं। वर्तमान में यूरोप में 41.7 वर्ष बनाम उप-सहारा अफ्रीका में 17.6 वर्ष औसत आयु है। इस बारे में स्नो कहती हैं कि यह अंतर कभी भी उतना बड़ा नहीं रहा जितना आज है। यह संख्या कुछ और भी हो सकती है, लेकिन अतीत की तरह नहीं जब देशों की औसत आयु ज्यादातर युवा थी। मिस स्नो आगे कहती हैं कि भविष्य में यह बढ़े के करीब हो सकती है।

## बुरहानपुर में चलती बाइक में लगी आग

बुरहानपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के नावथा गांव में चलती बाइक में आग लगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक किसान अपनी बाइक से खेत से लौट रहा था, अचानक उसकी बाइक में आग लग गई और देखते ही देखते बाइक धू-धूकर जलने लगी। हालांकि किसान की सूझबूझ से उसकी और बाइक में सवार एक अन्य युवक की जान बच गई। किसान ने बाइक में आग लगते ही उससे कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार बुरहानपुर जिले के नेपानगर के नावथा गांव में सुबह 10 बजे किसान कैलाश एक युवक के साथ खेत से वापस आ रहा था। इस दौरान रास्ते में बाइक में नीचे से आग लग गई। आसपास के किसानों को पहले आग लगते दिखी, उन्होंने बाइक चला रहे किसान को यह बताया, जिसके बाद दोनों घबराकर चलती बाइक से कूद पड़े और अपनी जान बचाई।

## एमसीयू में छात्रा से छेड़छाड़ पर छात्रों के दो गुट भिड़े, काउंटर केस दर्ज

भोपाल, 8 नवंबर (एजेंसियां)। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार यूनिवर्सिटी (एमसीयू) में सोमवार एक छात्रा से छेड़छाड़ में दो गुट भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंच गए। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

वहीं, यूनिवस्रिटी की तरफ से ही घटना की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है। पुलिस के अनुसार छात्रा यूनिवर्सिटी की पत्रकारिता की फाइनल ईयर की छात्रा है। छात्रा ने बताया कि सोमवार को फर्स्ट ईयर के छात्र रामकृष्ण गोस्वामी ने उसे अश्लील इशारें किए।

# अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने कहा

## पति पर हुए हमले से उनके रिटायरमेंट लेने के फैसले पर पड़ेगा असर

वाशिंगटन, 8 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने सोमवार को कहा कि उनके पति पर हथौड़े से किया गया जानलेवा हमला काफी दर्दनाक था। पेलोसी ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें पता था कि घुसपैठिये द्वारा इस हमले की प्रमुख टारगेट वह थीं। अमेरिकी सदन से रिटायर होने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पति पर हमले से इसका असर उनके रिटायरमेंट पर पड़ेगा। 28 अक्टूबर के हमले में उनके पति पॉल पेलोसी की सिर में फ्रैक्चर आया है। साथ ही अन्य चोटें भी आईं हैं। सीएनएन दिए साक्षात्कार में स्पीकर पेलोसी ने कहा कि यह जो तनाव उपजा है, वह गलत बयानबाजी के कारण ही है। इसके कारण 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी राजधानी में भारी



भीड़ उमड़ पड़ी थी।

### अदालत ने हमलावर पर लगाया हत्या का आरोप

**हमलावर डेपेप पर जबरन दंपति के घर में घुसने और उनके बेडरूम में पहुंचने का आरोप है। हमलावर ने पॉल पेलोसी को नींद से जगाया और स्पीकर नैन्सी के बारे में पूछा, जो एक रात पहले ही वाशिंगटन वापस चली गई थीं। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार पॉल पेलोसी ने आपातकालीन नंबर 911 कॉल किया था। डेपेप पर अदालत ने अपहरण के प्रयास और हमले का आरोप लगाया है।**

#### पति पर हुए हमले की पुलिस ने दी सूचना

अपने आंसुओं को रोंकते हुए नैन्सी पेलोसी ने उस डरावने क्षण को याद किया। जब सुबह वाशिंगटन में उनके अपार्टमेंट में यूएस कैपिटल पुलिस द्वारा उन्हें जगाया गया था। इस दौरान सैन फ्रांसिस्कों वाले घर में पेलोसी के 82 वर्षीय पति पर हमला किए जाने की पुलिस द्वारा सूचना दी गई।

#### पति पॉल नहीं वह खुद थीं उस घुसपैठिए का टारगेट

उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए वास्तव में कठिन क्षण था। उन्होंने कहा वह जान रहीं थी उस घुसपैठिए की शिकार वह खुद थीं।

स्पीकर नैन्सी पॉल ने कहा कि घुसेपैठिए का टारगेट उनके पति पॉल नहीं थे।

#### 35 साल के सार्वजनिक सेवा में अपने को महसूस करती हैं धन्य

सीएनएन एंकर एंडरसन कूपर द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने अमेरिकी सदन से रिटारयर होने के बारे में अपना मन बना लिया है। इस पर पेलोसी ने कहा कि पिछले एक या दो सप्ताह में उनके साथ जो हुआ उससे मेरा यह निर्णय प्रभावित होगा।

## जालंधर एनआईटी में वाराणसी के छात्र ने की खुदकुशी, लिखा- इसमें किसी का दोष नहीं

जालंधर (पंजाब), 8 नवंबर (एजेंसियां)। जालंधर एनआईटी में बीटेक फाइनल ईयर में पढ़ रहे वाराणसी के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगा लिया। कमरे से एक डायरी मिली है। इसमें लिखा है कि 'मैं अपनी मजबूरियों के चलते आत्महत्या कर रहा हूं, इसमें किसी का कोई दोष नहीं है।' छात्र के सुसाइड करने से हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी सदमे और तनाव में हैं। यूपी के वाराणसी के सीतोपुर की जादू मंडी निवासी पंकज केसरी पुत्र दुर्गा केसरी यहां एनआईटी में टेक्सटाइल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहा था। शाम को उसने हॉस्टल के अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना मकसूदां के एसएचओ मंजीत सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। देर रात छात्र के परिजन भी वाराणसी से पहुंच गए। उन्होंने बेटे का कमरा खुलवाकर देखा। मृतक के पिता दुर्गा केसरी ने कहा कि वह हैरान हैं कि पंकज ने खुदकुशी क्यों कर ली ? उन्होंने बताया कि पंकज काफी हंसमुख था और योगा एक्सपर्ट भी था। कॉलेज प्रंबधकों का कहना है कि पंकज पढ़ाई में अव्वल था। स्वभाव का भी अच्छा था। आर्थिक स्थिति भी अच्छी थी। आत्महत्या का कारण किसी को समझ नहीं आया। मकसूदां पुलिस ने छात्र के सहपाठियों के बयान भी कमलबद्ध किए हैं, जिसमें उनका कहना है कि पंकज केसरी बिल्कुल ठीक ठाक था।

## करनाल में चार माह के बच्चे की मौत

### झोलाछाप डॉक्टर और दो कंपाउंडर पर गलत दवा देने का आरोप

करनाल (हरियाणा), 8 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के करनाल जिले के गांव दरड़ में एक चार माह के मासूम की झोलाछाप डॉक्टर व उसके दो कंपाउंडर के गलत अंग्रेजी दवा देने से मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर समेत दोनों कंपाउंडर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों कंपाउंडर को हिरासत में ले लिया है। गांव दरड़ निवासी रोहित ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो लड़के हैं। एक ढाई का साल विराज और दूसरा छोटा लड़का चार माह का समर था। समर को करीब 15 दिन से बुखार आ रहा था तो वह अपनी पत्नी संग अपने बच्चे को गांव दरड़ में डॉ. सुरजीत के पास दिखाने ले गया। डॉ. सुरजीत ने समर को अपनी केमिस्ट की दुकान के अंदर दाखिल कर लिया और करीब पांच दिन वहीं एडमिट रखा। उसकी दुकान पर राजेंद्र व सचिन भी काम करते हैं। दोनों लड़के सुरजीत के कहने पर उसके बेटे का इलाज करते थे। पांच दिन बाद जब बेटे की तबीयत में सुधार हुआ तो डॉक्टर ने उसे छुट्टी दे दी और छह हजार रुपये का बिल बना दिया।

उसने डॉक्टर को 5500 रुपये का भुगतान भी कर दिया। कुछ दिन आराम रहने के बाद छह नवंबर को उसके बेटे को फिर से बुखार आ गया तो वह उसे दोबारा डॉ. सुरजीत के पास लेकर पहुंचा। डॉक्टर के न होने पर राजेंद्र व सचिन ने डॉक्टर से पूछकर उसके बेटे को दवाई दी और उसे घर भेज दिया। घर आने के अगले दिन ही उसके बेटे की तबीयत खराब हो गई। वह उसे मोटरसाइकिल से करनाल अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सख्त लॉकडाउन के बावजूद 1300 भारतीय छात्रों को मिला चीनी वीजा

## यूनिवर्सिटी लौटने की दी गई सलाह

बीजिंग, 8 नवंबर (एजेंसियां)। चीन में सख्त लॉकडाउन और कड़े प्रतिबंध होने के बावजूद कम से कम 1300 भारतीय छात्रों को चीनी वीजा मिला है। बता दें कि कोरोना वायरस के कारण चीन में सख्त लॉकडाउन बरकरार है। ऐसे कई शहर हैं जहां कोविड से बचने के लिए चीन की सरकार ने जीरो कोविड पॉलिसी नीति के तहत सख्त नियम लागू कर दिए है।

### भारतीय छात्रों को एनओसी मिलने में देरी

चीनी विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) में देरी कर रहे है। इसको लेकर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि कोरोना के बावजूद, चीन और भारत के बीच सीमा पार प्रवाह में प्रगति हुई है। कम से कम 1300 भारतीय छात्रों को चीनी वीजा प्राप्त हुआ है। उन्होंने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि सभी अपने विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क में रहे और वापस आने की योजना बनाए।

लिजियन ने कहा, भारतीय छात्रों और चीनी विश्वविद्यालयों के बीच बातचीत चल रही हैं। हमारा सुझाव है कि भारतीय छात्र अपने विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क में रहें और अपने विश्वविद्यालयों की व्यवस्था के अनुसार परिसर में वापसी की योजना बनाएं। चीन के 40 विश्वविद्यालयों ने अब तक भारतीय छात्रों को चीनी वीजा के लिए आवेदन करने के लिए एनओसी जारी नहीं की हैं। इससे हजारों भारतीय छात्रों का करियर प्रभावित हो रहा हैं। वहीं ऐसे कई विश्वविद्यालय है जो भारतीय छात्रों के अनुरोध का जवाब तक नहीं दे रहे हैं। विश्वविद्यालयों के




अनुसार, उनकी प्रांतीय सरकार उन्हें भारतीय छात्रों को एनओसी जारी करने से रोक रही है।

अन्य देशों के छात्रों को समान दस्तावेज जारी करते समय क्या कोई समय सीमा है, इस सवाल का जवाब देते हुए, लिजियन ने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि चीनी सरकार चीन में पढ़ाई फिर से शुरू करने या शुरू करने के लिए विदेशी छात्रों का स्वागत करती है, और सरकार ने उन छात्रों को संभावित सहायता प्रदान की है जिन्हें इसकी आवश्यकता है। विदेशी छात्र जो चीन में डिग्री हासिल करना चाहते हैं, वे वीजा के लिए विदेशों में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावास में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त से, अध्ययन के लिए वैध निवास परमिट रखने वाले विदेशी उस परमिट के साथ सीधे चीन में प्रवेश कर सकते हैं।


### चीन में चिकित्सा का अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए जारी सूचना

बता दें कि चीन ने उन छात्रों के लिए वीजा जारी करना शुरू कर दिया है जो अपने चीनी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से अपनी पढ़ाई के लिए वापस जाने के लिए परमिट प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन भारतीय छात्रों के लिए अभी भी चीन की यात्रा करना मुश्किल साबित हो सकता है क्योंकि दोनों देशों ने अभी तक उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू नहीं किया है। बता दें कि 23,000 से अधिक भारतीय छात्र, जो चीन में दवा का अध्ययन कर रहे हैं, कोरोना वीजा प्रतिबंधों के कारण वापस घर लौट गए हैं। इससे पहले, रविवार को बीजिंग में भारतीय दूतावास ने चीन में चिकित्सा का अध्ययन करने की योजना बना रहे छात्रों के लिए एक सलाह जारी की। चीन ने भारतीय मेडिकल छात्रों और उनके माता-पिता को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा 18 नवंबर, 2021 की राजपत्र अधिसूचना देखने की सलाह दी है।

### चीन के शहर झेंगझाऊ में सख्त लॉकडाउन

बता दें कि इस समय चीन के कई शहरों और प्रांतों में सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। चीन के झेंगझाऊ शहर में लोगों को क्वारंटाइन करने के लिए खास प्लास्टिक टेंट तैयार किए जा रहे हैं। इन टेंट में कोरोना संक्रमितों को क्वारंटाइन रखा जा रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट्स के मिलने के बाद 20 अक्टूबर से झेंगझाऊ शहर में अब तक का सबसे सख्त लॉकडाउन लगाया गया है।

## दुबई में बुर्ज खलीफा के पास 35 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग





इराक की राजधानी बगदाद के वाणिज्यिक इमारत में भी भीषण आग लग गई। इसमें 28 से ज्यादा लोगों के झुलस जाने की पुष्टि हुई है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दुबई में बुर्ज खलीफा के पास लगी आग पर काबू पा लिया गया था।

**बगदाद में 28 झुलसे**

रियाद, 8 नवंबर (एजेंसियां)। दुबई में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास 35 मंजिला एक इमारत में तड़के आग लग गई। हालांकि खबरे मिलने तक इस हादसे में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बिल्डिंग में लगी आग का वीडियो देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे किसी बड़ी मोमबत्ती में आग लगी हो। आग हर मंजिल की बालकनी से लगी दिख रही है। आग बुझाने के बाद इमारत पर काला निशान दिखाई दे रहा है। इमारत 8 बुलेवार्ड वॉक नामक टावरों की एक सीरीज का हिस्सा है, जिसे यूएई सरकार द्वारा समर्थित एमार डेवलपर्स द्वारा बनाया गया है।

दुबई पुलिस और नागरिक सुरक्षा ने तुरंत आग की बात स्वीकार नहीं की। एमार डेवलपर्स ने भी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की और न ही दुबई मीडिया कार्यालय ने इस पर कोई टिप्पणी की है। दुबई में 2015 में नववर्ष की पूर्व संध्या पर भी बुर्ज खलीफा के पास 'एड्रेस डाउनटाउन' में आग लग गई थी। वहीं इराक की राजधानी बगदाद में एक वाणिज्यिक इमारत आग लग जाने के बाद ढह गई, जिसके कारण देश के असैन्य सुरक्षा निदेशालय के प्रमुख समेत 28 लोग घायल हो गए। अधिकारियों और सरकार समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। आधिकारिक 'इराकी न्यूज एजेंसी' ने बताया कि असैन्य सुरक्षा निदेशक मेजर जनरल काधिम बोहान और कुछ दमकलकर्मी घायलों में शामिल हैं। हादसे में किसी की मौत होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। आग लगने के कारण के बारे में भी तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। बगदाद में अल-रुसाफा जिले के असैन्य सुरक्षा निदेशक ब्रिगेडियर जनरल कुसाई यूनुस ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि कम से कम 28 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इमारत की तीन में से दो मंजिल आग लगने के कारण ढह गईं। इन इमारतों में 'परफ्यूम' जैसी ज्वलनशील सामग्री रखी थी। असैन्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और तलाश एवं बचाव अभियान जारी है।

# मुलायम की कर्मभूमि पर

## 'साइकिल' की रफ्तार पर ब्रेक लगा सकता है 'हाथी'



मैनपुरी, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुलायम सिंह यादव की कर्मभूमि मैनपुरी में होने वाले उपचुनाव में सपा और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला है। लेकिन सोमवार को लखनऊ में जिलाध्यक्षों के साथ हुई बसपा सुप्रीमो की बैठक में मैनपुरी सीट से प्रत्याशी न उतारने के संकेत से चुनावी गणित गड़बड़ा गया है। ऐसे में बेसवार हाथी साइकिल की रफ्तार पर ब्रेक लगाने में अहम भूमिका निभा सकता है। सपा संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा के सामने विरासत बचाने की चुनौती है। वहीं भाजपा सपाई दुर्ग को ध्वस्त कर मैनपुरी पर भगवा लहराना चाहती है। चुनाव में मुख्य मुकाबला भले ही सपा भाजपा में है, लेकिन इसमें बसपा भी अहम भूमिका निभाएगी।

**2019 में था सपा और बसपा का गठबंधन**

दरअसल 2019 का लोकसभा चुनाव सपा और बसपा गठबंधन ने एक साथ लड़ा था। मुलायम सिंह यादव गठबंधन के ही प्रत्याशी थे। इसके बाद भी मुलायम की जीत का आंकड़ा बीते 2014 के चुनाव और उप चुनाव की अपेक्षा काफी कम रह गया था। वहीं इस बार तो हाथी भी साइकिल की रफ्तार को बढ़ाने की बजाए और धीरे कर सकता है। सोमवार को सपा सुप्रीमो मायावती ने जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में निकाय चुनाव पर ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मैनपुरी उप चुनाव में प्रत्याशी न उतारने के संकेत दिए हैं। ऐसे में हाथी का साथी वोटर भी इस बार चुनाव में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। ऐसे में सपा को इस बार चुनाव में अपनी साख बचाने के लिए पूरी ताकत झोंकनी होगी।

### भाजपा की ओर है बसपा के परंपरागत वोटर का झुकाव

उप चुनाव में बसपा प्रत्याशी के न उतारे जाने के संकेत से बसपा का परंपरागत वोटर अन्य किसी भी दल को मतदान के लिए स्वतंत्र है। लेकिन सियासी चाणक्य के अनुसार बसपा के परंपरागत वोटर का झुकाव बसपा प्रत्याशी न होने के चलते भाजपा की तरफ होने की अधिक संभावना है। इससे सपा को झटका लग सकता है।

### कांग्रेस ने अब तक नहीं खोले पत्ते

जिले में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव के सामने बीते कई चुनावों से प्रत्याशी नहीं उतार रही है। आखिरी बार 2004 में हुए उप चुनाव में कांग्रेस ने प्रत्याशी उतारा था। ऐसे में कांग्रेस इस बार उप चुनाव में प्रत्याशी उतारती है या नहीं ये बाद में ही पता चलेगा। अब तक पार्टी की ओर से प्रत्याशी को लेकर कोई अधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### बसपा सुप्रीमो के ट्वीट की भी है चर्चा

सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा किए गए ट्वटी की भी लोगों के बीच चर्चा है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि सपा के सामने आजमगढ़ की तरह ही मैनपुरी में भी अपनी सीट बचाने की चुनौती है। देखना होगा कि क्या सपा ये सीट भाजपा को हराकर पुनः जीत पाएगी या फिर वह भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है ये पुनः साबित होगा। ये ट्वीट सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है।

## तेज रफ्तार कार और डायल 100 में टक्कर, आरक्षक सहित छह लोग घायल, बागेश्वर धाम से लौट रहे थे सभी

छतरपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम से लौट रहे कार सवार और डायल 100 कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में छह से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# देश की पहली महिला गेटमैन हूं

## रोजाना 50 ट्रेनें पार कराती, 10 साल से कर रही ड्यूटी, एक अफसर के भरोसे ने बढ़ाया हौसला

नई दिल्ली, एक्सक्लूसिव डेस्क, 8 नवंबर। मैं मिर्जा सलमा बेग लखनऊ के मल्हौर स्टेशन पर गेटमैन हूं। 1 जनवरी 2013 को मैंने ड्यूटी जॉइन किया, तब से 10 साल हो गए नौकरी करते हुए।

जब नौकरी में आई तो स्टेशन पर लोग कहते कि लड़की है एक दिन भी नौकरी नहीं कर पाएगी। इतने भारी वजन का गेट कैसे खोल पाएगी। वहां तो पब्लिक भी होती है। बहुत मुश्किल होगा उसके लिए।

बाहर के लोगों को छोड़िए, रिश्तेदार भी कहते कि कहां लड़की को काम के लिए भेज रहे, वो भी रेलवे में। पर इन सब आशंकाओं को दूर करते हुए मैंने काम किया। आज वही लोग मुझ पर गर्व करते हैं।

### दूसरों की सुरक्षा देने वाली खुद की सुरक्षा क्यों नहीं कर सकती



-मिर्जा सलमा बेग

मेरा मानना है कि लड़कियां सब काम कर सकती हैं। जो दूसरे की सुरक्षा में आती हैं वो खुद अपनी सुरक्षा भी बखूबी कर सकती हैं। कई बार लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। नौकरी नहीं मिलती तो कहते हैं कि नौकरी नहीं मिली। जब मिल जाती है तो बहाने बनाने लगते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि दिन हो या रात, हम काम कर सकते हैं चाहें परिस्थितियां जटिल ही क्यों न हो।

**एडीआरएम ने कहा, लड़कियां तो अब जहाज उड़ाती हैं**

मेरे पापा गेटमैन थे मल्हौर में ही, लेकिन उन्हें परेशानी थी। कम सुनाई पड़ता था। इसलिए उन्होंने वीआरएस ले लिया। तब मैं उनकी जगह नौकरी में आ गई।

जब मैं ट्रेनिंग के लिए गई तो पहले दिन ही एडीआरएम से मिली। उन्होंने कहा कि लड़कियां तो अब पायलट बन रहीं हैं, जहाज उड़ा रही हैं तो गेटमैन का काम करने में क्या दिक्कत होगी।

यह सुनने के बाद मैंने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जब मुझे रेलवे क्रॉसिंग पर भेजा गया तब पापा भी साथ में थे। उन्होंने मुझे सिखाया, टेक्निकली कैसे काम होता है।

शुरू में एक-दो दिन ही घबराहट हुई, फिर लगा कि यह मैं कर सकती हूं। जब ठान लिया तो फिर कभी कोई दिक्कत नहीं हुई।

आज बहुत अच्छा लगता है। अपना काम मेहनत से करती हूं। किसी के आगे हाथ नहीं फैलाती। कमजोरी से बाहर निकल कर आई। हमारा काम इधर से सुनना और निकाल देना है। आज भी लोग कहते हैं, पर ध्यान नहीं देती।

**बी.ए फर्स्ट ईयर में ही नौकरी में आ गई**

मैंने इंटर करने के बाद बी.ए फर्स्ट ईयर में दाखिला लिया था, तभी नौकरी करने लगी। जब इंटर में थी तब एकाध बार मैंने पापा को कहा था कि गेटमैन का काम नहीं करूंगी, लेकिन जब एक बार नौकरी में आ गई, तब कभी मलाल नहीं रहा।


मेरा हमेशा मानना रहा कि कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता। किसी भी काम को इंसान को लगन से करना चाहिए। मेरी वजह से मेरे पेरेंट्स के चेहरे पर खुशी है यह मेरे लिए बड़ी बात है।

**मां-बाप ने बेटियों को बेटा बनाकर पाला**

मेरी पैदाइश मल्हौर की है। यहीं से पढ़ाई की है। हम दो बहनें हैं। मेरा कोई भाई नहीं हैं, लेकिन मां-बाप को बेटा होने का कभी अफसोस नहीं रहा। उन्होंने हमेशा बेटियों की बेटों की तरह परवरिश की। वो यही चाहते थे कि बच्चे कामयाब होकर निकलें।

**मम्मी पैरालिसिस का शिकार हो गईं**

मेरे जॉब के कुछ ही महीने हुए थे कि मम्मी को पैरालिसिस मार गया। 2017 में उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हो गया। नौकरी करने के साथ मैं उनकी भी देखभाल करती थी, लेकिन कोरोना में उनकी तबीयत ज्यादा खराब होती गई। कोरोना



मिर्जा सलमा बेग

नहीं होता तो मां जिंदा होतीं। शादी मेरी जरूर हुई, पर अहसास नहीं हुआ कि ससुराल क्या है।

**हिंदू-मुस्लिम के बीच भेद को कभी नहीं जाना**

मैं जब छोटी थी तब मेरी अधिकतर सहेलियां हिंदू परिवारों की ही थीं, आज भी हैं। अनु, सपना, स्नेहा मेरी सहेलियां हैं। बचपन से ही हमें ऐसे संस्कार मिले कि मुस्लिम-हिंदू के बीच फर्क नहीं किया। ऐसा कभी नहीं सिखाया गया। इंसानियत से बड़ा कुछ भी नहीं होता।

**काम को कभी बोझ नहीं समझा**

मैं अपने काम को खूब एन्जॉय करती हूं। हमारे पास फोन आता है कि गाड़ी आ रही है। गाड़ी का नंबर बताया जाता है। इसके बाद मैं गेट बंद कर देती हूं। गेट के अंदर कोई वाहन न आ पाए, कोई सिर न लड़ जाए, इसका ध्यान रखना होता है।

गेट बंद करने के बाद स्टेशन से पैनल लॉकिंग होती है। लॉक करने के बाद वहां पर चाबी देती हूं। वहां इंडिकेशन मिलता है सिग्नल का। गाड़ी जब गुजरती है तो ऑब्जर्व करती हूं कि ट्रेन से कोई हैंगिंग चीज तो नहीं लटक रही, चिंगारी तो नहीं निकल रही या कोई चिल्ला तो नहीं रहा। यह सब चेक करती हूं। कहीं कोई खतरे की चीज तो नहीं।

गाड़ी निकलने के बाद चाबी स्टेशन मास्टर देते हैं फिर गेट खोलती हूं। मैं फिर ऑफिस डायरी में गेट बंद करने का समय, गाड़ी गुजरने का समय और गेट खोलने का समय नोट कर लेती हूं।

**20 मिनट से ज्यादा नहीं बंद कर सकते गेट**

मल्हौर स्टेशन के फाटक से होकर हर दिन करीब 1.50 लाख गाड़ियों की आवाजाही होती है। हर दिन 40 से 50 ट्रेनें आठ घंटे के भीतर गेट से होकर गुजरती हैं। ऐसे में काफी भीड़ होती है। इस तरह 25 से 30 बार गेट बंद करना और खोलना होता है। सुबह-शाम और दोपहर में स्कूल छूटने के समय फाटक पर वाहन अधिक होते हैं।

नियमानुसार, हम 20 मिनट से ज्यादा गेट नहीं बंद कर सकते। कभी-कभी गाड़ी तो निकल गई, इंजन आ गया, शंटिंग करा रहे तब टाइम लग सकता है। तब लोगों को समझाना होता है कि आपकी सुरक्षा के लिए ही हम बैठे हैं।

अगर 10 मिनट के लिए गेट बंद रहे तो उत्तर-दक्षिण में आधे किमी तक वाहनों की कतार लग जाती है। इनमें फोर व्हीलर बहुत अधिक होते हैं।

**कभी-कभी दोपहर का खाना तक नहीं खा पाती**

सुबह 8 से रात 8 बजे तक की नौकरी होती है। यानी 12 घंटे की। सुबह उठकर नाश्ता बनाती हूं। बच्चे को खाना खिलाती हूं। पति के लिए टिफिन पैक करती हूं। ऑफिस आती हूं।

रात 8 बजे ड्यूटी से आकर खाना बनाती हूं और फिर सबको खिलाती हूं। इन सबके बीच गेटमैन की नौकरी चुनौतीपूर्ण है। इस काम में चौकन्ना रहना जरूरी है। सतर्क रहना होता है। दोपहर में तो कई बार खाना नहीं खा पाती। नींद तो दूर ही रहती हैं। मोबाइल पर भी समय नहीं दे पाती। मुझे दो बार डीआरएम अवॉर्ड मिल चुका है। एक बार क्रॉसिंग पर आकर डीआरएम ने अवॉर्ड दिया था। तब उन्होंने 201 रुपए आशीर्वाद के रूप में दिए थे। एक बार सीनियर डीआरएम अजीत सिन्हा से भी अवॉर्ड मिला। डीआरएम ने अवॉर्ड देते हुए कहा था कि लड़की होकर तुम इतनी मुस्तैदी से काम करती हूं, इसके लिए शाबाशी दी।

# दाऊजी का देसी अंदाज, खारुन में गुलाटी मार लगाई डुबकी

## सीएम भूपेश ने कार्तिक पूर्णिमा पर महादेव घाट पहुंचकर की पूजा, पुन्नी मेले की दी बधाई

रायपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्तिक पुन्नी के मौके पर सुबह रायपुर के महादेव घाट पहुंचकर खारुन नदी में कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी पुन्नी मेला की बधाई दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने खारुन नदी में कार्तिक स्नान करने के बाद नदी तट पर स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश के विकास के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री बघेल ने परंपरागत गंगा आरती कार्यक्रम में शामिल हुए और दीपदान किया। इस दौरान सुबह से काफी लोग भी मौजूद रहे।

**नदी तट पर उमड़ी लोगों की भीड़**

नदी तट पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पुन्नी मेला के मौके पर सीएम ने कहा कि यहां आसपास के सभी गांव के लोग आते हैं। पुन्नी मेला हमारी प्राचीन परंपरा है, हमारे छत्तीसगढ़ के गांव, शहरों की परंपरा का हिस्सा है।



कार्तिक माह में सुबह का स्नान और शिवजी पर जल चढ़ाने की परंपरा रही है, आज से गांवों के घाटों में मेले का आयोजन शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज प्रकाश पर्व का शुभ दिन भी है, गुरुनानक जयंती है, जिनका छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है, उनके जुड़ाव के स्थल महासमुंद जिले के गढ़फुलझर को हमने पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले साल खारुन नदी के घाट के विकास की घोषणा की थी, अब बजट में प्रावधान के साथ घाट के विकास का काम शुरू हो जाएगा। हमारे प्रदेश में किसान भाई धान कटाई की शुरुआत कर चुके हैं। एक नवंबर से धान की खरीदी भी शुरू हो चुकी है, किसान भाई समर्थन मूल्य में धान बेच रहे हैं और समय पर उन्हें भुगतान भी हो रहा है। दिवाली के पहले हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त भी दे दी है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर होगा बेहतर काम**

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से हाल ही में हमने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन भी राज्योत्सव के अवसर पर किया। हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ साथ अपनी संस्कृति के संरक्षण और उसके विकास के लिए भी लगातार काम कर रहे हैं। जिसमे प्रदेश की जनता की भागीदारी है।

**गोधन न्याय योजना की राशि का करेंगे वितरण**

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से 11.40 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गोधन न्याय योजना और गन्ना प्रोत्साहन योजना के तहत हितग्राहियों को राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसके बाद दोपहर 12.30 बजे राजधानी रायपुर के पंडरी स्थित खालसा स्कूल पहुंचेंगे और वहां आयोजित गुरू नानक जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे इसके बाद दोपहर 1.15 बजे खालसा स्कूल पंडरी से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर के लिए जाएंगे ।

खारुन नदी पर इस मेले की शुरुआत 600 साल पहले हुई। हटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं.सुरेश गिरी गोस्वामी बताते हैं कि एक किंवदन्ती के अनुसार सन् 1428 के आसपास पुन्नी मेला की शुरुआत हुई थी। राजा ब्रह्म देव की कोई संतान नहीं थीं, राजा ने खारुन नदी के किनारे स्थित हटकेश्वरनाथ महादेव से संतान प्राप्ति के लिए मन्नत मांगी। जब राजा को पुत्र की प्राप्ति हुई तो राजा ने आसपास के अनेक गांवों के लोगों को आमंत्रित कर भोज का आयोजन किया।

हजारों की संख्या में ग्रामीण खारुन नदी के किनारे जुटे, जिनके लिए राजा ने ठहरने, भोजन करने और उनके मनोरंजन के लिए झूले, खेल-तमाशों का आयोजन किया। उस दिन कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि होने और नदी में पुण्य स्नान करने की मान्यता के चलते हजारों ग्रामीणों ने डुबकी लगाई। इसके बाद हर साल मेला आयोजन करने की परंपरा चल पड़ी।

ऐसी भी मान्यता है कि छत्तीसगढ़ से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजस्थान स्थित पुष्कर तीर्थ में कार्तिक मेला लगता था। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान और पूजा में शामिल होने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचते थे। वहां तक जाने के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को कई दिन लग जाते थे। इसे देखते हुए राजा ब्रह्म देव ने खारुन नदी के किनारे हटकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने का निर्णय लिया।

# फिर मिला नोटों का पहाड़

## कांग्रेस के 2 विधायकों पर छापेमारी में 'कालेधन का खजाना'

रांची, 8 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों समेत कुछ कारोबारियों पर छापेमारी के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 100 करोड़ से अधिक के बेनामी लेनदेन और निवेशों का पता लगाया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 4 नवंबर को झारखंड के रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाईबासा, बिहार के पटना, हरियाणा के गुरुग्राम, पश्चिम बंगाल के कोलकाता समेत 50 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने छापे के दौरान 2 करोड़ रुपए की नकदी भी बरामद की, जिन्हें गिनने के लिए मशीनों का सहारा लिया गया।

इनकम टैक्स ने कांग्रेस के दो विधायकों के ठिकानों पर तलाशी ली थी, जिनकी पहचान अधिकारियों ने कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के रूप में बताया। बेरमो सीट से विधायक जयमंगल ने भी रांची में आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए ऐक्शन की पुष्टि की और कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। जेवीएम-पी से अलग होकर प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस अभी जेएमएम के साथ सत्ताधारी



गठबंधन का हिस्सा है, जिसकी अगुआई हेमंत सोरेन कर रहे हैं।

सीबीडीटी ने बयान में कहा है कि यह ऐक्शन कुछ कारोबारी समूहों के खिलाफ लिया गया था जो लौह अयस्क के खनन, लोहे के उत्पादन, कोयले के व्यापार, ढुलाई और ठेकेदारी से जुड़े हुए हैं। सीबीडीटी ने कहा कि जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई उनमें दो राजनीति से संबंधित और उनके सहयोगी हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लिए नीति बनाने वाली संस्था है।

सुनिल गावस्कर का बड़ा बयान, कहा अगर ये खिलाड़ी हुआ फेल तो भारत को 140-150 रन बनाने के लिए भी जूझना पड़ेगा

सीबीडीटी ने कहा कि 2 करोड़ रुपए से अधिक कैश की बरामदगी भी की गई है और अभी तक 100 करोड़ से अधिक की बेनामी लेनदेन/निवेश का पता लगाया गया है।

छापेमारी में बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल सबूत भी मिले हैं। सीबीडीटी ने कहा, "इन सबूतों के प्राथमिक विश्लेषण से पता चलता है कि इन समूहों ने टैक्स चोरी के लिए कई तरह के रास्ते अपनाए।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ रुक जाएगी ईडी की जांच?

## सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत के क्या मायने

रांची, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सोमवार को सुप्रीम राहत मिली। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने शिवशंकर शर्मा द्वारा अवैध खनन पट्टा लीज और शेल कंपनी मामले की सीबीआई और ईडी जांच की मांग से संबंधित दाखिल जनहित याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की याचिका राजनीति से प्रेरित लगती है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में ये सवाल घूम रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी हालिया ईडी की कार्रवाई रूक जाएगी। क्या हेमंत सोरेन की मुश्किलें खत्म हो गई हैं? दरअसल, इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिका को सुनवाई योग्य माना था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में



हाईकोर्ट के फैसले को भी निरस्त किया है।

**जनहित याचिकाओं पर नहीं होगी कोई सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब झारखंड हाईकोर्ट में इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होगी। हाईकोर्ट ने दोनों मामलों पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों से जवाब देने को कहा था। अब सवाल है कि क्या सीएम के खिलाफ हालिया ईडी की जांच थम जाएगी। बता दें कि ऐसा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग की ईडी जांच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दरअसल, कोर्ट ने ईडी की हालिया जांच अथवा कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं की है। कोर्ट ने केवल पीआईएल को सुनवाई योग्य नहीं माना है। दरअसल, पीआईएल में मुख्यमंत्री द्वारा अनगड़ा में लिए गए खनन पट्टा लीज तथा शेल कंपनी मामले की सीबीआई तथा ईडी जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया। वही, अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस राज्य की निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी तथा बच्चू यादव की गिरफ्तारियों से जुड़ा है।

# देव दीपावली पर काशी में टूटे भीड़ के सभी रिकॉर्ड

## गंगा किनारे की हर गली, हर सड़क रही जाम



वाराणसी, 8 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के सबसे बड़े आयोजनों में शुमार हो चुका देव दीपावली का पर्व हर साल नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। इस साल काशी में भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। अस्सी से राजघाट तक गंगा की ओर जाने वाली कोई भी गली, सड़क खाली नहीं थी। दोपहर में जहां 3:00 बजे दशाश्वमेध की ओर जाने के मार्ग बंद करने पड़े थे वही रात 8:00 बजते बजते घाटों की ओर जाने वाले सभी रास्तों से लोगों को लौटाया जाने लगा। राजघाट की ओर जाने वाले रास्तों पर हजारों की संख्या में लोग रात 8:00 बजे के बाद इस उम्मीद में खड़े रहे कि रास्ता खुलेगा और उन्हें जाने की छूट मिल जाएगी। कई कई किलोमीटर तक लोग पैदल ही परिवार वालों के साथ पहुंचते रहे। भीड़ के कारण लोगों को दुर्व्यवस्था का सामना भी करना पड़ा।

# बाहर आया नान घोटाले का जिन्न

## सीएम ने ईडी को पत्र लिखकर जांच की मांग उठाई
## कहा–रमन सिंह के कहने पर एसीबी ने आरोपियों को बचाया



रायपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में नागरिक आपूर्ति निगम-नान घोटाले का जिन्न एक बाहर आ गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय-ईडी को पत्र लिखकर जांच की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री का कहना है, 2004 से 2015 के बीच हुए इस घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कहने पर एसीबी के अधिकारियों ने आरोपियों को बचा लिया। आरोपियों के पास मिले दस्तावेजों में सीएम सर और सीएम मैडम को पैसा देने की बात दर्ज है, लेकिन उसको चार्जशीट में शामिल तक नहीं किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल का हो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मैंने ईडी को आज पत्र लिखा है कि, नान घोटाले में सीएम मैडम, सीएम सर सबके नाम आए हुए हैं। ईडी के पास पहले से ही जांच चल रही है। इसमें भ्रष्टाचार के स्पष्ट सबूत हैं। उस समय एसीबी के जांच अधिकारी ने मीडिया के सामने आकर कहा था कि पैसा उस डोमेन में गया है जहां हम जा नहीं सकते, जांच नहीं कर सकते। बहुत सारे मीडिया हाउस के पास उसकी क्लिपिंग होगी। ईडी को मैंने पत्र लिखा है आप जांच कराएं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अगर इस पत्र के 15 दिन बाद भी प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने जांच शुरू नहीं की तो न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। इस मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ईडी को पहले भी एक पत्र लिख चुके हैं।

मुख्यमंत्री की चिट्ठी पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी आखिर कब तक मुद्दों से पलट कर गुलाटी मारते रहोगे। जब भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही हो तब तो ईडी की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाने लगते हो। आज उसी ईडी को पत्र लिखकर नान-चिटफंड की जांच का आग्रह कर रहे हो। कभी तो अपनी कथनी-करनी स्पष्ट रखिए। सत्य से इतना भय क्यों है?

**क्या है यह यह नान घोटाला ?**

दरअसल छत्तीसगढ़ में नागरिक आपूर्ति निगम के जरिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन होता है। एंटी करप्शन और आर्थिक अपराध ब्यूरो ने 12 फरवरी 2015 को नागरिक आपूर्ति निगम के मुख्यालय सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के 28 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था। वहां से करोड़ों रुपए की नकदी, कथित भ्रष्टाचार से संबंधित कई दस्तावेज, डायरी, कम्प्यूटर की हार्ड डिस्क समेत कई दस्तावेज मिले। आरोप था, राइस मिलों से लाखों क्विंटल घटिया चावल लिया गया और इसके बदले करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई।

# पुलिस पर ग्रामीणों का हमला

## एएसआई को पीटा, आधा दर्जन जवान घायल



चतरा, 8 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के चतरा जिले में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई। आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को चोट लगी है। एक ग्रामीण भी घायल है। तनाव इतना है कि घटनास्थल पर आधा दर्जन थानों की पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की तैनाती करनी पड़ी है। घायलों का इलाज चतरा सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना चतरा जिला अंतर्गत पुलिस लाइन-नावाडीह स्थित हेरु पुल के पास की है। दरअसल, यहां एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में जिले के डहुरी गांव निवासी 28 वर्षीय पप्पू कुमार की मौत हो गई। 2 युवक घायल हैं। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों ने पिकअप वैन चालक को बंधक बना लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में मृत पप्पू कुमार के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मिली जानकारी के मुताबिक जब एएसआई शशिकांत ठाकुर पिकअप वैन के चालक को अपने साथ लेकर जाने लगे तो ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने एएसआई को घेरकर उनकी पिटाई कर दी। उनके कपड़े तक फाड़ डाले। उग्र हो चुकी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जब पुलिस ने लाठियां भांजी तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को चोट आई। सूचना मिलने पर बेकअप टीम भेजी गई जिसने ग्रामीणों के चंगुल से एएसआई को छुड़ाया और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना में पिकअप वैन का चालक भी घायल है। इस पूरी घटना में एक ग्रामीण को भी चोट लगी है।

पुलिसकर्मियों के एक वाहन को भी क्षति पहुंची है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इधर, ग्रामीण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले मृतक पप्पू के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क पर बैठ गए। रोड जाम कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे वरीय पदाधिकारी लोगों को समझाने में जुटे थे लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे।



# प्रियंका के सलाहकार की पायलट-गहलोत गुटबाजी पर चेतावनी

*कहा-पार्टी से बड़ा समझने वाले कांग्रेस छोड़ें, डोटासरा बोले-मंत्री गलत बयानबाजी से बचें*



जयपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस में चल रही खींचतान और गुटबाजी को लेकर अब नेताओं को प्रियंका गांधी के सलाहकार, पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री के पोते और राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी विभाकर शास्त्री ने चेतावनी दी है। विभाकर शास्त्री ने कहा- पार्टी से बड़ा कोई नेता नहीं है। जो व्यक्ति अपने आप को पार्टी से बड़ा समझता है तो पार्टी खुद छोड़ दे। या पार्टी उसको गिरा देगी। यह केवल समय की बात है। पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता है। उधर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बयानबाजी करने वाले मंत्रियों को निशाने पर लिया है।

विभाकर शास्त्री और डोटासरा ने पार्टी की आपसी गुटबाजी और मंत्रियों के बयानों को निशाने पर लेकर नई सियासी चर्चाएं छेड़ दी हैं। भारत जोड़ो यात्रा से पहले इसे सियासी शांति की कोशिशों से जोड़कर देखा जा रहा है। डोटासरा ने बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ समय आने पर एक्शन लेने के संकेत दिए हैं। सरकार में पावर सेंट्रलाइजेशन, मंत्री, विधायकों की नहीं चलने को लेकर मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास और राजेंद्र गुढ़ा के बयानों पर गोविंद सिंह डोटासरा ने पलटवार करते हुए चेतावनी दी है। मंत्री, विधायकों की नहीं चलने के बयानों के सवाल पर डोटासरा ने कहा- ऐसे बयान नहीं दें, जिससे पार्टी का नुकसान होता हो। यह मंत्री विधायकों की नैतिक जिम्मेदारी है। अगर वे अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं तो समय किसी का गुलाम नहीं है। जब समय आएगा तो अपने आप फैसला होगा। पार्टी अभी भी हर बात को नोट कर रही है। चाहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी हो या फिर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी। गलत बयान बाजी करने वाले हर नेता की बात नोट की जा रही है। चाहे मंत्री हो या विधायक इस तरह नहीं बोलना चाहिए। क्योंकि अगर जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग पार्टी का बोलकर नुकसान करते हैं तो जनता और कार्यकर्ता उसे माफ नहीं करेंगे।

**कैबिनेट या विधायक दल की बैठक में रखें बात, मीडिया में नहीं**

डोटासरा ने कहा-अगर किसी को संगठन से कोई शिकायत है तो नेता कांग्रेस पार्टी की बैठक में अपनी बात रखें। मंत्रिमंडल के किसी सदस्य को अपनी बात रखनी है तो वह मंत्रिमंडल की बैठक में अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखें। विधायक को कोई बात कहनी है तो वह मंत्री या मुख्यमंत्री से अपनी बात रखें। विधायक दल की बैठक में अपनी बात रखें। किसी मंत्री, विधायक के मीडिया में जाकर दिए गए बयान से पार्टी को नुकसान होता है। यह सही नहीं है। उन सभी नेताओं को रात को जाकर सोचना चाहिए कि जो उन्होंने कहा है। उससे कांग्रेस पार्टी को नुकसान हुआ या फायदा।

## दुष्कर्म करने में नाकाम रहने पर भाई ने की बहन की हत्या

बांसवाड़ा, 8 नवंबर (एजेंसियां)। बांसवाड़ा जिले के जंगल में कुछ दिन पहले अर्द्धनग्न अवस्था में 11वीं कक्षा की छात्रा की लाश मिलने से लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया था। पहले छात्रा के अपहरण की कहानी सामने आई, लेकिन पुलिस की जांच में जब राज खुला तो उसका चचेरा भाई ही हत्यारा निकला। बता दें कि चचेरा भाई बहन के साथ दुष्कर्म करना चाहता था। अपने मकसद में नाकाम रहने पर जब छात्रा ने इस बारे में सबको बताने की बात कही तो भाई ने उसका मर्डर कर दिया। इसके बाद वह खुद अपहरण का चश्मदीद बनकर पुलिस को गुमराह करता रहा।

बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को उस पर शक हुआ। सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने पूरा राज उगल दिया। यह मामला बांसवाड़ा जिले में लोहरया थाना क्षेत्र का है।

# राजस्थान के हर घर में मेंबर बनाना बीजेपी का टारगेट

**चुनाव में होगा बूथ और पन्ना मैनेजमेंट, गुजरात फार्मूले से 1 करोड़ तक पहुंचेगी संख्या**



जयपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में बीजेपी वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए माइक्रो मैनेजमेंट फॉर्मुला अपनाएगी। बीजेपी का हर घर में मेंबर बनाने का टारगेट है। इसमें लाखों कार्यकर्ताओं की टीम आईडी कार्ड के साथ फील्ड में उतरेगी। बूथ जीता तो चुनाव जीता और मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान दो बड़े नारों के साथ 21 लाख 32 हजार कार्यकर्ता वोटर्स को बीजेपी के पक्ष में करने में जुटेंगे। पार्टी ने 21 लाख से ज्यादा कार्यकर्ताओं का पूरा डेटाबेस बनाकर फोटो युक्त आईडी कार्ड बनाने का प्रोसेस भी शुरू कर दिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि राजस्थान में तो यह अभियान का दूसरा ही स्टेज है। गुजरात में बीजेपी की जीत हुई। वहां तीसरे स्टेज पर लागू किया गया बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीआर पाटिल फॉर्म्युला राजस्थान में भी लागू किया जा सकता है। जिसके तहत राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले 1 करोड़ से ज्यादा कार्यकर्ता फील्ड में उतारे जा सकते हैं।

राजस्थान में स्टेज-2 के तहत 52 हजार बूथ पर 21-21 कार्यकर्ताओं की बूथ कमेटी बनाई जा रही है। इनमें कुल 10 लाख 92 हजार मेम्बर होंगे। 47 हजार से ज्यादा बूथ कमेटियां बनाई भी जा चुकी हैं। इसके बाद हर बूथ पर अधिकतम 1200 वोट साधने के लिए 20-20 पन्ना प्रमुख नियुक्त करने पर पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी तीसरी स्टेज के माइक्रो मैनेजमेंट लेवल पर गई। तो हर पन्ने पर 11 पन्ना कमेटी सदस्य (1 पन्ना प्रमुख और 10 पन्ना कमेटी मेम्बर) बनाए जाएंगे। कुल 1 करोड़ 4 लाख पन्ना कमेटी मेम्बर बनेंगे। ये बहुत बड़ा आंकड़ा होगा।

# भीलवाड़ा से 46 लड़कियां गायब?

**एनसीपीसीआर ने कहा-बेचे जाने की आशंका, दिया पता लगाने का निर्देश**

भीलवाड़ा, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने आज राजस्थान के भीलवाड़ा जिले का दौरा किया। आयोग ने तीन गांवों का दौरा किया। दौरे के बाद यह सामने आया कि इन तीन गांवों से कुल 46 लड़कियां गायब हैं। आयोग ने लड़कियों का पता लगाने का निर्देश दिया है। जिले में स्टांप पर लड़कियों के बेचने का मामला सामने आया था। इसके बाद आयोग की अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने जिले के तीन गांवों का दौरा किया। दौरा करने के बाद उन्होंने मीडिया से बताया कि आज तीन गांव ईटून्दा, धौद और रजवास के साथ-साथ चार स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान आंगनबाड़ी में काम करने वालों, राशन डीलर की दुकान, एएनएम, सरपंच, ग्रामपंचायत सचिव आदि से बात भी की।

प्रियंक कानूनगो ने बताया कि अगर लड़कियां स्कूल आ रही है या गांव में हैं तो वे सुरक्षित हैं लेकिन वे गांव में नहीं है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पता चला कि 46 लड़कियां ऐसी है जो स्कूल में नहीं पढ़ रही है। इनमें 18 लड़कियों के बारे में कुछ पता नहीं चला कि वह कहां हैं। जबकि 28 लड़कियों के बारे में बताया गया कि वे रिश्तेदार या किसी और गांव में गई हुई हैं। हमने लड़कियों के परिजनों को बुलाकर पता लगाने की कोशिश की लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। ऐसे में इन तीन गांवों में 46 लड़कियां गायब मिली। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों की तस्करी या बेचे जाने की आशंका है।

प्रियंक कानूनगो ने यह भी कहा कि एक जाति विशेष के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उनके पास जॉब कार्ड है लेकिन उन्हें मनरेगा में पिछले डेढ साल से काम नहीं मिला। उन्होंने प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर इन 46 लड़कियों का पता लगाने के निर्देश दिया।

# बाड़ेबंदी में कांग्रेसी पढ़ रहे हनुमान चालिसा

*भगवान राम को याद किया, भाजपा पार्षदों ने किया सुंदरकांड का पाठ*

जयपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में मेयर पद पर वोटिंग के लिए अब केवल 2 दिन बचे हैं। दोनों ही पार्टियों के पार्षद अपने-अपने उम्मीदवार की जीत के लिए भगवान की शरण में जाकर उनका स्मरण करने लग गए हैं। चौमू पैलेस में मौजूद भाजपा के पार्षदों ने रामधुनी कर सुंदरकांड के पाठ का पाठ किया, तो दूसरी कांग्रेस के पार्षद ने आज सुबह हनुमान चालीसा का पाठ करके अपने प्रत्याशी का बेड़ा पार लगाने की मनोकामना की।

दो दिन तक स्वीमिंग पूल में नहाने, अंताक्षरी, क्रिकेट जैसे खेल खेलकर अपना समय बिताने वाले पार्षदों की दिनचर्या में अब बदलाव आ गया है। अब वो दिन की शुरुआत पूल में न करके योग और भगवान की भक्ति के साथ कर रहे है। कांग्रेस के पार्षद जो दो दिन से लगातार होटल में मौज-मस्ती कर रहे हैं। उन्होंने आज सुबह योगासान के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। इधर भाजपा के पार्षदों ने सत्संग के साथ सुंदरकांड का पाठ किया।

**भगवान की साधना में जुटे पार्षद**



इस दौरान भाजपा के विधायक और प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने हनुमान चालीसा पढ़ने पर कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा- ये वहीं कांग्रेस है जो कभी राम के अस्तित्व को मानती नहीं थी। आज वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्हें राम और हनुमान दोनों को मानना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब सनातन संस्कृति पर आना ही पड़ेगा। अगर कांग्रेस सनातन संस्कृति पर नहीं आती है तो उसका अस्तित्व भी इस देश में बचने वाला नहीं है। इधर चुनावी समीकरण देखे तो भाजपा के राहत की बात ये है कि लगभग सभी पार्षद अब बाड़ेबंदी में पहुंच चुके है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी का जीतना लगभग तय माना जा रहा है, क्योंकि भाजपा के पास बहुमत से ज्यादा वोट है।

# बाड़मेर में मचा बवाल : प्रदर्शनकारियों को कुचलने का प्रयास

*भीड़ ने फूंक डाले 2 वाहन*

बाड़मेर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के बाड़मेर जिले में आज जमकर उपद्रव हो गया. यहां रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर चल रहे धरने-प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन देने जा रहे प्रदर्शनकारियों पर दूसरे पक्ष के लोगों ने गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया. इससे वहां अफरातफरी मच गई. इस हमले में वहां मौजूद तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी भी बाल बाल बचे. गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. घटना से आक्रोशित लोगों ने मौके पर ही दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया. उसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए. जानकारी के अनुसार रिफाइनरी में एक पक्ष स्थानीय लोगों को रोजगार और स्थानीय लोगों के ही वाहन वहां काम पर लगाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहा था. इसी दरमियान उनका दूसरे पक्ष से विवाद हो गया. यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से पहले पत्थरबाजी हुई. उसके बाद एक पक्ष के कुछ लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया. इससे वहां हड़कंप मच गया।

**मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है**

इसी मामले को मंगलवार को एक पक्ष ज्ञापन देने के लिए पहुंचा तो इस दौरान दूसरा पक्ष भी वहां पर पहुंच गया. उन्होंने गाड़ियां को वहां घुमाकर पहले पक्ष को डराने का प्रयास किया. इसको लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई थी. फिलहाल पुलिस एवं प्रशासन ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करवा दिया है. कानून व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने मौके पर मोर्चा संभाला रखा है. वह हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं. उल्लेखनीय है कि बाड़मेर जिला पिछले काफी समय से कानून-व्यवस्था के मामलों को लेकर चर्चा में बना हुआ है।

# आसमान में राफेल और सुखोई की जुगलबंदी

**रेगिस्तान के धोरो में एक साथ गरजे 13 फाइटर जेट**




जोधपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर एयरबेस भारत और फ्रांस एयरफोर्स के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ 7 की मेजबानी कर रहा है। बीते एक सप्ताह से जारी इस युद्धाभ्यास के दौरान मंगलवार को दोनों देशों के वायुसेना प्रमुख लड़ाकू विमान उड़ाकर एयर पावर दिखाए। मंगलवार सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जोधपुर एयरबेस से पांच राफेल, पांच सुखाई और तीन तेजस फाइटर जेट ने उड़ान भरी।

इस दौरान करीब एक घंटे तक आसमान में रीफ्यूलिंग की प्रैक्टिस की गई। खास बात ये भी रही कि इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राफेल और फ्रांसीसी एयरफोर्स 'फ्रेंच आर्मी डे एयर' के चीफ जनरल स्टीफन ने सुखाई में उड़ान भरी।

**जोधपुर में दूसरा मौका...**

सोमवार को दिल्ली स्थित वायुसेना मुख्यालय में दोनों देशों के चीफ की मुलाकात हुई। दोनों ने युद्धाभ्यास, आपस में सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। ये दूसरा मौका है, जब जोधपुर एयरबेस पर गरूड़ युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के चीफ एक दूसरे के फाइटर उड़ा रहे हैं। इससे पहले साल 2014 में गरूड़ के 5वें संस्करण के दौरान भारतीय वायुसेना के तत्कालीन चीफ अरूप राहा और फ्रांसीसी चीफ डेनिस मेर्सियर ने उड़ान भरी थी।

प्रदर्शन के दौरान मंगलवार दोपहर दोनों चीफ की एक साथ उड़ान भरी। दोनों ही चीफ को-पायलट के रूप में उड़ान भरी। दोनों ही चीफ की उड़ान काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं, जो करीब एक घंटे की रही। इसकी तैयारियों को सोमवार को दोनों देशों की एयरफोर्स ने अंतिम रूप दे दिया है।

**छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं...**

दोनों देशों की एयरफोर्स के बीच गरुड़ सीरिज के पहले छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं, उनमें से तीन भारत में और तीन फ्रांस में हुए हैं। वर्ष 2014 में जोधपुर में यह युद्धाभ्यास हो चुका है। इस युद्धाभ्यास के बाद ही भारत के राफेल खरीदने के सौदे ने तेजी पकड़ी थी और आज राफेल इंडियन एयरफोर्स का हिस्सा बन चुका है।

फ्रांस वायु सेना के 220 जवानों की टुकड़ी के साथ जोधपुर में युद्धाभ्यास कर रही है। 12 नवम्बर तक यह युद्धाभ्यास चलेगा। दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह सातवां अभ्यास है। इससे पहले पहला, तीसरा और पांचवां अभ्यास साल 2003, 2006 और 2014 में वायु सेना स्टेशन ग्वालियर, कलाईकुंडा और जोधपुर में आयोजित किया गया था।

**दो साल पहले हुआ था डेजर्ट नाइट...**

जोधपुर के आसमान में दो साल पहले से भारत और फ्रांस के फाइटर्स जेट राफेल के बीच रोमांचक मुकाबला हो चुका है। डेजर्ट नाइट नाम का यह युद्धाभ्यास जोधपुर एयरबेस पर हुआ था। थार के रेगिस्तान में युद्धाभ्यास होने के कारण इसका नाम डेजर्ट नाइट रखा गया। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच नियमित रूप से होने वाले युद्धाभ्यास गरुड़ से अलग था।

सामरिक विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ महीने से राफेल उड़ा रहे भारतीय पायलट अपनी क्षमता दर्शाएंगे। वहीं कई बरस से राफेल उड़ान रहे फ्रांस एयरफोर्स के पायलटों से मुकाबला करने के साथ उन्हें इस विमान के बारे में काफी कुछ सीखने को मिलेगा। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के पायलट्स अपने अनुभवों को एक-दूसरे से शेयर करेंगे। थार के रेगिस्तान का सिंह द्वार कहलाने वाले जोधपुर का मौसम अमूमन एकदम साफ रहता है। वहीं, यहां का तापमान दोनों देशों के पायलट्स और अन्य स्टाफ के लिए पूरी तरह से मुफिद है। जोधपुर से सीमा क्षेत्र तक बगैर किसी रूकावट के लंबी दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। 8 साल पहले जोधपुर में राफेल उड़ाने वाले पायलट्स को यहां का मौसम बहुत रास आया था।

*मंत्री ने दौसा सीईओ को गेटआउट बोला था*

# अब ट्रांसफर : 75 आरएएस अफसरों के तबादले एडीएम और 4 जिला परिषद सीईओ बदले



जयपुर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए 75 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारियों के तबादले किए हैं। 7 एडीएम और 4 जिला परिषद सीईओ बदले गए हैं। 34 उपखंड अधिकारी (एसडीओ) के ट्रांसफर किए गए हैं। 30 अन्य आरएएस अफसर भी बदले गए हैं। तबादला सूची में दौसा जिला परिषद के सीईओ शिवचरण मीणा का भी नाम है। उन्हें टोंक में एडीएम बनाया गया है।

5 दिन पहले शिवचरण मीणा को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने गेटआउट बोल कर बैठक से बाहर निकाल दिया था। काम में ढिलाई और लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई थी। मंत्री ने कहा था- ऐसे अधिकारी कुंडा बैठाएंगे। विधायक कोष से स्वीकृत किए कार्यों में लेटलतीफी को लेकर मंत्री ने कड़े तेवर दिखाए थे। गेट आउट सुनते ही शिवचरण मीणा बैठक से निकलकर जिला परिषद कार्यालय पहुंच गए थे। सरकार ने जयपुर में शांति-अहिंसा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर हाकम अली खां को डीआईजी रजिस्ट्रेशन एंड स्टैम्प्स का एडिशनल चार्ज भी सौंप दिया है।

**लग जाएगी तबादलों पर रोक**

9 नवंबर से मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण और प्रारूप प्रकाशन का काम शुरू होना है। इसके बाद निर्वाचन से जुड़े अफसरों के तबादले पर रोक लग जाएगी। इसके चलते ट्रांसफर किए गए हैं। शहरी निकायों में ज्यादातर को पोस्टिंग दी गई है। फील्ड अफसरों की खानापूर्ति करते हुए उन्हें 8 नवम्बर तक ही नई पोस्टिंग वाली जगह जॉइनिंग के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के तय प्रोग्राम के मुताबिक, राजस्थान के सभी 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 9 नवंबर 2022 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को किया जाएगा।

**आरएएस अफसर अपर्णा शर्मा को मिली पोस्टिंग**

एपीओ चल रहीं आरएएस अफसर अपर्णा शर्मा को राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर में सहायक सचिव पद पर लगाया गया है।

# दुनियाभर से पुष्कर आए देशी-विदेशी मेहमानों ने खूब किया डांस

*मुंह में चम्मच और नींबू रख लगाई दौड़, बॉलीवुड नाइट में जमकर झूमे*

अजमेर, 8 नवंबर (एजेंसियां)। पुष्कर मेले का समापन कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से विदेशी व इंडियन टूरिस्ट के बीच कई गेम्स आयोजित हुए। स्कूली छात्रों ने राजस्थानी गानों पर डांस किया। जिन्हें देख विदेशी भी नाचने लगे। सुबह साढे 10 बजे के करीब गवर्नमेंट स्कूल की 172 छात्राओं द्वारा राजस्थानी गानों पर डांस किया। इस दौरान पूरे ग्राउंड के चारों तरफ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। डांस कार्यक्रम के बाद विदेशी व इंडियन महिलाओं के बीच चम्मच दौड़ करवाई गई। इसमें 15 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पहला और दूसरा इनाम भारतीय महिलाओं ने जीता, तीसरा इनाम यूएसए की महिला टूरिस्ट ने जीत हासिल की। चम्मच रेस प्रतियोगिता के बाद विदेशी व भारतीय महिलाओं के बीच रस्सी खींच प्रतियोगिता हुई। इसमें भारत की महिलाएं विजेता हुई। वहीं, विदेशी और इंडियन लड़कों के बीच भी रस्सी खींच प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें भी इंडियंस ने जीत हासिल की। इससे पहले सोमवार रात देशी-विदेशी मेहमान फेमस सिंगर मोहित चौहान के गानों पर लोग झूमते नजर आए। सोमवार रात करीब 7 बजे बॉलीवुड नाइट शुरू होनी थी। जो 9 बजे के आसपास शुरू हुआ। मोहित चौहान ने मंच परनादान परिंदे घर आना, साड्डा हक, कुर्बान हुआ आदि सहित कई गाने गाए। इस दौरान मोहित चौहान के गानों पर युवाओं ने जमकर हूटिंग की। इसके साथ ही मोहित चौहान के कहने पर ऑडियंस ने अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जला ली। फिर एक साथ झूमते हुए भी दिखाई दिए।




**विदेशी और इंडियन के बीच रस्सा खींच कम्पटीशन हुआ**

# बेअसर रहे सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों के कप्तान

## रोहित 5 मैच में 89 रन ही बना पाए, बाबर 50 भी पार नहीं कर सके

खेल डेस्क, 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप की सेमीफाइनलिस्ट टीमें तय हो चुकी हैं। भारत और न्यूजीलैंड अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर हैं। पाकिस्तान और इंग्लैंड ने दूसरे स्थान पर रहते हुए लीग स्टेज का सफर खत्म किया। हमने सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों के कप्तानों के ग्रुप स्टेज के परफॉर्मेंस का एनालिसिस किया। अपनी-अपनी टीमों के बॉस का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में औसत ही रहा। इससे भी ज्यादा खास बात यह है कि इन 4 में से कोई भी टीम लीडर टूर्नामेंट के टॉप-10 स्कोरर में शामिल नहीं हैं।

ग्रुप स्टेज की बात करें तो न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने सबसे ज्यादा 132 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने 132.22 के स्ट्राइक रेट से 132 रन बनाए हैं।




रोहित शर्मा 5 मैच में महज 89 रन ही बना पाए। सबसे फिसड्डी तो पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम रहे। वो ग्रुप स्टेज में 39 रन ही बना सके। आगे के ग्राफिक्स में जानते हैं, चारों कप्तानों का प्रदर्शन कैसा रहा...

**1. दो पारियों में दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके रोहित**

ग्रुप स्टेज में रोहित शर्मा कुछ खास नहीं कर सके। टूर्नामेंट में अब तक एक ही हाफ सेंचुरी (नीदरलैंड के खिलाफ 53) लगा सके हैं। दो पारियों में तो वो दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। भारतीय कप्तान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15, बांग्लादेश के खिलाफ 2, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 15, नीदरलैंड के खिलाफ 53 और पाकिस्तान के खिलाफ 4 रन बनाए।

**2. केन विलियमसन कप्तानों में टॉप स्कोरर**

न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन सिडनी के विकेट पर कुछ परेशान दिखे। वहां वो 2 मैचों में 8 और 23 रन ही बना सके। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ फिफ्टी जरूर जमाई, लेकिन, उस पारी में भी विलियमसन की क्लास नहीं दिखी। ग्रुप स्टेज में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 61, इंग्लैंड के खिलाफ 40, श्रीलंका के खिलाफ 8 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन की पारियां खेलीं।

**3. बटलर का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा**

इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने टाइटल की रेस में शामिल टीमों के कप्तानों में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने एक अर्धशतक समेत 119 रन बनाए। चारों कप्तानों में जोस का स्ट्राइक रेट (132.22) सबसे बेहतर रहा। सबसे ज्यादा 15 बाउंड्री लगाईं। स्कोर की बात करें तो उन्होंने श्रीलंका, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ क्रमशः 28, 73, 0 और 8 रन ही बनाए।

**4. चार पारियों में दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके बाबर**

पूरे साल शानदार फॉर्म में रहे पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में बिल्कुल फीके रहे। इस टूर्नामेंट में बाबर अब तक सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। बाबर सिर्फ एक बार एडिलेड में बांग्लादेश के खिलाफ 10 का आंकड़ा पार कर सके। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 25, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6, नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ 4-4 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ तो खाता भी नहीं खोल सके थे।

# भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड को झटका

## 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले मार्क वुड चोटिल, अभ्यास भी नहीं किया

खेल डेस्क, 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लग सकता है। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण टीम से बाहर हो सकते हैं। आज अभ्यास सत्र में वो और डेविड मलान नजर नहीं आए।



डेली मेल की रिपोर्ट्स के अनुसार इंग्लैंड के प्रमुख तेज गेंदबाज वुड के मांसपेशियों में खिचाव है। वुड इंग्लैंड के सबसे सफल और प्रभावी तेज गेंदबाज है। इस टूर्नामेंट में मार्क वुड ने खेले अपने 4 मुकाबले में 9 विकेट लिए हैं।

**150 की स्पीड से करते हैं बॉलिंग**

32 साल के मार्क वुड ने अफगानिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 149.02 किमी प्रति घंटा की औसत से गेंदबाजी की थी। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 154.74 यानी लगभग 155 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद डाली थी। यह मौजूदा वर्ल्ड कप की सबसे तेज गेंद है।

10 नवंबर (गुरुवार) को भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच से पहले अगर मार्क वुड ठीक नहीं होते हैं तो यह बेशक इंग्लैंड के लिए एक बड़ा झटका होगा। ऐसे में वुड की जगह प्लेइंग 11 में फिर टायमल मिल्स को शामिल किया जा सकता है।

**मलान भी चोटिल हो गए हैं**

इंग्लैंड के लिए सेमीफाइनल मुकाबले से पहले चोटिल होने वाले मार्क वुड दूसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले डेविड मलान भी कमर में चोट का शिकार हो चुके हैं। उनका भी भारत के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध लग रहा है।

उनकी ग्रोइन इंजरी को लेकर 08 नवंबर को उनका फिटनेस टेस्ट भी हुआ है, लेकिन मलान के सेमीफाइनल में खेलने पर संशय बना हुआ है। सुपर-12 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ फील्डिंग के दौरान मलान चोटिल हो गए थे।

# रोहित चोटिल हुए...पर सेमीफाइनल खेलेंगे

## प्रैक्टिस में 150 की रफ्तार से गेंद लगी, 40 मिनट बाहर बैठे



एडिलेड, 8 नवंबर (एजेंसियां)। चोट लगने के बाद नेट्स के बाहर रोहित शर्मा। साथ में हैं मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टॉन।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और इंग्लैंड के सेमीफाइनल से ठीक 2 दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा को कलाई पर चोट लग गई। रोहित मंगलवार सुबह नेट्स पर बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी 150 किलोमीटर से ज्यादा की रफ्तार से उन्हें गेंद लगी। रोहित तुरंत कलाई पकड़कर नेट्स से बाहर चले गए। करीब 40 मिनट बाद लौट भी आए और बल्लेबाजी की। बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और रोहित मैच के लिए रेडी हैं।

टीम इंडिया और इंडियन फैंस के लिए ये अच्छी खबर इसलिए है, क्योंकि 10 नवंबर को भारत एडिलेड में इंग्लैंड से सेमीफाइनल मैच खेलेगा। कप्तान और ओपनर के तौर पर रोहित का रोल बेहद अहम होगा। एडिलेड ओवल में रोहित जब नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए गए तब थ्रोडाउन एक्सपर्ट एस रघु उन्हें आर्मर से गेंदे फेंक रहे थे। रघु रोहित को 150 किलोमीटर से ज्यादा की रफ्तार से गेंदें फेंक रहे थे ताकि सेमीफाइनल में मार्क वुड जैसे इंग्लिश गेंदबाजों के सामने उन्हें दिक्कत न हो।

मैच 22 गज की पिच पर होता है पर प्रैक्टिस के दौरान एस रघु 18 गज की दूरी से रोहित को बॉल डाल रहे थे। रघु ने एक शॉर्ट बॉल आर्मर के जरिए फेंकी, जिसकी रफ्तार 150 प्लस थी। रोहित ने पुल मारने की कोशिश की और गेंद मिस हो गई। बॉल सीधा रोहित की कलाई पर जाकर लगी। कलाई पर गेंद लगते ही रोहित तुरंत दर्द से कराहने लगे। नेट्स पर मौजूद मेडिकल टीम ने तुरंत चोट की जांच की। इसके बाद रोहित नेट्स छोड़कर बाहर चले गए। चोट लगने के बाद रोहित नेट्स के बाहर बैठे रहे। वे बर्फ से अपनी चोट की सिंकाई करते रहे। उन्होंने चोट पर बड़ा सा आइसिंग बैग लगा रखा था। इस दौरान मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टॉन उनसे लगातार बातचीत कर रहे थे। 40 मिनट के बाद रोहित नेट्स पर फिर बल्लेबाजी के लिए लौट आए। रोहित की चोट गंभीर नहीं है, यह इससे साबित हो जाता है। जब रोहित लौटे तो एस रघु को कहा गया कि वो भरपूर रफ्तार वाली गेंदें फेंकने से बचें। रोहित भी ज्यादातर डिफेंसिव शॉट्स खेलते नजर आए। रोहित और मेडिकल टीम यह जांच रही थी कि हाथ का मूवमेंट सही है या नहीं।

कुछ शॉट्स खेलने के बाद रोहित ने कहा कि स्टिक यानी आर्मर से गेंदबाजी करो। कुछ अच्छे शॉट्स लगाने पर केएल राहुल ने ताली बजाकर रोहित की हौसलाफजाई की। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, रोहित को मेडिकल टीम से ग्रीन सिग्नल मिल गया है और वे मैच के लिए तैयार हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित का प्रदर्शन ज्यादा खास नहीं रहा। 5 लीग मुकाबलों में 89 रन बनाए हैं। इसमें एक फिफ्टी है, लेकिन रणनीति की बात करें तो रोहित 5 में से 4 मुकाबले इंडिया को जिता चुके हैं। बल्लेबाज बॉलिंग स्टिक या आर्मर से प्रैक्टिस करते हैं ताकि वे 150 से ज्यादा रफ्तार की गेंदें खेलने की आदत डाल सकें। जब एक गेंदबाज बॉल फेंकता है तो रिलीज के समय बॉल आमतौर पर 8 मीटर से नीचे आती है। आर्मर से ये ऊंचाई और ज्यादा बढ़ जाती है। आर्मर से बॉल ज्यादा तेज स्पीड में स्विंग कराई जा सकती है। आर्मर के जरिए ज्यादा स्पीड से गेंदें इसलिए फेंकी जा सकती हैं, क्योंकि ये ट्रेडिशनल बॉलिंग एक्शन यानी पूरा हाथ घुमाकर नहीं फेंकी जाती। इसमें गेंदों को थ्रो किया जाता है और स्पीड बढ़ जाती है।

# टीम इंडिया की टीम स्पिरिट देखिए

## कोहली-रोहित और द्रविड़ बिजनेस से इकोनॉमी क्लास में चले गए, आराम के लिए सीट पेसर्स को दीं

खेल डेस्क, 8 नवंबर (एजेंसियां)। सोमवार को टीम इंडिया मेलबर्न से एडिलेड पहुंची। हमारे सीनियर्स को अपने गेंदबाजों की कितनी फिक्र रहती है, यह इस यात्रा के दौरान सामने आया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली और राहुल द्रविड़ अपनी बिजनेस क्लास की सीट गेंदबाजों को दे दी, ताकि वे पैर फैलाकर सुकून से बैठ सकें और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले तरोताजा रहें।




टीम इंडिया को 10 नवंबर को इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना है। यह मैच एडिलेड में खेला जाएगा। इसके लिए ही टीम मेलबर्न से एडिलेड पहुंची।

दोनों शहरों के बीच हवाई सफर में करीब 3 घंटे लगते हैं। इस दौरान तेज गेंदबाजों को आराम मिल सके और वो तरोताजा रहें, इसलिए रोहित शर्मा, विराट कोहली और कोच राहुल द्रविड़ ने मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या के लिए अपनी-अपनी बिजनेस-क्लास सीट छोड़ दीं और खुद इकोनॉमी क्लास में चले गए। मकसद बिल्कुल साफ था कि हमारे पेसर्स लंबे पैर करके आराम कर सकें, कुछ रिलेक्स रहें।

भारतीय टीम ने आखिरी ग्रुप मैच मेलबर्न में जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 नवंबर को खेला था। इस मैच में 71 रनों की बड़ी जीत मिलने के बाद टीम इंडिया ग्रुप में टॉपर रही।

**4 खिलाड़ियों को ही मिलती है बिजनेस क्लास की सीट**

आईसीसी के नियमों के मुताबिक, हर टीम को 4 बिजनेस क्लास की सीटें ही मिलती हैं। आमतौर पर यह सीट्स कोच, कैप्टन, वाइस कैप्टन या किसी सीनियर खिलाड़ी को ही मिलती हैं। जब टीम मैनेजमेंट को लगा कि तेज गेंदबाजों को आराम की ज्यादा जरूरत है, तो हमारी टीम के सीनियर्स खुद इकोनॉमी क्लास में चले गए और बिजनेस क्लास की सीट्स अपने पेसर्स को दे दीं।

एडिलेड पहुंचने के बाद टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ ने इसकी जानकारी इंडियन एक्सप्रेस को दी। इस स्टाफर ने बताया- हमने तय किया कि तेज गेंदबाजों को आराम की ज्यादा जरूरत है। वो सफर के दौरान आराम से बैठ सकें, इसलिए कप्तान, कोच और विराट ने अपनी बिजनेस क्लास की सीट छोड़ने का फैसला किया।

**नींद पूरी नहीं कर पा रहे खिलाड़ी**

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का शेड्यूल काफी बिजी रहा है। उसे अलग- अगले वेन्यू पर खेलना पड़ा। टीम को आराम के कम ही मौके मिले। पहले मैच में पाकिस्तान पर रोमांचक जीत का जश्न भी नहीं मना पाए और अगली सुबह फ्लाइट पकड़ ली।

आखिरी लीग मैच मेलबर्न में 6 नवंबर को खेलने के बाद अगले ही दिन टीम एडिलेड के लिए रवाना हो गई। कई खिलाड़ी पूरी नींद तक नहीं ले पा रहे हैं। फिजियो और ट्रेनर गेंदबाजों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि लगातार ट्रेवलिंग का असर हमारी पेस बैटरी पर तो बिल्कुल न पड़े और उन्हें रिकवरी का भी पूरा टाइम मिले।

# पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम घोषित

## 39 साल के एल्वेस को जगह देकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

खेल डेस्क, 8 नवंबर (एजेंसियां)। ब्राजील 2002 के बाद से वर्ल्ड कप नहीं जीत पाया है। दानी एल्वेस ने अपने करियर में 44 ट्रॉफी जीते हैं। वह वर्ल्ड कप को भी अपनी झोली में डालना चाहेंगे। स्पेन के क्लब बार्सिलोना के लिए लंबे समय तक खेलने वाले एल्वेस फिलहाल मैक्सिको के क्लब प्यूमास की ओर से खेलते हैं।

ब्राजील ने आगामी फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए 26 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। पांच बार की चैंपियन टीम ने दल में 39 वर्षीय डिफेंडर दानी एल्वेस को भी चुना है। ब्राजील के कोच टिटे ने सोमवार (सात नवंबर) को टीम की घोषणा की। एल्वेस वर्ल्ड कप टीम में चुने जाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व डिफेंडर डालमा सांतोस का रिकॉर्ड तोड़ा। सांतोस जब 1966 में वर्ल्ड कप के लिए चुने गए थे तब उनकी उम्र 37 साल थी। ब्राजील 2002 के बाद से वर्ल्ड कप नहीं जीत पाया है। दानी एल्वेस ने अपने करियर में 44 ट्रॉफी जीते हैं। वह वर्ल्ड कप को भी अपनी झोली में डालना चाहेंगे। स्पेन के क्लब बार्सिलोना के लिए लंबे समय तक खेलने वाले एल्वेस फिलहाल मैक्सिको के क्लब प्यूमास की ओर से खेलते हैं। इस सीजन में वह टीम के लिए 12 मैच खेल चुके हैं।




टीम में नहीं चुने जाने वाले रोबर्टो फिर्मिनो इस सीजन में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उन्होंने लिवरपूल के लिए 12 प्रीमियर लीग मैचों में सिर्फ छह गोल किए हैं। उन्हें पिछली बार ब्राजील के लिए खेलने के लिए सितंबर में चुना गया था। ब्राजील के पास इस बार पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार नेमार जूनियर के साथ टॉटेनहम हॉटस्पर के रिचार्लसन और रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर की तिकड़ी है। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में गिने जाने वाले नेमार इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, रिचार्लसन और विनिसियस अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। कोच टिटे अपनी टीम के साथ 14 नवंबर को इटली के तुरिन पहुंचेंगे। वहां पांच दिन तक युवेंटस क्लब के प्रैक्टिस ग्राउंड पर अभ्यास करेंगे। उसके बाद 19 नवंबर को टीम के साथ वर्ल्ड कप के लिए कतर पहुंचेंगे।

**ब्राजील की 26 सदस्यीय टीम:** गोलकीपरः एलिसन (लिवरपूल), एडर्सन (मैनचेस्टर सिटी), वेवर्टन (पाल्मेरास)। डिफेंडरः ब्रेमर (युवेंटस), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड) मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट जर्मेन), थियागो सिल्वा (चेल्सी), डैनिलो (युवेंटस), दानी एल्वेस (प्यूमास), एलेक्स सैंड्रो (युवेंटस), एलेक्स टेल्स (सेविला)। मिडफील्डरः ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), कासेमिरो (मैनचेस्टर यूनाइटेड), एवर्टन रिबेरो (फ्लेमेंगो), फैबिन्हो (लिवरपूल), फ्रेड (मैनचेस्टर यूनाइटेड), लुकास पिक्वेटा (वेस्ट हैम)। फॉरवर्डः एंटनी (मैनचेस्टर यूनाइटेड), गेब्रियल जेसुस (आर्सेनल), गेब्रियल मार्टिनेली (आर्सेनल), नेमार जूनियर (पेरिस सेंट जर्मेन), पेड्रो (फ्लेमेंगो), राफिन्हा (बार्सिलोना), रिचार्लसन (टॉटेनहम), रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड)।

# फीफा विश्व कप 2022: फीफा विश्व कप से पहले चोटिल हुए मेसी, टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा

पेरिस, 8 नवंबर (एजेंसियां)। मेसी से पहले अर्जेंटीना के डी मारिया और डिबेला भी चोटिल हो चुके हैं। इन खिलाड़ियों की चोट ने अर्जेंटीना की टीम को परेशानी में डाल दिया है।

फीफा विश्व कप 2022 की शुरुआत में चंद दिनों का समय बचा हुआ है और इससे पहले अर्जेंटीना की टीम चोट से जूझ रही है। दुनिया के सबसे महान फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक और टीम के स्टार फॉरवर्ड लियोनल मेसी भी विश्व कप से ठीक पहले चोटिल हो गए हैं। मेसी से पहले डी मारिया और डिबेला भी चोटिल हो चुके हैं। ऐसे में अर्जेंटीना की टीम फीफा विश्व कप में मुश्किल में फंस सकती है।



कतर में होने वाला विश्व कप मेसी का पांचवां फीफा विश्व कप होगा। यह उनका आखिरी विश्व कप भी हो सकता है। ऐसे में मेसी अपनी टीम को विश्व विजेता बनाना चाहेंगे।

लियोनल मेसी रविवार को पेरिस सेंट जर्मन और लॉरियंट के मैच में नहीं खेले। उनके पैर की मांसपेशियों में सूजन थी। इस वजह से वह मैच का हिस्सा नहीं थे। हालांकि, पीएसजी ने बयान जारी कर कहा है कि मेसी की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। वह विश्व कप से पहले अपनी टीम के लिए आखिरी लीग मैच में खेल सकते हैं। 13 नवंबर को मेसी ऑक्जेरे के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। हालांकि, मेसी को चोट से बचाने के लिए उनका इलाज जारी रहेगा और वह जल्द ही ट्रेनिंग भी शुरू करेंगे।

मेसी विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में हैं। इस सीजन उन्होंने अपनी टीम के लिए 12 गोल किए हैं और 14 गोल में योगदान दिया है। फीपी विश्व कप में अर्जेंटीना का पहला मैच 22 नवंबर को है। ऐसे में उनके चोटिल होने पर यह टीम परेशानी में आ सकती है।

# सेमीफाइनल पर अख्तर की बातचीत : पाक फैन बोला बाबर-रिजवान बहुत स्लो, हटाओ इन्हें... दूसरे ने शाहरुख का डायलॉग सुना दिया

खेल डेस्क, 8 नवंबर (एजेंसियां)। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप से एक समय लगभग बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। 2 दिन पहले टीम ने बांग्लादेश को हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। इस जीत के बाद 47 साल के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर पाकिस्तान की सड़कों पर निकले। यहां उन्होंने सेमीफाइनल से पहले पाकिस्तानी फैंस का मूड जानना चाहा।

अख्तर ने अपनी कार की पीछे वाली सीट पर बैठकर सेल्फी कैमरा चालू किया और वीडियो बनाने लगे। वीडियो बनाते हुए उन्होंने कार के बाहर खड़े लोगों से पूछा, 'जी, पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने पर क्या कहना चाहेंगे आप?'



बाहर खड़े एक फैन ने कहा, 'हमारी दुआ है कि फखर जमान और मोहम्मद हारिस से ओपनिंग कराई जाए। क्योंकि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान बहुत स्लो खेलते हैं।' हालांकि, फखर जमान इंजरी के चलते टीम से बाहर हैं। उन्हीं की जगह मोहम्मद हारिस को टीम में शामिल किया गया। हारिस ने इन 2 मैचों में 203 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाए। वहीं, टीम के ओपनर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान टूर्नामेंट के 5 मैचों में कुछ खास नहीं कर सके

**शाहरूख खान का फैन भी मिला**

अख्तर की कार के बाहर बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान का फैन भी नजर आया। उन्होंने वीडियो में शाहरुख की फिल्म 'बादशाह' का फेमस डायलॉग बोला, 'नहीं, जन्म से तो मैं गरीब भी नहीं था। मेरे पिताजी एक हैंडसम रईस थे। हमारी 3-4 रूई की फैक्टरी और 10-12 गाड़ी थी। लेकिन एक दिन फैक्टरी में आग लग गई और पिताजी इन सब में चल बसे।

मेरी मां को तो मैंने जन्म लेने से पहले ही खो दिया था। फिर उसके बाद मेरी वीरान और अकेली जिंदगी में मीना आ गई। लेकिन, मेरी ये भी खुशी भगवान को मंजूर नहीं थी। एक दिन मीना रास्ते से जा रही थी कि सामने से ट्रक आ गया।'

फैन को डायलॉग बोलने से बीच में ही रोकते हुए अख्तर बोले, 'बेटा शाहरुख खान है।

# क्या टूटने वाली है सानिया-शोएब की शादी?

नई दिल्ली, 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और पाकिस्तान के अनुभवी क्रिकेटर शोएब मलिक के रिश्ते में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, दोनों की शादी कभी भी टूट सकती है। इस बात को हवा सानिया मिर्जा की एक इंस्टाग्राम स्टोरी ने दी है। उन्होंने स्टोरी में लिखा- टूटे हुए दिल कहां जाते हैं, खुदा को खोजने के लिए। सानिया और मलिक के रिश्ते में दरार क्यों आई है, इस बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। दोनों ने इस मामले पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, शोएब इन दिनों सानिया को धोखा दे रहे हैं।



खबरें यह आ रही हैं कि शोएब मलिक किसी और लड़की के साथ डेट कर रहे हैं। जब इसका पता सानिया मिर्जा को लगा तो उन्हें काफी बुरा लगा। इसके बाद दोनों अलग-अलग घरों में रह रहे हैं। सानिया ने इससे पहले शुक्रवार को बेटे इजहान के साथ तस्वीर शेयर की थी। तब उन्होंने लिखा था- वो पल जिन्होंने मुश्किल दिनों में मेरी मदद की।" सानिया की इस पोस्ट के बाद ही इस बात कयास लगने शुरू हो गए थे कि उनका मलिक के साथ रिश्ता अब ठीक नहीं है।

सानिया मिर्जा 2010 में अपने खेल के शीर्ष पर थीं। उस समय शोएब मलिक भी पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार थे। 2010 में दोनों ने शादी की थी। उस समय सानिया की देशभक्ति पर सवाल उठे थे, लेकिन उन्होंने कभी भी किसी खेल में पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया।

सानिया ने पाकिस्तानी टीम के लिए भी कभी कोई पोस्ट नहीं किया। वह बड़े टूर्नामेंट में हमेशा भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करती हैं और टेनिस कोर्ट पर भी भारत के नाम के साथ उतरती हैं।

# वामदलों के साथ गठबंधन जारी रखेगी टीआरएस : जगदीश रेड्डी



हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऊर्जा मंत्री जगदीश रेड्डी ने दोहराया कि टीआरएस का कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ गठबंधन भविष्य में भी तेलंगाना में जारी रहेगा। मंत्री जगदीश रेड्डी ने नवनिर्वाचित टीआरएस विधायक कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी और एक अन्य विधायक गदरी किशोर के साथ मंगलवार को यहां भाकपा कार्यालय में वामदलों के नेताओं से मुलाकात की और मुनुगोडु उपचुनाव में टीआरएस उम्मीदवार की जीत के लिए अपना समर्थन देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। तेलंगाना राज्य इकाई के सचिव कुनमनेनी संबाशिव राव, चाडा वेंकट रेड्डी और पल्ला वेंकट रेड्डी सहित भाकपा नेताओं ने मंत्री और टीआरएस विधायकों का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, जगदीश रेड्डी ने कहा कि उन्होंने आने वाले दिनों में तेलंगाना में टीआरएस-वाम दलों के गठबंधन को जारी रखने के बारे में चर्चा की थी क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के लिए खतरा बन रही है और राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र भावना की हत्या कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ना समय की मांग है। हमने भाजपा से देश को आसन्न खतरे और भगवा पार्टी के खिलाफ अपनी कार्य योजनाओं के बारे में भी चर्चा की है।

भविष्य में हम साथ मिलकर काम करेंगे और हमारा गठबंधन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुनुगोडु के लोगों ने उपचुनाव में अपने उम्मीदवार राजगोपाल रेड्डी को हराकर भाजपा को एक सबक सिखाया है और लोगों ने तेलंगाना में भगवा पार्टी को अंतिम कार्ड दिया है। मुनुगोडु विधायक कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि वह आने वाले दिनों में अपने निर्वाचन क्षेत्र को सभी मोर्चों पर विकसित करेंगे और विकास गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वाम दल के नेताओं का समर्थन भी लेंगे।

# चालू शैक्षणिक वर्ष से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उत्तीर्ण अंक कम करेगी सरकार

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) और उनके माता-पिता के लिए एक बड़े वरदान में, राज्य सरकार कई छूट और रियायतें प्रदान कर रही है, विशेष रूप से शैक्षणिक वर्ष से कक्षा छठवीं से दसवीं और एसएससी सार्वजनिक परीक्षाओं में सभी विषयों में उत्तीर्ण अंकों को 35 से घटाकर 20 कर रही है। इसके अलावा, श्रवण बाधित बच्चों, जिन्हें तीन में से केवल एक भाषा का अध्ययन करने की आवश्यकता होती है, अन्य विशिष्ट चुनौतियों वाले छात्रों को तीन में से एक भाषा पढ़ने और लिखने से छूट दी गई है।

इस आशय के लिए, स्कूल शिक्षा विभाग ने जीओ एमएस 27 जारी किया है, जिसके अनुसार, बौद्धिक चुनौती विशेष रूप से ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार और मानसिक बीमारी वाले छात्रों के लिए योग्यता और उत्तीर्ण अंक 35 से घटाकर 10 कर दिए गए हैं। हालांकि, अन्य सीडब्ल्यूएसएन के लिए उत्तीर्ण अंक 35 के बजाय 20 है। परीक्षा के दौरान सीडब्ल्यूएसएन के लिए अलग-अलग उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान करने के अलावा, कुछ व्याकरण संबंधी गलतियां, विराम चिह्न त्रुटियां, ग्राफ, ज्यामिति और मानचित्रों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। उन्हें परीक्षा में आवश्यकता के अनुसार कैलकुलेटर, कंप्यूटर, अबेकस, टायलर फ्रेम, मैग्निफाइंग ग्लास, वीडियो मैग्निफायर, ब्रेल स्लेट, ज्योमेट्री किट, ब्रेल मापने वाला टेप आदि जैसे सहायक उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। दृष्टिबाधित बच्चों के मामले में, दृश्य इनपुट की आवश्यकता वाले वर्णनात्मक प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रकार के प्रश्न प्रदान किए जाएंगे। सीडब्ल्यूएसएन को परीक्षाओं में प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय भी मिलेगा। 1 घंटे की अवधि की परीक्षा के लिए, 20 मिनट का प्रतिपूरक समय आवंटित किया जाएगा। इसी तरह, तीन घंटे की परीक्षा के लिए, 60 मिनट का प्रतिपूरक समय बढ़ाया जाएगा।

इसके अलावा, आसान पहुंच की सुविधा के लिए, सरकार ने सभी सीडब्ल्यूएसएन को परीक्षा के दौरान गड़बड़ी की प्रक्रिया को दूर करने और व्यवहार्यता के अनुसार उसे या नजदीकी स्कूल में आवंटित करने का निर्णय लिया है। विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर, एसएससी सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क के भुगतान पर मुंशी, छूट/रियायतों के प्रावधान सहित मौजूदा प्रावधानों के अलावा, इन छूटों और रियायतों को इस शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से बढ़ाया जाएगा।

# अभी तक राज्यपाल कार्यालय से कोई पत्र नहीं मिला : सबिता



हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने कहा कि उन्हें तेलंगाना विश्वविद्यालयों में शिक्षण संकाय की नियुक्ति के लिए सामान्य भर्ती बोर्ड के मामले पर चर्चा करने के लिए राज्यपाल कार्यालय से कोई पत्र नहीं मिला है। मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए कि राज्यपाल ने उन्हें यह स्पष्ट करने के लिए बुलाया है कि क्या विश्वविद्यालयों के शिक्षण संकाय के लिए सामान्य भर्ती बोर्ड पर विधेयक मान्य है। मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने मंगलवार को यहां कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है और केवल जवाब देगी यदि राज्यपाल के कार्यालय से कुछ प्राप्त होता है। उन्होंने शिक्षा विभाग को बिना बताए मीडिया को लीक करने के लिए राज्यपाल कार्यालय पर भी निशाना साधा और लोगों को अनावश्यक अफवाहों से गुमराह करने से रोकने का सुझाव दिया। राज्यपाल कार्यालय ने सोमवार को कहा कि तेलंगाना विश्वविद्यालयों में शिक्षण संकाय की नियुक्ति के लिए सामान्य भर्ती बोर्ड के गठन पर स्पष्टीकरण मांगने के लिए राज्य सरकार को एक पत्र जारी किया गया था और इसमें शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी से मिलने के लिए भी कहा गया था।

## तेलंगाना में 12 नवंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य में सभी प्रकार के दीवानी मामलों और कंपाउंडेबल आपराधिक मामलों (दोनों पूर्व-मुकदमेबाजी और लंबित मुकदमेबाजी मामलों) के निपटारे के लिए 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में, राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने लोगों से अपने मामलों के निपटारे के लिए लोक अदालत तंत्र का लाभ उठाने का आग्रह किया है। अपने लंबित मामलों या पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों को निपटाने के इच्छुक हैं। वे अपने विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से हल करने के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष या सचिव, जिला न्यायालय परिसर में न्याय सेवा सदन, निकटतम मंडल कानूनी सेवा समिति या निकटतम अदालत से संपर्क कर सकते हैं। लोक अदालत बिना किसी शुल्क के सेवाएं प्रदान कर रही है और लंबित मामलों में भुगतान किया गया अदालत शुल्क वापस कर दिया जाएगा, यदि मामला लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जाता है और लोक अदालत में पारित आदेश के खिलाफ कोई अपील नहीं होती है।

# दो बाघ दिखने से ग्रामीणों में दहशत




हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिलाबाद जिले के पेनगंगा परियोजना नहर में मंगलवार की सुबह दो बाघ देखे जाने से आदिलाबाद वासियों में दहशत का माहौल है। सूत्रों के अनुसार परियोजना के इंजीनियरों ने वन अधिकारियों को क्षेत्र में बाघ के बरकत की जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने आसपास के ग्रामीणों को क्षेत्र में बाघों के गतिविधियों के बारे में सचेत किया और उन्हें अपने घरों से बाहर निकलते समय सतर्क रहने को कहा है। अधिकारियों को संदेह है कि बाघ महाराष्ट्र के पास के टीप्पेश्वर वन्यजीव अभयारण्य से आ सकते हैं। अब, पेंगंगा परियोजना नहर पर बाघों के चलने के दृश्य इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं।

# भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, छह अन्य घायल



वारंगल, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यहां के निकट वारंगल-खम्मम राजमार्ग पर मंगलवार तड़के (लगभग 4 बजे) एक कार के डीसी थांडा गांव के पास खड़ी लॉरी से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मरने वालों में वारंगल शहर के पेरिकावाड़ा निवासी इलुरी किर्शना रेड्डी (45), उनकी पत्नी वरलक्ष्मी (36) और उनका बेटा वेंकटसाई रेड्डी (9) था।

कृष्णा रेड्डी को शहर में बिल्डर बताया जाता है। वे आंध्र प्रदेश के ओंगोल से घर लौट रहे थे तभी इस दर्दनाक घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में कुल नौ यात्री सवार थे। पुलिस ने चार घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भी भेज दिया गया है।

हालांकि वे प्रकाशम जिले के मूल निवासी थे, लेकिन वे लगभग 15 साल पहले वारंगल में बस गए थे। कृष्णा रेड्डी के परिवार के सदस्य अपने छोटे भाई भास्कर रेड्डी के परिवार के साथ 'कार्तिका पूर्णिमा' के अवसर पर रविवार को अयप्पा स्वामी के लिए 'अन्नधनम' आयोजित करने के लिए ओंगोल गए थे। वर्धन्नापेट निरीक्षक सदन कुमार और उप निरीक्षक रामा राव ने घटनास्थल का दौरा कर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुनुगोडू उपचुनाव रद्द करने के लिए पॉल 10 नवंबर को चुनाव आयोग से मिलेंगे

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोडु विधानसभा उपचुनाव में हारने वाले प्रजा शांति पार्टी के अध्यक्ष केए पॉल ने आज कहा कि वह 10 नवंबर को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली जाएंगे। मुनुगोडु चुनाव परिणाम रविवार को घोषित किया गया। आज मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, केए पॉल ने आरोप लगाया कि सभी चुनाव अधिकारियों को पता था कि मतदान के दिन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) बदली गई थीं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम लगाने के बजाय चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मतपत्रों का इस्तेमाल उन कारणों के लिए किया जो उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानते थे। "हालांकि हमने मांग की कि मतदान के अगले दिन मतगणना की जाए, लेकिन चुनाव अधिकारियों ने मांग को नजरअंदाज कर दिया।" एमए एंड यूडी मंत्री के तारका रामाराव पर निशाना साधते हुए प्रजा शांति पार्टी के प्रमुख ने कहा कि वह पूर्व की तरह किसी से नहीं डरते। जब केटीआर ने अनिल रेड्डी को मुझ पर हमला करने के लिए उकसाया तो मैं भागा नहीं।




# तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा एक बड़ी सफलता : शब्बीर



हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ी यात्रा तेलंगाना राज्य में एक बड़ी सफलता थी और इसका प्रभाव हमेशा के लिए रहेगा। तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा के लिए टीपीसीसी की खाद्य समिति का नेतृत्व करने वाले शब्बीर अली ने कहा कि यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि समर्पित भारत यात्रियों सहित हजारों लोग एक दिन में दो बार एक निश्चित स्थान पर इकट्ठा होते हैं और लगभग 25 किलोमीटर चलते हैं। हर दिन बिना किसी बाधा या बाधा के। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ी यात्रा 23 अक्टूबर को तेलंगाना राज्य में प्रवेश कर गई और यात्रा 27 अक्टूबर को फिर से शुरू हुई। इसने तेलंगाना में 375 किलोमीटर में फैले 19 विधानसभा क्षेत्रों और 7 संसदीय क्षेत्रों को कवर किया। यात्रा ने 1 और 2 नवंबर को हैदराबाद को कवर किया। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं शानदार थीं और जनता की प्रतिक्रिया जबरदस्त थी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन हमारे जीवन में सबसे अच्छे रहे। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चूंकि कांग्रेस नेता ने एकता और शांति का संदेश दिया। भारत जोड़ी यात्रा ने एक अलग तरह का दैवीय समर्थन किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि विशेष रूप से राजनीतिक रैलियों में भीड़ प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन जाता है। हालांकि, राहुल गांधी के नेतृत्व में हजारों लोग बिना किसी गड़बड़ी के भारत को एकजुट करने के नारे लगाकर शांति से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह संदेश देने में सफल रहे कि राष्ट्र विभाजनकारी ताकतों से खतरे में है और सभी लोगों के बीच एकता सुनिश्चित करके उन्हें पराजित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत जोड़ी यात्रा ने तेलंगाना में टीआरएस और भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ को उजागर किया है और दोनों पार्टियां अपना शासन जारी रखने के लिए लोगों को विभाजित करने की कोशिश कर रही हैं।

टीपीसीसी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भारत जोड़ी यात्रा के लिए 16 समितियों का गठन किया था, जिनमें से प्रत्येक ने एक विशिष्ट जिम्मेदारी संभाली थी। सभी नेताओं ने, उनकी वरिष्ठता और अनुभव के बावजूद, एक टीम के रूप में एक साथ काम किया। इस यात्रा ने लोगों को एक मजबूत संदेश भी भेजा है कि तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी विभाजित घर नहीं है, बल्कि एक मजबूत टीम है। मुनुगोड़े उपचुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए शब्बीर अली ने कहा कि उपचुनाव भाजपा और टीआरएस ने विधानसभा चुनाव से पहले लोगों में यह गलत धारणा बनाने के इरादे से लगाया था कि वे मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं और तेलंगाना में कांग्रेस का अंत हो गया है। हालाँकि, वे अपने प्रयासों में विफल रहे क्योंकि लोगों को एहसास हुआ कि दोनों पक्षों ने उन्हें भारी नकदी, शराब और अन्य रियायतों का लालच दिया और किसी ने भी समस्याओं के बारे में बात नहीं की।

# एनएच-65 पर ट्रक में लगी आग



हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यादाद्री-भोंनगिर जिले के चौतुप्पल मंडल के दंडुमलकापुर में मंगलवार तड़के एक ऑनलाइन स्टोर का पार्सल ले जा रहे एक डीसीएम ट्रक में राष्ट्रीय राजमार्ग-65 पर आग लग गई। पुलिस के मुताबिक हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रहे एक डीसीएम ट्रक में दांडुमलकापुर पहुंचते ही उसमें आग लग गई। वाहन में आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक ने वाहन को छोड़ दिया है। आपात सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, घटना में काफी माल जल कर राख हो गया। आशंका जताई जा रही है कि ट्रक की बैटरी में लगी चिंगारी से आग लगी होगी। हालांकि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## अन्नाराम पंप हाउस में चौथी मोटर बहाल

हैदराबाद, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पेद्दापल्ली जिले के कसीपेटा इलाके में स्थित कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के अन्नाराम पंप हाउस की चौथी मोटर को सोमवार देर रात सिंचाई इंजीनियरों ने संचालित करने में कामयाबी हासिल की। सिंचाई इंजीनियरों ने अक्टूबर माह में अन्नाराम पंप हाउस के तीन पंपों का संचालन शुरू किया और इस पंप के संचालन से अन्नाराम से सुंडीला बैराज की ओर जल प्रवाह में काफी सुधार होगा। अन्नाराम पंप हाउस में एक दिन में 2 टीएमसी फीट पानी उठाने की क्षमता है। शेष चार पंपों को माह के अंत तक चालू करने के लिए सिंचाई अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। अन्नाराम पंप हाउस, जिसमें आठ पंप हैं, जुलाई की बाढ़ के दौरान केवल मामूली बाढ़ से बचने के लिए भाग्यशाली था।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2023 का आयोजन 3 व 4 मार्च को : जगन




अमरावती, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को अगले साल मार्च में विशाखापत्तनम में होने वाले 'ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023' के लोगो का अनावरण किया। राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से, यह 2019 में सत्ता में आने के बाद वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा पहला मेगा वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन भी होगा। बाद में उद्योग, निवेश एवं वाणिज्य मंत्री गुडीवाड़ा अमरनाथ ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने विभाग को तीन व चार मार्च को बैठक करने का निर्देश दिया है। हम सभी शीर्ष वैश्विक निवेशकों और प्रमुख उद्योगपतियों को शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित करेंगे जो हम पिछले तीन वर्षों से कोविड के कारण आयोजित नहीं कर सके। अन्य राज्यों ने अभी कार्यक्रम शुरू किया है। हमने एमएसएमई पर भी फोकस किया है। हम राज्य में उद्योगों के विकास के लिए बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का निर्माण कर रहे हैं। मछलीपट्टनम और भवनपाडु में नए बंदरगाह बनाए जाएंगे और विशाखापत्तनम और काकीनाडा में बंदरगाहों का विकास किया जा रहा है। हम जनवरी 2024 में रामायमपेटा बंदरगाह पर पहला जहाज लाने की भी कोशिश कर रहे हैं।

## गोदावरी में मिला व्यक्ति का शव

कोत्तागुडेम, 8 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के भद्राचलम में मंगलवार को गोदावरी नदी में कूदने वाले एक व्यक्ति का शव मिला। कहा जाता है कि मनुगुर मंडल के गुट्टामल्लारम के मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति, मृतक एम. शिवप्रसाद ने 3 नवंबर को अपना घर छोड़ दिया था और अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए नदी में कूद गया था। उस व्यक्ति के भाई की शिकायत के आधार पर, रामकृष्ण पुलिस ने मामला दर्ज किया और शव की तलाश शुरू की।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.